# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 27 अप्रैल 2025 | वर्ष – 69 | अंक – 161 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ सुर से प्यार करने वाला... ■ नीले ड्रम की व्यथा... 04
■ सिंधु का पानी बहेगा या फिर उनका... ■ लंदन में पाकिस्तानी डिप्लोमैट की शर्मनाक... 09
■ सोना पिछली अक्षय तृतीया से 30 प्रतिशत... ■ डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन वित्त वर्ष 2025... 11
■ धोनी ने माना कि... ■ युवा खिलाड़ियों की... 10

## आईपीएल में आज

TATA IPL

मुंबई विरुद्ध लखनऊ (मुंबई) 3.30 दोपहर से

दिल्ली विरुद्ध बेंगलूरु (दिल्ली) 7.30 शाम से

## सार संक्षेप

### केंद्र सरकार ने मीडिया चैनलों को दिए निर्देश-सेना की गतिविधियों का सीधा प्रसारण न करे मीडिया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के मीडिया चैनलों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण करने से बचने की सलाह दी है और कहा कि इस तरह की रिपोर्टिंग से जाने-अनजाने में दुश्मनों को मदद मिल सकती है. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करने की सलाह जारी की है. मंत्रालय की तरफ से जारी सलाह में कहा गया है, राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा-संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी का प्रयोग करें और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करें.

### हर निष्पक्ष जांच में शामिल होने को तैयार : शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम अटैक की हर निष्पक्ष जांच में शामिल होने को तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हर बार आरोप लगते हैं और यह बर्दाश्त नहीं है।

### बिरादरी का बात

चूहा-सुनती हो- सुरक्षाबलों ने आज 6 आतंकियो के घर ढहा दिए।

चुहिया- हां प्रिये- जरूरत है कि पड़ोसी मुल्क में इनके पूरे गांव को ढहाने की।

# जम्मू-कश्मीर में छह आतंकियों के घर गिराए

## कश्मीर में बुलडोजर नहीं, घरों को ढहाने के लिए हो रहा आईईडी का इस्तेमाल

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** पहलगाम हमले के बाद गुस्साए, हुए सुरक्षाबलों ने शनिवार को दक्षिण कश्मीर के तीन जिलों में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों के चार और मकान ध्वस्त कर दिए गए, जिन पर पहलगाम हमले में शामिल होने का संदेह है। इस तरह से कुल मिला कर 24 घंटों में 6 आतंकियों के 6 घरों को नेस्तनाबूद कर दिया गया।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुरान पुलवामा के आतंकी एहसान उल हक शेख के मकान को अधिकारियों ने कल देर रात ध्वस्त कर दिया। इसी तरह कुलगाम में आतंकी जाकिर अहमद गनिया (2023 से सक्रिय) के मकान को मतलहामा में विस्फोट कर ध्वस्त कर दिया गया। शोपियां में आतंकी शाहिद अहमद कुटे का मकान भी चोटीपोरा में ध्वस्त कर दिया गया। वह 2002 से सक्रिय है। कल पहलगाम हमले में शामिल होने की बात सामने आने के बाद दो आतंकियों आसिफ अहमद शेख त्राल और आदिल थोकर बिजबेरा के मकान ध्वस्त कर दिए गए थे।



◆ संदिग्ध स्थानीय आतंकियों के खिलाफ बड़ा अभियान जारी
◆ सर्च ऑपरेशन के दौरान कुछ संदिग्ध वस्तुएं दिखाई दीं थी

दरअसल पहलगाम हमले में शामिल संदिग्ध स्थानीय आतंकियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। पुलवामा में सेना ने एक और आतंकी का घर ध्वस्त कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक पुलवामा में जैश ए मोहम्मद के आतंकी एहसान उल हक के घर को मिट्टी में मिला दिया गया।

### आर-पार के मूड में हैं नागरिक और जवान

**चपराल (जम्मू फ्रंटियर)।** आर या पार। यह नारा और जोश है उन जवानों में जो देश की रक्षा करने की खातिर सीमा पर डटे हुए हैं। यही नारा सीमांत गांवों के लोग भी लगा रहे हैं। पाकिस्तान क्या समझता है अपने आपको। इस बार तो हम दुनिया के नक्शे से ही उसका नामोनिशान मिटा देंगे, यह भी लक्ष्य है उन सैनिकों का जो सीमा पार बढ़े पाक सेना के जमावड़े के पश्चात सीमा पर तैनात किए गए हैं। जम्मू फ्रंटियर की अंतरराष्ट्रीय सीमा की इस चौकी पर एक दूसरे को ललकारने का कार्य भी जारी है। पाकिस्तानी सीमा चौकी की दूरी मात्र 150 गज। जिस स्थान पर यह संवाददाता खड़ा था उससे जीरो लाइन, अर्थात दोनों देशों को बांटने वाली रेखा की दूरी भी मात्र 75 गज। चिल्लाया न जाए तो भी उस आवाज को दुश्मन के सैनिक सुन लेते हैं। अब बहुत हो गया। इस बार तो हमें आर-पार की लड़ाई लड़नी होगी। अगर हम ऐसे ही हिम्मत हारते गए तो जवानों का जोश ठंडा पड़ जाएगा। यही कारण है कि ऊपर के आदेशों के बाद भी हम संयम को कभी कभी तोड़ देते हैं, 'चौकी पर तैनात अधिकारी ने कहा था। वह अपनी पहचान गुप्त रखना चाहता था।

### पहले दो आतंकियों का घर किया था ध्वस्त

इससे पहले दो और आतंकियों के घर को सुरक्षाबलों ने तबाह किया था। जिसमें अनंतनाग जिले के बिजबेहरा के त्राल के गोरी इलाके में एक आतंकी के घर को बम से उड़ाया, जबकि दूसरे संदिग्ध के घर को बुलडोर से गिराया गया। बताया जाता है कि एहसान ने 2018 में पाकिस्तान से प्रशिक्षण लिया था और हाल ही में वह फिर से कश्मीर घाटी में दाखिल हुआ था। यह पहलगाम हमले का संदिग्ध है। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा के मुर्रान में अहसान उल हक शेख का घर और पुलवामा के काचीपोरा इलाके में लश्कर के आतंकवादी हारिस अहमद का घर विस्फोट में नष्ट कर दिया गया।

दक्षिण कश्मीर के गुरी के एक गांव में सुरक्षा बलों ने चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान एक संदिग्ध आतंकी के घर को बम से उड़ा दिया। सूत्रों ने बताया कि घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों को घर में कुछ संदिग्ध वस्तुएं दिखाई दीं। खतरे को भांपते हुए सुरक्षा बल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पीछे हट गए। हालांकि, पीछे हटने के कुछ ही देर बाद एक शक्तिशाली विस्फोट से घर को भारी नुकसान पहुंचा। बताया जा रहा है कि यह घर पहलगाम हमले में शामिल आतंकी आदिल का था।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025' का शुभारंभ

## ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में होगा भव्य आयोजन, जुटेंगे देश-दुनिया के टेक-दिग्गज

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश को टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार का केन्द्र बनाने के उद्देश्य से आयोजित 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 अप्रैल को इंदौर के 'ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर' में करेंगे। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई है कि कॉन्क्लेव देश-दुनिया के टेक दिग्गजों के लिए निवेश का स्वर्णिम अवसर सिद्ध होगा। राज्य के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का ये कॉन्क्लेव आयोजन जीआईएस-भोपाल में आए निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने का महत्वपूर्ण प्रयास है।



'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव' प्रदेश का पहला पूर्णत: सेक्टर आधारित टेक-कॉन्क्लेव होगा, जो हाल ही में आयोजित जीआईएस-भोपाल में आये निवेश प्रस्तावों को धरातल पर साकार करने का मंच बनेगा। कार्यक्रम में गूगल, माईक्रोसाफ्ट, एनवीडिया जैसी बिग-टेक कंपनियां सहित 300 से अधिक तकनीकी विशेषज्ञ, उद्योगपति, नीति निर्माता और निवेशक शामिल होंगे।

**मुख्यमंत्री कॉन्क्लेव में जारी करेंगे 4 नई टेक-पॉलिसीज के लिए गाइडलाइन्स**

◆ कॉन्क्लेव में सेक्टर-स्पेसिफिक राउंड टेबल मीटिंग्स, सूचना प्रौद्योगिकी सलाहकार बोर्ड से वीसी संवाद और मुख्यमंत्री की टेक-लीडर्स के साथ वन-टू-वन बैठकें भी कॉन्क्लेव का हिस्सा होंगी।

मुख्यमंत्री इस अवसर पर प्रदेश की चार नई तकनीकी नीतियों-जीसीसी नीति, ड्रोन नीति, सेमीकंडक्टर नीति एवं एव्हीजीसी-एक्सआर नीति की गाइडलाइन्स जारी करेंगे। यह नीतियां नवाचार, अनुसंधान और निर्माण को प्रोत्साहित कर प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर तक तकनीकी उद्यमिता और क्षमताओं को नई ऊँचाइयाँ देंगी।

कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री नए आईटी पार्क, स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स और स्टार्ट-अप इन्क्यूबेटरों का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री कॉन्क्लेव में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' और इन्क्यूबेशन हब का शुभारंभ करेंगे, प्रमुख निवेशकों के साथ एमओयू और आवंटन-पत्रों पर हस्ताक्षर करेंगे और इंवेस्टमेंट फैसिलिटेशन पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। इस पोर्टल से निवेशकों को प्रोजेक्ट्स की रियल-टाइम ट्रैकिंग और एकल खिड़की की सुविधा मिलेगी।

कॉन्क्लेव में सेक्टर-स्पेसिफिक राउंड टेबल मीटिंग्स, सूचना प्रौद्योगिकी सलाहकार बोर्ड से वीसी संवाद और मुख्यमंत्री की टेक-लीडर्स के साथ वन-टू-वन बैठकें भी कॉन्क्लेव का हिस्सा होंगी। 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' मध्यप्रदेश को भविष्य के डिजिटल भारत में अग्रणी बनाने और जीआईएस-भोपाल की निवेश प्रतिबद्धताओं को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक पहल सिद्ध होगी।

## भारत समिट 2025 में बोले राहुल

# मौजूदा माहौल में विपक्ष को कुचलना लक्ष्य

**हैदराबाद, (एजेंसियां)।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को भारत समिट 2025 में भाग लेने के लिए तेलंगाना पहुंचे। इस दौरान सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि दुनिया भर में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई है। दशकों पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते। वैश्विक न्याय, समानता और प्रगतिशील सहयोग पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देने पर केंद्रित दो दिवसीय सम्मेलन भारत शिखर सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था।

◆ कांग्रेस नेता ने कहा दुनिया में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई
◆ दशकों पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते
◆ मीडिया को भी कमजोर करने का काम किया जा रहा



**नेता लोगों की आवाज समझने में विफल रहे-**भारत समिट 2025' में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि आज के आक्रामक राजनीतिक माहौल में विपक्ष को कुचलना और मीडिया को कमजोर करना ही लक्ष्य बन गया है। 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान अपने अनुभवों को याद करते हुए गांधी ने कहा कि उन्हें एहसास हुआ कि नेता लोगों की आवाज समझने में विफल रहे हैं। कभी-कभी, जब मैं अपनी पार्टी के युवा सदस्यों से बात करता हूं, तो पाता हूं कि जो चीजें 10 साल पहले प्रभावी थी, जो साधन 10 साल पहले कारगर थे, वे अब कारगर नहीं हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, इसलिए एक तरह से पुराने नेता खत्म हो चुके हैं और एक नए तरह के नेता को गढ़ा जाना चाहिए।'

### कांग्रेस के लिए सभी रास्ते बंद किए गए

राहुल ने कहा- हमने पाया कि हमारे सभी रास्ते बंद हो गए हैं। मीडिया और माहौल हमें उस तरह से काम करने की परमिशन नहीं देता जैसा हम चाहते थे। इसलिए हम अपने इतिहास में वापस पहुंचे और हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चलने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि हम में से हर किसी की कुछ मामलों पर अलग-अलग राय होगी, लेकिन हम इस बात पर सहमत हो सकते हैं कि मुद्दों पर क्या विचार कर सकते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने 51 हजार से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'रोजगार मेला' के तहत 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए युवा शक्ति की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को ये दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है।



**बोले, आपके हाथों में देश का भविष्य**

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी के पत्र दिए गए हैं। आज भारत सरकार के अलग-अलग विभागों में युवाओं के नए दायित्वों की शुरुआत हुई है। आपका दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण का है, आपका दायित्व श्रमिकों के जीवन में मूलभूत बदलाव लाने का है।

**युवा राष्ट्र के निर्माण में भागीदार होते-**उन्होंने कहा कि जब युवा राष्ट्र के निर्माण में भागीदार होते हैं, तो राष्ट्र तेज विकास भी करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को यह दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। हमारी सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार-स्वरोजगार के अवसर बढ़ें। आज का यह समय भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसरों का समय है। आईएमएफ ने हाल ही में कहा है कि भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। पीएम मोदी ने कहा कि इस बजट में सरकार ने

# एक्सप्रेसवे पर सफाई कर रहे 10 लोगों को गाड़ी ने कुचला, 6 लोगों की मौत

**चंडीगढ़, (एजेंसियां)।** हरियाणा के नूंह जिले में स्थित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के अंतर्गत इब्राहिमबास गांव के पास यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब सफाई कार्य में लगे करीब 11 कर्मचारी एक्सप्रेसवे की साफ-सफाई कर रहे थे। सुबह करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने अचानक आकर सफाई कर्मचारियों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही 6 कर्मचारियों की मौत हो गई और 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

**5 गंभीर रूप से घायल**

हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। उन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में भी मदद की। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां दो की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कई कर्मचारी दूर तक उछलकर जा गिरे और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सड़क पर खून के निशान और क्षत-विक्षत शवों को देख लोग स्तब्ध रह गए।







# कैलाश मानसरोवर यात्रा-2025 जून से अगस्त तक की जाएगी आयोजित

**नई दिल्ली,(आईएएनएस)।** विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 की औपचारिक घोषणा कर दी। यात्रा जून से अगस्त 2025 के दौरान आयोजित की जाएगी। कैलाश मानसरोवर यात्रा अपने धार्मिक मूल्य और सांस्कृतिक महत्व के लिए जानी जाती है। भगवान शिव के निवास के रूप में हिंदुओं के लिए महत्वपूर्ण होने के नाते, यह जैन और बौद्धों के लिए भी धार्मिक महत्व रखती है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक kmy.gov.in वेबसाइट पर आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। वर्ष 2015 से, ऑनलाइन आवेदन से लेकर यात्रियों के चयन तक की प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है। इस वर्ष, 5 बैच (प्रत्येक में 50 यात्री) उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए और 10 बैच (प्रत्येक में 50 यात्री) सिक्किम राज्य से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से एक निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से यात्रियों का चयन किया जाएगा और उनको विभिन्न मार्ग एवं बैच आबंटित किए जाएंगे। कंप्यूटरीकृत प्रक्रिया के जरिए यात्रियों को एक बार मिले मार्ग और बैच में आम तौर पर बदलाव नहीं होगा।

हालांकि अगर जरूरी हो तो चयनित यात्री बैच में परिवर्तन के लिए अनुरोध कर सकते हैं। यह परिवर्तन खाली स्थान उपलब्ध होने पर ही किया जा सकेगा। इस मामले में मंत्रालय का निर्णय ही अंतिम होगा। हमले के बावजूद गोयल ने विश्वास व्यक्त किया कि कश्मीर में पर्यटन जल्द ही फिर से शुरू हो जाएगा।



# देश-विदेश

## एआर रहमान पर लगा शिव स्तुति धुन चोरी का आरोप, 2 करोड़ का जुर्माना, कोर्ट ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली,( आईएएनएस )।** मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान एक बार फिर गलत वजह से सुर्खियों में आ गए हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने धुन कॉपी के आरोप में उनके और फिल्म प्रोडक्शन कंपनी मद्रास टॉकीज पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना ठोका है। मामला ऐश्वर्या राय बच्चन की फिल्म पोन्नियन सेलवन 2 के गाने वीरा राजा वीरा से जुड़ा है। कोर्ट ने रहमान को इस मामले में नोटिस भेज दिया है। पद्मश्री से सम्मानित उस्ताद फैयाजुद्दीन वसीफुद्दीन डागर ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि वीरा राजा वीरा गाने की धुन उनके पिता नासिर फैयाजुद्दीन डागर और चाचा नासिर जाहिरुद्दीन डागर की कंपोज शिव स्तुति से कॉपी की गई है।

### इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025

## नए उत्तर प्रदेश की नई तस्वीर करेगा पेश



**लखनऊ,( आईएएनएस )।** योगी सरकार एक बार फिर देश-दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश की ताकत, संभावनाओं और उपलब्धियों को पेश करने जा रही है। इसके लिए योगी सरकार ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर के बीच तीसरे ग्रैंड मेगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) - 2025 का आयोजन करने जा रही है। इस मेगा इवेंट की कमान प्रदेश के 35 विभागों के नोडल अधिकारी संभालेंगे, जबकि 50,000 स्क्वायर मीटर क्षेत्र में 12 प्रमुख श्रेणियों के तहत 48 स्टेकहोल्डर्स अपनी-अपनी प्रदर्शनी लगाएंगे। इसका उद्देश्य प्रदेश को व्यापार, निवेश, उद्यमिता और सांस्कृतिक विरासत के ग्लोबल हब के रूप में स्थापित करना है। ट्रेड शो के जरिए प्रदेश की बहुआयामी क्षमताओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ऐसे में ट्रेड शो को भव्य आयोजित कराने के लिए शो में भाग लेने वाले विभागों और उनके नोडल अधिकारियों की सूची तैयार कर ली गई है। इनमें कुल 35 विभागों के मिशन डायरेक्टर, विशेष सचिव, निदेशक और आयुक्त स्तर के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं, जो यूपीआईटीएस - 2025 के सफल आयोजन की जिम्मेदारी संभालेंगे। शो में यूपी इन्वेस्ट, इंडस्ट्रियल अथॉरिटीज (यूपीसीडा, गीडा, यीडा), एमएसएमई, कृषि, ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, पशुपालन, खादी आदि विभागों की सक्रिय भागीदारी होगी। ट्रेड शो प्रदेश में निवेश को आकर्षित करेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मेगा इवेंट में हेल्थ, फूड प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा निर्माण, कृषि-प्रौद्योगिकी और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में एमओयू भी संभावित हैं। यह इंटरनेशनल ट्रेड शो 'नए उत्तर प्रदेश की नई तस्वीर' का जीवंत उदाहरण होगा, जो देश और दुनिया को प्रदेश की बदलती पहचान और संभावनाओं से रूबरू कराएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगने वाला ट्रेड शो प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित करेगा।

### ट्रेड शो में प्रदर्शनी को 12 श्रेणियों में बांटा

ट्रेड शो में प्रदर्शनी को 12 श्रेणियों में बांटा गया है। इनमें इंडस्ट्री, एमएसएमई, कृषि एवं संबद्ध उद्योग, ऊर्जा, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, पर्यटन, परिवहन, ईवी तथा वित्त शामिल हैं। इन श्रेणियों में कुल 48 स्टेकहोल्डर्स अपनी-अपनी प्रदर्शनी प्रस्तुत करेंगे। यह प्रदर्शनी 50 हजार स्क्वायर मीटर में लगाई जाएगी। अकेले एमएसएमई सेक्टर ही 15,700 वर्ग मीटर क्षेत्र में प्रदर्शनी लगाएगा, जो इस सेक्टर की ताकत और विविधता को दर्शाता है। ट्रेड शो में प्रदेश के जीआई टैग और ओडीओपी की अहम भूमिका रहेगी। इसमें आगरा का पेठा, मलिहाबाद का आम, मुरादाबाद का ब्रास, बनारस की साड़ी, भदोही का कालीन, लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा।

## नशे में नाबालिग की छाती छूने की कोशिश बलात्कार का प्रयास नहीं-कलकत्ता हाईकोर्ट

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि एक व्यक्ति द्वारा शराब के नशे में एक नाबालिग लड़की की छाती छूने की कोशिश यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत बलात्कार के प्रयास की श्रेणी में नहीं आती, क्योंकि इसमें कोई प्रवेश की कोशिश नहीं की गई थी। हालांकि यह कृत्य %गंभीर यौन उत्पीड़न% के प्रयास की श्रेणी में आ सकता है।

जस्टिस अरिजीत बनर्जी और जस्टिस बिस्वरूप चौधरी की खंडपीठ ने कहा-पीड़िता और मेडिकल रिपोर्ट के साक्ष्य से यह स्पष्ट नहीं होता कि आरोपी ने कोई बलात्कार किया या बलात्कार का प्रयास किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी शराब के प्रभाव में था और उसने उसकी छाती छूने की कोशिश की। यह बयान क्क्ष्टस्ह्र ष्ह्र की धारा 10 के अंतर्गत गंभीर यौन उत्पीड़न के आरोप को समर्थन दे सकता है लेकिन यह बलात्कार के प्रयास का संकेत नहीं देता। आरोपी ने अपनी सजा के खिलाफ अपील में जमानत की मांग की थी। उस पर क्क्ष्टस्ह्र ष्ह्र की धारा 10 और भारतीय दंड संहिता (ड्डक्क्ष्ट) की धारा 448/376(2)(ष)/511 के तहत आरोप तय हुए और उसे 12 वर्ष के कठोर कारावास तथा 50,000 के जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसे झूठे आरोप में फंसाया गया और रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य बलात्कार के प्रयास के आरोप का समर्थन नहीं करते। साथ ही यह भी कहा गया कि धारा 376 के तहत बिना किसी प्रवेश के अपराध सिद्ध नहीं होता। याचिकाकर्ता लगभग 2 साल 4 महीने से जेल में है।

### ईरान के बंदर अब्बास में पोर्ट पर हुआ भीषण धमाका

## चार लोगों की मौत, 500 से ज्यादा घायल



**तेहरान।** ईरान के बंदर अब्बास शहर में शनिवार को भीषण विस्फोट के बाद आग लग गई। ये जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी ने दी है। जानकारी के मुताबिक, अभी तक इस धमाके में चार लोगों की मौत और 500 से ज्या लोगों के घायल होने की सूचना है। जिसके बाद सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह विस्फोट बंदर अब्बास शहर के रजई बंदरगाह पर हुआ है।

**कई किमी दूर तक देखा गया धुएं का गुबार**-वहीं इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहे हैं, जिसमें धमाके के बाद काले धुएं का विशाल गुबार देखा जा सकता है। जबकि इस मामले में अधिकारियों ने विस्फोट का तत्काल कोई कारण नहीं बताया। बता दें कि, रजई बंदरगाह ईरान के बंदरगाहों में से एक है।

**सिना कंटेनर यार्ड में हुआ विस्फोट**-मामले में ईरान के सीमा शुल्क प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि शनिवार का विस्फोट सिना कंटेनर यार्ड में हुआ, जो बंदरगाह और समुद्री संगठन से जुड़ा हुआ है। वहीं ईरानी सरकारी टेलीविजन ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट में घटनास्थल पर ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण में लापरवाही की बात सामने आ रही है।

**खिड़कियों के शीशे टूटे, घरों को नुकसान**-रजई बंदरगाह पर हुए इस भीषण धमाके के कारण कई किलोमीटर दूर तक घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए और घरों-ऑफिसों को काफी नुकसान पहुंचा है। जानकारी के मुताबिक ये धमाका दोपहर के 12 बजे हुआ है।

## 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर ने झाड़ा पल्ला, दोस्त डेविड हेडली पर फोड़ा ठीकरा

**नई दिल्ली,( एजेंसियां )।** 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड के रूप में जाना जाने वाले तहव्वुर हुसैन राणा ने मुंबई क्राइम ब्रांच की पूछताछ में चौंकाने वाला दावा किया। राणा ने 26/11 आतंकी हमले से अपना पल्ला पूरी तरह से झाड़ लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि खुद को इस हमले से पूरी तरह बेगुनाह बताते हुए राणा ने कहा कि उसे 26/11 हमले से कोई लेना-देना नहीं है। इस हमले के लिए उसने अपने बचपन के दोस्त डेविड कोलमैन हेडली को जिम्मेदार ठहराया है। राणा ने पूछताछ के दौरान यह भी कहा कि मुंबई हमले की साजिश में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। इसमें डेविड हेडली का हाथ था।

पूछताछ में राणा ने यह भी बताया कि वह दिल्ली और मुंबई के अलावा केरल भी गया था। जब अधिकारियों ने उससे केरल जाने की वजह पूछी, तो उसने बताया कि वह वहां अपने जानने वालों से मिलने

### -खुद को इस मामले में बेगुनाह बताया

गया था। राणा ने केरल में अपने परिचित व्यक्ति का नाम और पता भी एजेंसी को सौंपा है। इस जानकारी के बाद क्राइम ब्रांच अब राणा के दावों की पुष्टि करने की तैयारी में जुट गई है। संभावना जताई जा रही है कि जांच एजेंसी की एक टीम जल्द ही केरल रवाना हो सकती है, ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके। 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। राणा को लॉस एंजेल्स से एनआईए और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की टीमों के साथ एक विशेष विमान से भारत लाया गया। अमेरिका में राणा ने अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए कई कानूनी कोशिश की, जिसमें अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में आपातकालीन याचिका भी शामिल थी। सभी याचिकाएं खारिज होने के बाद प्रत्यर्पण संभव हो सका। भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ मिलकर इस प्रक्रिया को पूरा किया।

## नोएडा के सेक्टर-63 स्थित विंडसर कंपनी में स्टीम बॉयलर फटने से 20 कर्मचारी घायल

**नोएडा, ( आईएएनएस )।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में थाना सेक्टर-63 क्षेत्र अंतर्गत विंडसर कंपनी में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। कंपनी परिसर में कपड़े प्रेस करने वाले दो स्टीम बॉयलरों के फटने से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के दौरान कंपनी की इमारत में लगे शीशे टूट गए, जिससे कई कर्मचारी घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हादसे में कुल 20 कर्मचारी घायल हुए हैं। इनमें से आठ को सेक्टर-71 के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में सात पुरुष और एक महिला शामिल है। उनकी पहचान सचिन (18), कुलदीप (21), रविकांत (25), आकाश (20), मोहित (19), आलम (29), प्रकाश (52) और सीमा (42) के रूप में हुई है।

अन्य 12 कर्मचारियों को सेक्टर-63 स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी पहचान पंकज (26), मनोज पासवान (35), सुनीता (40), आशा रानी (27), भूमि (19), कल्प सिंह (19), प्रमोद (38), रजनीश (18), लोकेश (19), सतेंद्र (35), पुष्पेंद्र (27) और अतुल (30) के रूप में हुई है। सभी घायलों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है और किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। हादसे के बाद तुरंत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस घटना में किसी भी व्यक्ति को जलने या झुलसने की चोट नहीं आई है, और न ही कोई आगजनी की घटना हुई है। स्टीम बॉयलर फटने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है, लेकिन विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चलेगा।

नोएडा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया, घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि बॉयलर फटने के बावजूद वहां आग नहीं लगी थी, फिर भी एहतियातन पूरे परिसर की जांच की गई। इमारत की संरचनात्मक स्थिति सामान्य पाई गई है। हम कंपनी प्रबंधन को सुरक्षा मानकों के पालन के लिए निर्देशित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी प्राथमिकता मौके पर मौजूद सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी थी। राहत और बचाव कार्य तत्परता से पूरा किया गया। साथ ही कंपनी को आग से सुरक्षा के लिए अतिरिक्त उपाय अपनाने के निर्देश भी दिए गए हैं। विंडसर कंपनी में बड़ी संख्या में कर्मचारी कार्यरत हैं और यदि हादसा बड़े स्तर पर होता तो जान-माल का नुकसान और भी गंभीर हो सकता था। फिलहाल घायलों का इलाज जारी है और सभी खतरे से बाहर हैं। प्रशासन ने कंपनी प्रबंधन से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचने के लिए सभी तकनीकी और सुरक्षा उपाय समय पर पूरे किए जाएं।

## पाकिस्तान के लाहौर हवाई अड्डे पर भीषण आग, सभी उड़ानें रद्द

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के लाहौर स्थित अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज सुबह भीषण आग लगने की खबर ने पूरे देश में हड़कंप मचा दिया. आग इतनी भयानक थी कि हवाई अड्डे की पूरी व्यवस्था ठप हो गई. सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं, और सैकड़ों यात्री फंस गए. रेस्क्यू टीमें आग बुझाने में जुटी हैं, लेकिन अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका. पाकिस्तान, जो पहले से ही आतंकवाद और कंगाली के संकट से जूझ रहा है, अब उसके लिए एक नई मुसीबत आ गई है.

पाकिस्तान के अल्लामा इकबाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आग लगने की कोई पहली घटना नहीं है. इससे पहले भी इस हवाई अड्डे पर आग लगने की खबरें सामने आ चुकी हैं, जो पाकिस्तान की लचर व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को उजागर करती हैं. पिछले साल 9 मई को लाहौर हवाई अड्डे के इमिग्रेशन काउंटर की छत में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी. इस घटना ने हवाई अड्डे की पूरे इमीग्रेशन सिस्टम को को ठप कर दिया था. रनवे पर किसी इमरजेंसी स्थिति की तैयारी के लिए शुक्रवार को शिकागो रॉकफोर्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक मॉक ड्रिल की गई. संघीय विमानन प्रशासन के अनुसार अभ्यास हर तीन साल में आयोजित किया जाना चाहिए. एक अधिकारी ने बताया कि विमान लैंडिंग गियर की विफलता के बाद आग लगने पर किस तरह की प्रतिक्रिया दी जाएगी।

## दिल्ली-एनसीआर : मौसम विभाग का अलर्ट, हीट वेव का असर शुरू

**नोएडा, ( आईएएनएस )।** मौसम में लगातार बदलाव के चलते तेज धूप और गर्मी का सामना एनसीआर के लोगों को करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ अचानक आसमान में छाए बादलों से कुछ देर के लिए लोगों को राहत जरूर मिलती दिखाई देती है। मौसम विभाग की मानें तो शनिवार से मौसम विभाग में हीट वेव के अलर्ट को जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक आज पारा 42 डिग्री के पार जाने की संभावना है। इसके अलावा मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले एक हफ्ते में बादलों के साथ सूरज की लुकाछिपी के चलते अधिकतम पारे में गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग के जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक शनिवार यानी 26 अप्रैल को अधिकतम पारा 42 डिग्री और न्यूनतम 21 डिग्री बने रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है और हीट वेव का अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक 27 अप्रैल को आसमान में बादल छाए रहेंगे और अधिकतम पारा 41 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री बने रहने की संभावना जताई गई है। 28 अप्रैल को भी अधिकतम पारा 41 डिग्री और न्यूनतम पारा 23 डिग्री रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। इसके बाद 29 अप्रैल को दिन के बाद तेज गर्म हवाएं चलने की संभावना है। इस दिन अधिकतम पारा 2 डिग्री नीचे गिरने की संभावना भी है।


**कार्यालय उप संचालक बफर जोन वनमण्डल, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला (म.प्र.) 481-661**

Ph. No. 07642-253197.Fax. No.07642-251266E-mail: ddknpb.mdl.@mp.gov.in

**ई - निविदा सूचना**

क्रमांक/लेखा/1236 मण्डला, दिनांक 22/04/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उप संचालक बफरजोन वनमण्डल कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला के अधीन वनक्षेत्र में पर्यटकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास में क्षेत्र में बायोटॉयलेट की स्थापना की जानी है। बायोटॉयलेट स्थापना हेतु निविदाएं जेम पोर्टल पर GeM.gov.in/ एवं mpforest .gov.in पर देखी जा सकती हैं। निविदा जेम पोर्टल पर पूर्णत ऑनलाइन होगी आफलाइन निविदा स्वीकार नंही की जावेगी । इच्छुक प्रदायकर्ता कृपया जेम पोर्टल पर इस संबंध में विस्तृत शर्तों का अवलोकन कर सकते हैं :-

| सामग्री का नाम | स्पेसिफिकेशन | मात्रा | स्थापना स्थल |
|---|---|---|---|
| एम.एस. पाउडर कोटेड शीट के साथ प्रोफाइल स्ट्रक्चर | पोर्टल पर दर्शित विस्तृत विवरण अनुसार | 02 | खटिया एवं खापा परिक्षेत्र अंतर्गत पर्यटन क्षेत्र में |

उप संचालक
बफर जोन वनमण्डल, कान्हा टाईगर रिजर्व मण्डला

G-12012/25 स्वच्छता ही सेवा



**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 के अधीन रजिस्टर्ड फर्म मेसर्स गोल्डन बिल्डकॉन, पता- अपोजिट अनुश्री होम्योपैथिक कॉलेज, माढ़ोताल, जबलपुर रजिस्ट्रेशन नं. 04/14/01/00404/13 दिनांक 21/03/2013 जिसमें (1) सौरभ बड़ेरिया पिता श्री शंभूदयाल बड़ेरिया (2) राजीव बड़ेरिया पिता श्री शंभूदयाल बड़ेरिया दोनों निवासी 1752, सरस्वती कालोनी, जबलपुर (3) श्री संदीप विजन पिता स्व. गुलशन विजन निवासी होमसाइंस कॉलेज रोड, जबलपुर (4) श्री विकास जैन पिता श्री छोटे लाल जैन निवासी- 242, नेपियर टाउन, जबलपुर व (5) श्री परविन्दर सिंह पिता श्री एस. सतवंद सिंह आनंद निवासी- 102, आदर्श नगर, नर्मदा रोड, जबलपुर भागीदार थे, फर्म में दिनांक 01/04/2015 को परविन्दर सिंह आनंद पिता एस. सतवंद सिंह आनंद स्वेच्छा से उक्त भागीदारी फर्म से पृथक हो गये व उक्त दिनांक को श्री गोपी अडनानी पिता स्व. एच.डी. अडनानी निवासी वाहे गुरू टैक्सटाइल्स, प्रथम तल, दुलारी हाट मार्केट, जवाहरगंज, जबलपुर उक्त भागीदारी फर्म में सम्मिलित किया गया एवं दिनांक 19 अप्रैल 2025 को (1) श्री संदीप विजन (2) श्री विकास जैन व (3) श्री गोपी अडनानी स्वेच्छा से उक्त भागीदारी फर्म से पृथक हो रहे हैं एवं वर्तमान में दो भागीदार (1) श्री सौरभ बड़ेरिया (2) राजीव बड़ेरिया मात्र शेष है। अत: किसी फर्म/संस्था/ व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 07 दिवस के अंदर फर्म के कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

जबलपुर
दिनांक 26/04/2025

सौरभ बड़ेरिया
भागीदार मेसर्स
गोल्डन बिल्डकॉन

र.नं.- 257



**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 के अधीन रजिस्टर्ड फर्म मेसर्स एवरेस्ट इन्टरप्राइजेस, पता- मकान नं. 903, गोल बाजार, जबलपुर रजिस्ट्रेशन नं. 04/14/01/00044/04 दिनांक 02/09/2024 जिसमें (1) श्री सिद्धार्थ पटेल पिता परमानंद भाई पटेल (2)श्रीमति कल्पना पटेल पति श्री सिद्धार्थ पटेल (3) श्री कनिष्क पटेल पिता श्री सिद्धार्थ पटेल (4) श्री आदित्य कुमार पटैल पिता श्री सिद्धार्थ पटेल (5) श्री शिरीष शाह पिता श्री हिम्मत लाल शाह सभी निवासी गोल बाजार, जबलपुर भागीदार थे एवं भागीदारी विलेख दिनांक 31 अगस्त 2013 को (1) श्री राजीव बड़ेरिया पिता श्री शंभूदयाल बड़ेरिया एवं (2) श्री सौरभ बड़ेरिया पिता श्री शंभूदयाल बड़ेरिया दोनों निवासी 1752, सरस्वती कॉलोनी, जबलपुर को उक्त भागीदारी फर्म में सम्मिलित किया गया इस प्रकार फर्म में कुल 7 भागीदार हुए एवं दिनांक 22/03/2016 को (1) सिद्धार्थ पटेल (2) श्रीमती कल्पना पटेल (3) श्री कनिष्क पटेल (4) श्री आदित्य कुमार पटेल को स्वेच्छा से फर्म से पृथक हो गये यानि फर्म में मात्र 3 भागरीदार शेष रहे, इसके पश्चात दिनांक 02/05/2016 को (1) श्री संदीप विजन पिता स्व. गुलशन विजन निवासी 114/2, विजन महल, मण्डला रोड, तिलहरी, जबलपुर (2) श्री विकास जैन पिता श्री छोटे लाल जैन निवासी- 242, नेपियर टाउन, जबलपुर व (3) श्री गोपी अडनानी पिता स्व. श्री एच.डी. अडवानी निवासी वाहे गुरू टैक्सटाइल्स, प्रथम, दुलारी हाट मार्केट, जवाहरगंज, जबलपुर को फर्म में सम्मिलित किया गया इस प्रकार फर्म में 6 भागीदार हो गये एवं दिनांक 01/04/2020 को श्री शिरीष शाह फर्म में स्वेच्छा से पृथक हो गये जिसके पश्चात फर्म में 5 भागीदार शेष रहे। दिनांक 19 अप्रैल 2025 को (1) श्री संदीप विजय (2) श्री विकास जैन, व (3) श्री गोपी अडनानी भागीदार फर्म से पृथक हो रहे हैं एवं वर्तमान में फर्म में कुल 2 भागीदार (1) सौरभ बड़ेरिया (2) राजीव बड़ेरिया मात्र शेष हैं। अत: किसी फर्म/संस्था/व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 07 दिवस के अंदर फर्म के कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

जबलपुर, दिनांक 26/04/2025

सौरभ बड़ेरिया
भागीदार मेसर्स गोल्डन बिल्डकॉन

र.नं.- 257



**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 के अधीन रजिस्टर्ड फर्म मेसर्स ग्लोबल बिल्डर्स एण्ड प्रमोटर्स, पता- 1588, राइट टाउन, अपोजिट एम.एच. हॉस्पिटल, जबलपुर रजिस्ट्रेशन नं. 04/14/01/00080/11 दिनांक 14/06/2011 जिसमें (1) श्री शंभूदयाल बड़ेरिया पिता बी.एन. बड़ेरिया (2) सौरभ बड़ेरिया पिता श्री शंभूदयाल बड़ेरिया, एवं (3) राजीव बड़ेरिया पिता श्री शंभूदयाल बड़ेरिया तीनों निवासी 1752, सरस्वती कालोनी, जबलपुर भागीदार हैं एवं दिनांक 02 मई 2016 को (1) श्री संदीप विजन पिता स्व. गुलशन विजन निवासी 114/2, विजन महल, मण्डला रोड, तिलहरी, जबलपुर, (2) श्री विकास जैन पिता श्री छोटे लाल जैन निवासी- 242, नेपियर टाउन, जबलपुर व (3) श्री गोपी अडनानी पिता स्व. श्री एच.डी. अडनानी निवासी- वाहे गुरू टैक्सटाइल्स, प्रथम तल, दुलारी हॉट मार्केट, जवाहरगंज, जबलपुर को उक्त भागीदार फर्म में सम्मिलित किया गया, इस प्रकार फर्म में 6 भागीदार हो गये एवं दिनांक 19 अप्रैल 2025 को (1) श्री संदीप विजन (2) श्री विकास जैन व (3) श्री गोपी अडनानी जी स्वेच्छा से उक्त भागीदारी फर्म से पृथक हो रहे हैं एवं वर्तमान में फर्म कुल तीन भागीदार (1) श्री शंभूदयाल बड़ेरिया (2) सौरभ बड़ेरिया एवं (3) राजीव बड़ेरिया मात्र शेष हैं। अत: किसी फर्म/संस्था/ व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 07 दिवस के अंदर फर्म के कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

जबलपुर
दिनांक 26/04/2025

सौरभ बड़ेरिया, भागीदार
मेसर्स गोल्डन बिल्डकॉन
एवं प्रमोटर्स

र.नं.- 257



**कार्यालय आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित जयसिंहनगर**

( पंजीयन क्रमांक JR-60 दिनांक 09/12/1994 )

क्र./आमसभा/2025/क्यू जयसिंहनगर दिनांक 25.04.2025

विशेष साधारण आमसभा की सूचना

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्या. बी पैक्स जयसिंहनगर के समस्त अंशधारी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि समिति कि विशेष साधारण आम सभा दिनाक 14.05.2025 के दिन 02.00 बजे दोपहर समिति कार्यालय भवन जयसिंहनगर में आयोजित की गई है, जिसमें आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है। कोरम के अभाव में बैठक आधे घण्टे के लिये स्थगित की जाकर पुन: इसी स्थान पर प्रारंभ की जावेगी, जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।

-: विषय सूची निम्नानुसार है :-

1. सस्था की पंजीकृत उपविधि की कंडिका ( 3 ) में सस्था के कार्यक्षेत्र के कुल 11 ग्राम पंचायतों में से 3 ग्राम पचायत 1. मोहनी, 2 बांसा, 3. ढोलर को पृथक कर नवीन प्रस्तावित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बी पैक्स मोहनी के गठन हेतु संशोधन किये जाने बावत विचार।

समिति बी पैक्स जयसिंहनगर की उपविधि की कडिका ( 3 ) में प्रस्तावित संशोधन

| क्र. | वर्तमान शब्दावली | संशोधित शब्दावली | संसोधन का कारण |
|---|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित ग्राम पंचायतों में सोसायटी का संचालन क्षेत्र है। 1 बांसा, 2 जमुनिहा, 3 मोहनी 4 ढोलर 5 देवरा, 6 कौआसरई, 7 गोपालपुर, 8 कतिरा 9 कुबरा 10 चंदेला, 11 लखनौटी, नगर पंचायत जयसिंहनगर | निम्नलिखित राजस्व ग्रामपंचयतों में सोसायटी का संचालन क्षेत्र होगा। 1. जमुनिहा 2. ढोलर 3. कौआसरई 4. गोपालपुर 5. कुबरा 7. चंदेला 8. लखनौटी नगर पंचायत जयसिंहनगर | प्रस्तावित नवीन प्राथमिक साख सहाकरी मर्या बी पैक्स मोहनी का गठन प्रस्तावित होने के कारण |

2. संस्था के पुर्नगठन हेतु प्रस्तावित योजना के अनुमोदन बावत् विचार।
3. अध्यक्ष महोदय के अनुमति से अन्य विषय ।

प्रबंधक
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्या. जयसिंहनगर जिला शहडोल म.प्र.



**कार्यालय नगर परिषद मझौली जिला- सीधी (म.प्र.)**

क्र./546-549 / न.प./ भंडार/2025 मझौली, दिनांक-23/04/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा पंजीकृत सप्लायर / दुकानदार से विभिन्न सामग्री क्रय हेतु आन लाइन निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 ( 31 मार्च 2026 ) के लिए निम्न विवरण अनुसार दरें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | कार्य की अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | |
| 1 | 2025_UAD_418608_1 | पाइप लाइन मरम्मत सामग्री | 1000000.00 | 20000.00 | 2000.00 | 09.05.2025 |
| 2 | 2025_UAD_418683_1 | हैण्ड पम्प मरम्मत सामग्री | 1000000.00 | 20000.00 | 2000.00 | 09.05.2025 |
| 3 | 2025_UAD_418627_1 | विद्युत सामग्री | 1000000.00 | 20000.00 | 2000.00 | 09.05.2025 |
| 4 | 2025_UAD_418674_1 | सफाई सामग्री | 1000000.00 | 20000.00 | 2000.00 | 09.05.2025 |

नोट:- कार्यालय द्वारा उपरोक्त निविदाओं में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन केवल बेवसाइट https://www.mptenders.gov.in/ में किया जावेगा इस हेतु पृथक से समाचार पत्रों में विज्ञप्ति जारी नही की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मझौली
जिला-सीधी (म.प्र.)

# देश-प्रदेश

**उवाच**

### आतंकवाद के प्रश्रयदाताओं को मिलेगा करारा जवाब

**भोपाल, देशबन्धु।** पहलगाम हमले को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कश्मीर में आतंकवाद के प्रश्रयदाताओं को करारा जवाब दिया जाएगा। भारत आतंकवाद के ताबूत पर अंतिम कील ठोकेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रह रहे लगभग 220 पाकिस्तानी नागरिकों सरकार द्वारा ढूंढ-ढूंढ कर निकाला जा रहा है। कुछ अवैध तौर पर रह रहे हैं, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। देश की 140 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ है। यह बात उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कही।



# आतंकवाद का मुखर विरोध : प्रदेश के कई शहर रहे बंद

## भोपाल, इंदौर, रायसेन, रतलाम और छतरपुर में भी आधे दिन का बंद रहा



**भोपाल, देशबन्धु।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में गम और गुस्से की लहर है। इस आतंकी घटना के विरोध में प्रदेश भर में जहां जगह-जगह विरोध प्रदर्शन का सिलसिला चल रहा है। वहीं आज राजधानी भोपाल के साथ इंदौर, रायसेन, रतलाम और छतरपुर सहित आधा दर्जन शहर आधा दिन बंद रहे।

व्यापारिक संगठनों के आव्हान पर शनिवार को भोपाल शहर आधे दिन के लिए बाजार बंद रहा। यहां के बाजारों में सुबह से सन्नाटा पसरा हुआ नजर आया। आवश्यक सेवाओं पेट्रोल पंप, दूध और दवाई की दुकान आम दिनों की तरह खुली रहीं, लेकिन इनके अलावा समस्त दुकानों पर ताले लटके रहे। सड़कों पर पूरी सन्नाटा पसरा रहा। सुबह के समय स्कूलों की बसें और स्कूल जाने वाले बच्चे ही नजर आए। भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर शहर के अन्य व्यावसायिक संगठनों ने समर्थन करते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे हैं। बंद का विभिन्न संगठनों के साथ आम व्यवसायियों ने भी खुलकर समर्थन किया है और वे अपने प्रतिष्ठानों पर पहुंचे जरूर हैं, मगर उनको खोला नहीं है। पुराने और नए भोपाल ने एकजुटता का परिचय दिया और समस्त प्रतिष्ठान बंद रहे। जहां पुराने शहर के काजी कैम्प, घोड़ा नक्कास, रायल मार्केट, इमामी गेट, पीरगेट, जुमेराती बुधवार, इतवारा, शाहजहांनाबाद और शनिचरा बाजार जहांगीराबाद में दुकाने दोपहर 2 बजे के बाद खुलीं। वहीं नए शहर के न्यू मार्केट, बिट्ठन मार्केट, विद्यानगर, 10 नं मार्केट और 11 नंबर मार्केट, शाहपुरा मार्केट और कोलार में दुकानें दोपहर तक पूरी तरह से बंद रहीं।

इसी प्रकार पहलगाम आतंकी हमले से नाराज इंदौर में व्यापारियों ने आधे दिन के बंद का आह्वान किया। शहर के तमाम व्यापारी संगठनों ने साथ आकर आधा दिन का बंद रखा। शहर के सभी व्यापारियों व दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर न सिर्फ अपने गुस्से का इजहार किया, बल्कि आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं रायसेन शहर में भी सभी मुख्य बाजार बंद रखे गए। व्यापारियों के साथ ही नागरिकों ने भी अपनी दुकानें बंद रखकर घटना के प्रति अपने आक्रोश को उजागर करते हुए घटना में मारे गए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। रतलाम में भी आधे दिन का बंद व्यापक रूप से सफल हुआ। यहां सभी समुदाय के दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखकर आतंक के खिलाफ एकजुटता का परिचय दिया। इधर छतरपुर में भी बंद प्रभावी रहा। स्थानीय व्यापारियों के आव्हान पर दुकानदारों ने दोपहर तक कोई दुकान नहीं खोली। शहरवासियों की मांग थी कि पहलगाम के हत्यारों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे। इस घटना के बाद से देशवासियों में गुस्सा है और वे लगातार विरोध प्रदर्शन भी कर रहे हैं। राज्य के अन्य हिस्सों में भी व्यापारी जगत के लोग अपने प्रतिष्ठान बंद कर हमले का विरोध दर्ज करा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने पुलिस मुख्यालय पहुँच कर की कानून व्यवस्था की समीक्षा, दिए निर्देश

# पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित कर प्रदेश से बाहर करें, कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित हो



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित कर बाहर कर उन्हें वापस भेजा जाए और प्रदेश में रह रहे कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आज देर शाम पुलिस मुख्यालय पहुंचकर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए गृह मंत्रालय से जारी निर्देशों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। प्रदेश में पाकिस्तानी वीजा धारक नागरिकों को चिन्हित कर गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गाइडलाइन अनुसार वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को प्रदेश से बाहर करना सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मध्यप्रदेश में अध्यनरत जम्मू कश्मीर के छात्र-छात्राओं को चिन्हित कर उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में एक अच्छा निर्णय लेते हुए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। यह निर्देश पूर्व सरकारों में प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किए गए जिनका जाने-अनजाने समुचित पालन नहीं हो रहा था, अब पुनः निर्देश जारी कर उचित व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। जनप्रतिनिधियों को यथोचित सम्मान देने की परम्परा और नियम दोनों ही हैं। राज्य सरकार इस संबंध में गंभीरतापूर्वक नियमों के पालन के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नक्सल नियंत्रण के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहा है। इसके साथ ही शिक्षण संस्थाओं में कोई अवैधानिक गतिविधियां न हो, इस दिशा में पुलिस को सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। नागरिकों के हितों की रक्षा और अपराध मुक्त समाज के निर्माण के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में नक्सल नियंत्रण कार्यों की समीक्षा में आज बालाघाट को गंभीर नक्सली गतिविधियों वाले जिलों की श्रेणी से

### गृह मंत्रालय के निर्देशों का सख्ती से हो पालन

बाहर आने की उपलब्धि सामने आई है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी नक्सल अपराध श्रेणी में सुधार हो रहा है। प्रदेश में विगत डेढ़ वर्ष में दुर्दान्त नक्सलियों को मार गिराया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नक्सलियों के पूर्ण खात्मे के लिए संकल्पबद्ध है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दी गई डेडलाइन के अनुरूप आगामी वर्ष प्रदेश से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। नक्सल उन्मूलन अभियान में नवीनतम तकनीक और संसाधन का अधिकतम उपयोग किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय समुदाय को भी सुरक्षा तंत्र से जोड़ने के प्रयास किए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपराध नियंत्रण का कार्य पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक किया जा रहा है। समाज में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों और अपराधी तत्वों के नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक प्रयास हो रहे हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर लागू नए कानूनों के अनुरूप व्यवस्थाओं में भी आवश्यक सुधार किया जा रहा है। पुलिस और प्रशासनिक अमले में बेहतर समन्वय है। नक्सल विरोधी अभियान और अन्य अपराधों पर अंकुश के लिए कार्य कर रहे पुलिस अधिकारियों और जवानों को आवश्यक प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है, जिसमें आउट ऑफ टर्म प्रमोशन और भत्ते इत्यादि पर समुचित ध्यान दिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस मुख्यालय में हुई बैठक में निर्देश दिए कि प्रदेश में शिक्षण संस्थाओं पर नजर रखी जाए। उन्होंने भोपाल में कुछ युवकों द्वारा स्कूल, कॉलेज की कुछ छात्राओं से दुर्व्यवहार और अपराध से संबंधित खबरों पर चिंता व्यक्त की।

- जनप्रतिनिधियों का सम्मान करेंगे सुनिश्चित
- अपराधियों पर अंकुश के लिए सरकार उठाएगी हर कदम
- शिक्षण केंद्रों को अपराध स्थल नहीं बनने देंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षण परिसरों अथवा इनके नजदीक कोई भी अवैधानिक गतिविधियां न हों, इन पर सतत् नजर रखी जाए और आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाए। दोषियों को बिल्कुल न छोड़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में आने वाले माह में विभिन्न पर्व त्यौहार के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस बल अलर्ट मोड में रहे तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाएं। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बलों की तैनाती और समय रहते समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि नागरिक निर्भय और शांतिपूर्ण वातावरण में अपने पर्व-त्यौहार मना सकें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर प्रसारित संदेशों और वीडियो पर सतत दृष्टि रखने के निर्देश दिए। यदि कोई भ्रामक जानकारी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही है तो अविलंब इसका खंडन करें और सही जानकारी से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में सोशल मीडिया सेल स्थापित हैं। पुलिस अधिकारी सोशल मीडिया पर आ रहे कंटेंट की सूक्ष्मता से मॉनिटरिंग करें और उचित कार्रवाई करें।

### भाजपा नेताओं की अनर्गल बयानबाजी और अनुशासनहीनता से प्रदेश नेतृत्व नाराज

# भोपाल तलब कर दी हिदायत, लक्ष्मण रेखा पार न करें



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में कुछ भाजपा नेताओं की अनर्गल बयानबाजी और अनुशासनहीनता को लेकर प्रदेश नेतृत्व ने सख्त रुख अख्तियार किया है। इन नेताओं को आज पार्टी ने प्रदेश कार्यालय तलब किया है और इन नेताओं को यह हिदायत दी कि वे लक्ष्मण रेखा पार न करें। पार्टी के अनुशासन और निर्देशों को उन्हें कड़ाई से पालन करना होगा।

प्रदेश नेतृत्व ने पार्टी के दिशा निर्देशों से अलग हटकर बयानबाजी करने वाले 2 विधायकों सहित अन्य नेताओं को आज भोपाल तलब किया था। यही कारण है कि अनर्गल बयानबाजी पर मऊगंज से भाजपा विधायक प्रदीप पटेल, देवास की महापौर गीता अग्रवाल, सागर की महापौर संगीता सुशील तिवारी और बीना नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आमद दी। इनके साथ प्रदीप पटेल और बीना नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, संगठन प्रभारी हितानंद और प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह से भेंट की। हालांकि बुलावे के बाद भी विधायक प्रीतम लोधी, सागर और देवास महापौर भोपाल नहीं आए। प्रदेश कार्यालय पहुंचे सभी को पार्टी नेताओं के समक्ष अपनी अपनी बात रखने को मौका दिया गया। इन नेताओं की बात करने के बाद पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें चेतावनी दी कि अब इस तरह की अनुशासनहीनता न की जाए। वहीं भोपाल स्थित पार्टी कार्यालय से बुलावा आने के बाद भी नहीं आने पर अनुपस्थित रहने वाले नेताओं को नोटिस देने का फैसला लिया गया है। दरअसल, भाजपा प्रदेश कार्यालय शिकायत पहुंची थी कि भाजपा के मऊगंज से विधायक प्रदीप पटेल दो दिन पहले नई गढ़ी थाने पहुंचे थे, वहां घंटों तक थाने में बैठे थे। उन्होंने थाना प्रभारी पर गिरफ्तारी की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया था। जबकि पिछले दिनों एक कार्यक्रम में विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का नाम लिए बगैर उन्हें लट्टू मंत्री कहा था, साथ ही शिवपुरी एसपी पर गंभीर आरोप लगाए थे, जबकि सागर की महापौर संगीता सुशील तिवारी ने पार्टी नेतृत्व को विश्वास में लिए बगैर महापौर परिषद में आंशिक फेरबदल किया था। वहीं बीना की नगरपालिका अध्यक्ष लता सकवार ने पिछले दिनों पीआईसी भंग कर दी थी। इसके बाद नई नियुक्तियां की थीं। इसमें नियमों की अनदेखी का आरोप लगा भाजपा पार्षद इससे नाराज थे।

### अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं : शर्मा

बाद में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करना भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। पार्टी गैर जरूरी बयानबाजी करने वाले और कामों में अनुशासनहीनता करने वालों को बर्दाश्त नहीं करेगी। अगर कोई पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन नहीं करता तो उसे समझाने का काम पार्टी नेतृत्व का होता है।

### सागर महापौर को नोटिस



पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने नोटिस जारी किया था, लेकिन वह नहीं आई। वहीं सतना के पूर्व जिलाध्यक्ष को निकाल दिया गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है कि बुलाने पर भी न आने को लेकर सागर महापौर को नोटिस दिया जा रहा है। जिसमें उन्हें 3 दिन में जवाब देने के लिए कहा गया है। दरअसल सागर महापौर संगीता तिवारी ने महापौर परिषद में पिछले दिनों बदलाव किया है। इसके लिए उन्होंने भाजपा संगठन से राय नहीं ली। इसे संगठन ने अनुशासनहीनता मानते हुए उन्हें नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है।

### पूर्व जिलाध्यक्ष को पार्टी से निकाला



सतना जिले के भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा पर पार्टी ने कड़ी कार्रवाई की है। दरअसल, एक महिला से छेड़छाड़, अश्लील चैट वायरल करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले को लेकर उनकी शिकायत भोपाल पहुंची थी। जिसके बाद भाजपा ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए सतीश शर्मा को पार्टी से निष्कासित कर दिया।

### नेता प्रतिपक्ष ने मीडिया से की चर्चा, कहा-

# जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए चलाया जा रहा संविधान बचाओ अभियान

**इंदौर, देशबन्धु।** विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि देश के नागरिकों के अधिकारों पर भारतीय जनता पार्टी सरकार हर दिन हमला कर रही है और जनता को इस अत्याचार से बचाने के लिए कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान शुरू करने जा रही है। श्री सिंघार ने यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य संविधान में निहित सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों की रक्षा करना है, जिन पर वर्तमान सत्तारूढ़ सरकार प्रहार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की संविधान बचाओ यात्रा केवल कांग्रेस का आंदोलन नहीं है, बल्कि आम जनता की वास्तविक आवाज़ है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अभियान की प्रमुख मांगें जातीय जनगणना कराना, एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के लिए निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू कराना, आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से अधिक बढ़ाना और आर्थिक न्याय सुनिश्चित करना है।

### केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने रोजगार मेले में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे, कहा-

# केवल शासकीय नौकरी नहीं, स्वरोजगार के माध्यम से भी रोजगार के अवसर हो रहे हैं निर्मित

### रोजगार के नए उपलब्ध कराने कृषि में भी किए जा रहे प्रयास




**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अभ्यर्थियों को भोपाल में आयोजित रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र प्रदान किये। रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता के तहत आज 15वां रोजगार मेला देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। रोजगार मेले को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया और 51,000 से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये।

इसी क्रम में भोपाल के समन्वय भवन में भी रोजगार मेला आयोजित किया गया। श्री चौहान ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नए वैभवशाली, गौरवशाली, सम्पन्न, समृद्ध और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य है। इसके लिए भारत सरकार और राज्य सरकार दोनों ही पूरी ताकत के साथ जुटी हैं। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि युवाओं को शिक्षा और योग्यता प्राप्त करने के बाद रोजगार मिले, इसके लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 10 लाख शासकीय पदों पर नए अवसर सृजित किये हैं। इसमें से 51,000 मित्रों, जिनमें 200 से अधिक भोपाल में उपस्थित हैं, उनको नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल शासकीय नौकरी नहीं, स्वरोजगार के माध्यम से भी रोजगार के अवसर निर्मित हो रहे हैं। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं। श्री चौहान ने कहा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने हर गाँव को गरीबी से मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। धीरे-धीरे देश का हर परिवार रोजगार से जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कृषि में भी वेल्यू एडिशन के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि रोजगार के नए अवसरों का सृजन हो सके। केन्द्रीय मंत्री ने युवाओं से कहा कि आप सौभाग्यशाली हैं, आपको अलग-अलग विभागों में रोजगार का स्वर्णिम अवसर मिला है, लेकिन आपको केवल अपने लिए नहीं, बल्कि देश-समाज के लिए काम करना है और देश के विकास में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि कई बार रोजगार नहीं रहता तो बेचैनी रहती है कि रोजगार मिले। लेकिन रोजगार मिलने के बाद जरूरी है कि कर्तव्यनिष्ठा से अपना काम करें। जो काम आपको मिल रहा है, उसको बेहतर तरीके से अंजाम देने का प्रयास करें। उन्होंने युवाओं से कहा कि काम के प्रति आपका दृष्टिकोण काफी मायने रखता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण को केंद्र में रखकर काम करोगे तो मन हमेशा आनंद से भरा रहेगा। मैं कृषि मंत्री हूं तो मुझे 24 घंटे खेत और किसान ही दिखते हैं। इसी तरह आपको अवसर मिला है तो आप बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करें। विकसित भारत के निर्माण में आपका यही सहयोग हो सकता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि तुम केवल साढ़े 3 हाथ के हाड़ माँस के पुतले नहीं हो, तुम ईश्वर के अंश हो और दुनिया में कोई ऐसा काम नहीं है जो तुम न कर सको। इसलिए आप अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें और अपनी मेहनत, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से 2047 तक देश को संपूर्ण रूप से विकसित बनाने में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में एफसीआई, ईएसआईसी, डाक विभाग, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक, रेलवे, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, सीजीएसटी समेत कई विभागों के 219 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में श्रीमती कृष्णा गौर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मध्य प्रदेश शासन, विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, विधायक सुरेंद्र पटवा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 0759/ अ-6/2024-25
**इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नागेन्द्र पिल्लई एवं अन्य स्व. पी.सी. पिल्लई निवासी- 118 मोदी को-आपरेटिव हाउसिंग सो. जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक.... के माध्यम से मौजा रामपुर नं.बं. 01 प.ह.नं. 09 ख.नं. 77 रकवा 2400 व.फु. विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने फौती नामांतरण/हस्तांतरण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 08/05/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 24/04/2025 को जारी।
जारी दिनांक - 24/04/2025
पेशी दिनांक - 08/05/2025
नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 1325/ अ-6/2024-25
**इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विमला सोनकर एवं अन्य पति स्व. सुभाष चन्द्र सोनकर निवासी- 360 बमबम भोले मंदिर गुरंदी बाजार द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक.... के माध्यम से मौजा .... नं.बं. .... प.ह.नं. ...... ख.नं. 654/4 रकवा 0.5710 हे. विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने वसीयतनामा/ हस्तांतरण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 06/05/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 21/04/2025 को जारी।
जारी दिनांक - 21/04/2025
पेशी दिनांक - 06/05/2025
र.नं. 255
नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 0143/अ-6/2025-26
**इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सोनिया चौधरी पति मुकेश चौधरी निवासी जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक... के माध्यम से मौजा नयागांव नं.बं. 726 प.ह.नं. 23 ख.नं. 36/22 रकवा 628.80 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/बटवारा नामा/ हस्तांतरण पत्र/ हकत्याग पत्र/दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 08/05/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 24/04/25 को जारी ।
जारी दिनांक- 24/04/25
पेशी दिनांक- 08/05/25
नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर
र.नं. 254

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्रं. 0082/अ-6/2025-26
आवेक श्रीमती सविता कोष्टा पति महेश कोष्टा निवासी म.नं. 137 बंधैयापुरा, जोगी मोहल्ला जबलपुर द्वारा पंजीकृत फौत/वसीयत क्रं./दानपत्र क्रमाक.... दिनांक 21/09/23 के माध्यम से/ नजूल ब्लॉक 18 प.ह.नं...... स्थित भूमि नं./प्लाट नं./21/2 रकवा 525 वर्गफुट पर फौत स्व. महेश कोष्टा पिता. स्व. सरमनलाल कोष्टा नि. बंधैया मोहल्ला जबलपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रयपत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 28/4/25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 11/04/25 इश्तहार किया गया।
जारी दिनांक- 11/04/25
पेशी दिनांक- 28/04/25
नायब तहसीलदार
र.नं. 254 तहसील अधारताल, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्रं. 2027/अ-6/2024-25
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शारदा प्रसाद अन्य/स्व. राम सुन्दर नि. लालमाटी जबलपुर ने नजूल ब्लॉक नं. 148 प्लाट नं. 1/495 निर्मित रकवा/रकवा 629 व.फु. अवि. हिस्सा .... व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/वारसान हक/ दिनांक.... मृत्यु 11/03/2006, 30/07/2006, 20/08/2019 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र...खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा नजूल ब्लॉक नं. 148 प्लाट नं. 1/495 निर्मित रकवा/ रकवा 629 व.फु./अवि. हिस्सा... व.फु. हे./ग्राम करियापाथर प.ह.नं.... खसरा नं... रकवा 629 व.फु./हे. राम सुन्दर वल्द जगतधारी सा. लालमाटी जबलपुर के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 28/04/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 11/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 11/04/25
पेशी दिनांक- 28/04/25
र.नं. 253 तहसीलदार रांझी, जबलपुर

**नाम सुधार सूचना**
में सर्वेश पटेल पिता दिलीप पटेल निवासी 104, शिवाजी नगर, माढ़ोताल लमटी जबलपुर जिला जबलपुर का निम्न कथन करता है, कि- 1. यह कि में उक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2 यह कि मेरे दस्तावेजों में मेरा नाम Sarvesh Patel पिता श्री Dilip Patel लिखा है।
3. यह कि मेरी अंक सूची मार्कशीट में मेरा नाम Sarvesh Kumar Patel पिता श्री Dilip Kumar Patel लिखा है।
4. यह कि मुझे Sarvesh Patel पिता श्री Dilip Patel के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा जाये।
5. यह कि पूर्व नाम -Sarvesh Kumar Patel पिता श्री Dilip Kumar Patel लिखा है।
6. यह कि मेरा परिवर्तित नाम Sarvesh Patel पिता श्री Dilip Patel है। र.नं. 325


# स्वस्थ भारत की कल्पना प्रत्येक नागरिक के स्वस्थ रहने से होगी साकार : शुक्ल

**भोपाल, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 में विकसित भारत के लिये जो विजन तैयार किया है, उसे प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ रखकर ही पूरा किया जा सकता है। इसके लिये हमें विभिन्न रोगों के साथ-साथ मनोरोग से भी छुटकारा पाना होगा। इस कार्य में मनोचिकित्सकों की अहम भूमिका रहेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल आज भोपाल में मध्य भारत के पहले राष्ट्रीय मनोरोग सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। भोपाल में हो रहे 2 दिवसीय सम्मेलन में देशभर से 45 प्रमुख वक्ता शामिल हो रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जीवन का पहला सुख निरोगी काया को माना गया है। आज के वैश्विक दौर में युवाओं में मानसिक तनाव मुख्य रूप से देखने को मिल रहा है।

# साहित्य



उस्ताद बड़े गुलाम अली ख़ाँ

## सुर से प्यार करने वाला इंसान बड़ी ख़ूबियों का हासिल होता है

■ ज़ाहिद ख़ान

भारतीय शास्त्रीय संगीत में उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ की पहचान एक दिग्गज गायक के रूप में है। भारतीय शास्त्रीय संगीत और सुगम संगीत की दुनिया में बड़े-बड़े गायक हुए, मगर ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब को दुनिया भर में जो नाम, शोहरत और एहतिराम मिला उसका कोई मुक़ाबला नहीं। यहां तक कि उनके समकालीन उन्हें तानसेन का मर्तबा देते थे। महान सितारवादक पंडित रविशंकर ने अपनी आत्मकथा 'राग अनुराग' में ग़ुलाम अली ख़ाँ की गायकी की अज़्मत को बयां करते हुए एक जगह लिखा है, ''उन जैसा, ठीक उन जैसा और कोई मुझे कभी नहीं लगा। रबीन्द्रनाथ के शब्दों में सभाभंग के काशीनाथ के समान सिर्फ़ सात सुर ही नहीं, बारहों सुर भी उनके पालतू पक्षी थे। स्वरों पर इस तरह का कंट्रोल किसी के कंठ में आज तक मैंने नहीं देखा है महाशय !'' (किताब-'राग अनुराग', लेखक-पं. रविशंकर, प्रकाशक-राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली, पेज-125) अपने स्वरों पर वाक़ई उनका अद्भुत नियंत्रण था। पटियाला घराने की ख़ासियत जो द्रूत तैयारी के साथ तान है, उसे उन जैसा आज तक कोई नहीं गा सका है। सुरों से मुहब्बत करते हुए, वे जज़्बात में कुछ इस क़दर बह जाते थे कि उन्हें अपना भी होश नहीं रहता था।

ग़ुलाम अली ख़ाँ, मुल्क के एक मशहूर मौसीक़ी घराने, पटियाला घराने से तअल्लुक़ रखते थे। बीसवीं सदी के आग़ाज़ 2 अप्रैल, 1901 को अविभाजित भारत के कसूर में, जो कि अब पाकिस्तान में है, उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब की पैदाइश हुई। उस ज़माने में कसूर मौसीक़ी, आर्ट और तहज़ीब के लिए पूरे देश में मशहूर था। ख़ाँ साहब ने पांच बरस की उम्र से अपने वालिद अली बख़्श ख़ाँ और अपने चचा फ़तेह अली ख़ाँ, काले ख़ाँ से सारंगी व ख़्याल गायकी की इब्तिदाई तालीम ली और शुरुआत के पहलू-ताल, अंतरे और स्थाइयाँ सीखीं। वे घंटो इसका रियाज़ करते। इस हद तक कि उन्हें लोग बावला और पागल तक समझते थे।

अपनी बेइंतिहा लगन और जुनून के दम से ग़ुलाम अली ख़ाँ ने ज़ल्द ही ख़्याल गायकी पर महारथ हासिल कर ली। और शास्त्रीय संगीत के पटियाला घराने की परंपरा को मुल्क में आगे बढ़ाया। उनके तीनों भाई उस्ताद मुबारक अली ख़ाँ, उस्ताद बरकत अली ख़ाँ और उस्ताद अमानत अली ख़ाँ भी कसूर-पटियाला घराने के बड़े गायक थे। लेकिन गायकी के मैदान में जो शोहरत उस्ताद ग़ुलाम अली ख़ाँ को मिली, उसका कोई मुक़ाबला नहीं। उन्होंने मालकौंस, जयजयवंती, कमोद, केदार, भैरवी और पहाड़ी जैसे रागों को अलग आयाम और नये मायने दिए। उनकी आवाज़ में एक अलग ही कशिश थी, जो लोगों को अपनी ओर खींचती थी। अपनी पुर-कशिश आवाज़ में जब वे गाते थे, तो लोग वाह-वाह कर उठते थे।

उस्ताद ग़ुलाम अली ख़ाँ के गायन का अंदाज़ निराला था। वे सभी रागों के गायन में माहिर थे। चाहे वह दक्षिण का हो, पूरब, या फिर पंजाब का हो। अलबत्ता राग की शुद्धता का ज़रूर ख़याल रखते थे। अस्थाई-अंतरे को भरना, राग को राग के मुताबिक गाना उनकी गायकी की ख़ासियत थी। व ख़ामख़्वाह को विलंबित और ख़ामख़्वाह के राग से वक्त ज़ाया नहीं करते थे। उन्होंने ख़्याल गायन को इतना ज़बरदस्त और ख़ूबसूरत बनाया कि लोग उनके गायन के दीवाने हो गए। शास्त्रीय संगीत, ठहराव मांगता है। इसको सुनने के लिए श्रोताओं के पास न सिर्फ़ समय और धैर्य होना चाहिए, बल्कि संगीत की एक समझ भी लाज़िमी है। जबकि ग़ुलाम अली ख़ाँ इस बात को लेकर रज़ामंद थे कि ''शास्त्रीय संगीत की सुंदरता उसके तात्कालिक प्रदर्शन में है, लेकिन परंपरा के विपरीत उनका मानना था कि श्रोता ज़रूरत से ज़्यादा लंबी प्रस्तुतियों को पसंद नहीं करेंगे।'' (किताब-सुर के सितारे, लेखक-अमजद अली ख़ान, प्रकाशक-पेंगुइन बुक्स गुड़गाँव, पेज-14) यही वजह है कि श्रोताओं की पसंद को ध्यान में रखकर, उन्होंने हर राग की अवधि और प्रस्तुतिकरण का फ़ैसला किया। अलबत्ता उनके इस फ़ैसले की सभी ने हिमायत नहीं की। ख़ास तौर से शास्त्रीय संगीत के शौक़ीनों को लगता था कि उन्हें इस राग को सुनने के लिए जो तृप्ति मिलना चाहिए, वह नहीं मिली। जबकि ग़ुलाम अली ख़ाँ उस राग को लंबे समय तक गा सकते थे, लेकिन गाते नहीं थे। ग़ुलाम अली ख़ाँ का तक़रीबन सारा संगीत रिकॉर्ड है। उनकी तीन-तीन मिनट की छोटी-छोटी रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं, जिसमें उन्होंने बड़ी ही तल्लीनता से मुख़्तलिफ़ रागों को गाया है।

उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ ने ख़्याल गायन को वह ऊंचाईयां प्रदान की कि अपने समय में हर एक उनकी गायकी का दीवाना था। यहां तक की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी उनकी गायकी के मद्दाह थे। आज़ादी के बाद हुए एक सार्वजनिक आयोजन में ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब के गायन को सुनने के बाद, गांधी जी ने न सिर्फ़ उनकी उस वक्त खुलकर तारीफ़ की, बल्कि बाद में उन्हें एक प्रशंसा भरा ख़त भी लिखा। गोहर जान के बाद उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ, देश में दूसरे ऐसे गायक थे, जिन्होंने अपने गायन की रिकॉर्डिंग कराई। शास्त्रीय संगीत से उन्होंने आम लोगों को इस तरह वाक़िफ़ कराया, जैसे कि वह लोकप्रिय संगीत हो। ग़ुलाम अली ख़ाँ की ठुमरी, दादरा बेमिसाल थी। ठुमरी को उन्होंने एक नई पहचान दी। वे जब एक बेहतरीन अंदाज़ में ठुमरी पेश करते, तो लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे। ठुमरी को आम अवाम के बीच जो मक़बूलियत मिली, उसमें उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब का भी बड़ा रोल है। भारतीय शास्त्रीय संगीत में ठुमरी के दो अंग हैं, पूरब और पंजाब। ग़ुलाम अली ख़ाँ इन दोनों ही अंगों की नुमाइंदगी करते थे।

'तोरी तिरछी नज़रिया के बाण', 'प्रभु मोरी नैया पार करो', 'का करूँ सजनी आये न बालम', 'जमुना के तीर', 'याद पिया की आये', 'अब न मानत श्याम', 'नैना मोरे तरस गए आजा बलम' और 'रस के भरे तोरे नयना' उस्ताद ग़ुलाम अली ख़ाँ की गायी हुई कुछ बेमिसाल ठुमरियाँ हैं, जो आज भी बड़े चाव से सुनी जाती हैं। यही नहीं उन्होंने भजन भी गाये। राग पहाड़ी में गाया हुआ उनका एक भजन 'हरिओम तित सत जपा कर' ख़ूब मक़बूल हुआ। एक दौर था, जब उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ के गायन का चर्चा पूरे मुल्क में होता था। फ़िल्मी दुनिया ने भी कई मर्तबा उनके सामने फ़िल्मों में गाने के लिए पेशकश की, लेकिन वे इसे ठुकराते रहे। के.आसिफ़ की क्लासिक फ़िल्म 'मुग़ल-ए-आज़म' में उन्होंने अपनी शर्तों पर दो ठुमरी 'प्रेम जोगन बन के' और 'शुभ दिन आयो राज दुलारा' गायीं, जो आज भी लोगों के ज़ेहन में बसी हुई हैं। राग सोहनी और रागेश्वरी में गायीं इन ठुमरियों का कोई जवाब नहीं। इन ठुमरियों को सुनो, तो ऐसा लगता है कि ख़ुद तानसेन इन्हें गा रहे हैं।

हमारी नई पीढ़ी को शायद ही इस बात की जानकारी हो कि बंटवारे के बाद उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ पाकिस्तान में ही रह गए थे। क्योंकि वो लाहौर को ख़ूब पसंद करते थे, लेकिन जब उन्होंने पाकिस्तान में शास्त्रीय संगीत से छेड़छाड़ और कलाकारों के साथ बुरा बर्ताव देखा, तो साल 1953 में वे भारत चले आए। हिंदुस्तानी हुकूमत ने भी अविभाजित भारत के इस महान कलाकार के प्रति अपना पूरा सम्मान प्रकट करते हुए, उन्हें तुरंत भारतीय नागरिकता प्रदान कर दी। ग़ुलाम अली ख़ाँ भारत आ गए, तो पाकिस्तान रेडियो ने उन पर अघोषित पाबंदी लगा दी। तक़रीबन आधी सदी तक पाकिस्तान रेडियो पर उनकी गायी हुई राग-रागनियों पर पाबंदी रही। साल 2009 में जाकर, यह पाबंदी हटी। बावजूद इसके ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब, पूरे उपमहाद्वीप के महबूब गायक बने रहे। सरहद, हुकूमत की बंदिश और तमाम पाबंदियों के बाद भी उनका गायन सुना जाता रहा। आज भी पूरी दुनिया में उनके लाखों चाहने वाले हैं। उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ अपने जीते जी ही एक संस्थान बन गए थे। भारत और पाकिस्तान में नूरजहाँ, फ़रीदा ख़ानम, छोटे गुलाम अली, मालती गिलानी, मीरा बनर्जी, संध्या मुखर्जी जैसे कई होनहार शागिर्द हैं, जिन्होंने शास्त्रीय संगीत और ग़ज़ल गायकी को एक नये मुक़ाम तक पहुंचाया।

उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब को अपनी बेजोड़ गायकी के लिए कई सम्मानों और पुरस्कारों से नवाज़ा गया। जिनमें से कुछ ख़ास सम्मान हैं-'संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार'(साल 1962), 'संगीत नाटक अकादेमी फेलो.' (साल 1967) 'सुर देवता', 'आफ़ताब-ए-मौसीक़ी', 'संगीत सम्राट', 'शहंशाह-ए-मौसीक़ी', राष्ट्रपति सम्मान और डॉक्टरेट की मानद उपाधि। भारत सरकार ने ग़ुलाम अली ख़ाँ की गायकी को सराहते हुए, साल 1961 में उन्हें अपने शीर्ष नागरिक सम्मानों में से एक 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया। साल 2003 में उन पर एक डाक टिकट जारी भी किया गया। दीगर शास्त्रीय गायक और संगीतकारों की ही तरह उस्ताद ग़ुलाम अली ख़ाँ भी संगीत को इबादत मानते थे। उनकी नज़र में इंसान की ज़िंदगी में संगीत की अहमियत इसलिए है कि ''सुर से प्यार करने वाला इंसान बड़ी ख़ूबियों का हासिल होता है। मतलब, दिल को दुखाने से गुरेज़ करेगा, ज़ालिम न होगा...।'' आज दुनिया भर में जब एक-दूसरे समुदाय के प्रति नफ़रत और दिलों के बीच दूरियां बढ़ी हैं, तब उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ के इस मुहब्बत भरे पैग़ाम को हर एक तक पहुंचाया जाना चाहिए। ताकि दुनिया में अमन और भाईचारा क़ायम हो।

उस्ताद गुलाम अली ख़ाँ के गायन का अंदाज़ निराला था। वे सभी रागों के गायन में माहिर थे। चाहे वह दक्षिण का हो, पूरब, या फिर पंजाब का हो। अलबत्ता राग की शुद्धता का ज़रूर ख़्याल रखते थे। अस्थाई-अंतर को भरना, राग को राग के मुताबिक गाना उनकी गायकी की ख़ासियत थी। वे ख़ामख़्वाह को विलंबित और ख़ामख़्वाह के राग से वक्त ज़ाया नहीं करते थे। उन्होंने ख़्याल गायन को इतना ज़बरदस्त और खूबसूरत बनाया कि लोग उनके गायन के दीवाने हो गए। शास्त्रीय संगीत, ठहराव मांगता है।

व्यंग्य

## नीले ड्रम की व्यथा

■ सुधाकर आशावादी

कहावत है कि गेहूं के साथ घुन भी पिस जाता है। अपराध कोई करता है, कसूरवार कोई ठहराया जाता है। ऐसे में न जाने कब किसके बुरे दिन आ जाएं। कौन सा व्यक्ति या वस्तु लाभ हानि जीवन मरण यश अपयश विधि हाथ के आध्यात्मिक सत्य का शिकार हो जाए। पहले से निर्धारित नहीं होता। कभी कभी ऐसी घटना घटित हो जाती है, जो किसी भी व्यक्ति या वस्तु को कलंकित करने आधार बनती है। कहीं कोई आपराधिक वारदात घटित हुई और नीले ड्रम को खलनायक के रूप में प्रचारित कर दिया गया। किसी घटना में फ्रिज को हत्यारे के साथ षड्यंत्र में शामिल होने का इल्जाम सहना पड़ा। करता कोई है और अपराध के षड्यंत्र में अनेक ऐसे लोग शामिल कर लिए जाते हैं, जिनका घटना से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता। मसलन घटना में प्रयुक्त हथियार किसने बेचे। किस डॉक्टर ने नींद की गोली खाने की सलाह दी, किस मेडिकल स्टोर ने अपराधियों को नशे की दवाइयां बेची। ऐसा नहीं है कि कोई वारदात पहली बार हुई हो। वारदात पहले भी होती रही हैं । हिंसक वारदातों में चाकू, छुरे, रिवाल्वर, बंदूक, तमंचे मुख्य भूमिका का निर्वाह करते रहे हैं, किंतु किसी ने भी चाकू या तमंचे को बदनाम नही किया। कौन नहीं जानता कि हिंसक वारदात में हाथ जोड़कर अनुनय विनय की कोई गुंजाईश नहीं होती। हाथापाई भी खून खराबे में सक्रिय भूमिका नही निभा सकती। हाथापाई हल्की फुल्की गुम चोट तो दे सकती है, मगर मरहम पट्टी या इहलोक से परलोक का मार्ग तैयार करने में कारगर भूमिका तो धारदार हथियार ही निभाते हैं। वैसे भी मिलावटी खानपान के चलते पहले जैसे योद्धा अब नही रहे, जो शरीर की शक्ति से दुश्मन को छठी का दूध याद दिलाया करते थे। अब न दूध शुद्ध है और न शक्ति अटूट । सो चाकू छुरी और तमंचों पर निर्भरता अधिक बढ़ गई है। अपराधी भी विश्वसनीय हथियारों पर ही भरोसा करता है। वह नए नए हथियार आजमाना नहीं चाहता। बहरहाल किस पर विश्वास करें, किस पर नहीं, यह समझना मुश्किल है। समाज में जिस प्रकार से अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है। उससे लगता है कि दंपत्ति और परिवार में ही विश्वास करना आसान नहीं रह गया है। अब आस्तीन में सांप की अवधारणा समाप्त हो चुकी है। नाग नागिन और जहर भरा आचरण एक ही बिस्तर पर शयन करते हैं। डाइनिंग टेबल पर बैठकर अपनी अपनी पसंद के व्यंजनों का सेवन करते हैं। संग संग रेस्तरां में जाकर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करके यह गीत गाते हैं कि जनम जनम का साथ है हमारा तुम्हारा, मगर उनके दिमाग में क्या चल रहा होता है, इसका अनुमान तप बड़े बड़े ज्योतिषाचार्य भी नहीं लगा सकते। कहीं किसी ने अपने किसी रिश्ते का क़त्ल किया और रिश्ते से जुड़ी देह को टुकड़ों में बांटकर ड्रम में भर दिया। बात ड्रम में भरने तक ही सीमित रहती, तब भी गनीमत थी, ड्रम को सीमेंट के घोल से भर दिया गया। वारदात इससे भी अधिक नृशंस होती रही हैं, मगर जिस वारदात का खुलासा जितने अधिक भयावह ढंग से किया जाता है, उससे समाज में अलग संदेश जाता ही है , इस वारदात में जिस ड्रम में देह के टुकड़ों को जमाया गया, उस ड्रम नीला था। इसी प्रकार कुछ बड़े फ्रिज इस प्रकार की वारदात के उपरांत प्रयोग में लाए गए, किसी ने




अपने लिव इन साझीदार को टुकड़े टुकड़े करके फ्रिज में जमाया, तो किसी ने अन्य किसी प्रकार से टुकड़ों का निस्तारण किया। फ्रिज हो या नीले रंग का ड्रम, इन बेजान वस्तुओं की वारदात में भागीदारी भला कैसे संभव है, मगर बदनाम यही होते हैं। करनी कोई करे, बदनामी बेजान वस्तुओं की होती है। जब से किसी नीले ड्रम का प्रयोग देह के टुकड़ों को शरण देने में हुआ है, तब से बेचारे नीले ड्रम की जितनी अधिक मानहानि हो रही है, उतनी शायद ही किसी अन्य वस्तु की हुई हो। सवाल यह भी है कि यदि ड्रम का रंग नीला न होकर कुछ और होता, तब क्या उसकी भी इतनी मानहानि की जाती? वैसे भी नीले ड्रम का कसूर क्या है? यह भी चिंतन का विषय है। बेचारा नीला ड्रम और फ्रिज अपनी मानहानि की शिकायत करे भी तो कैसे, उसके पास तो मानहानि की शिकायत करने का अधिकार भी नहीं है। फिर भी बात बात में सड़कों पर उतरने वालों से यह अपेक्षा की जानी ही चाहिए, कि वे बेजान वस्तुओं की मानहानि करने वालों के विरूद्ध भी अभियान चलाएं, ताकि कोई भी अपराधी निरीह बेजान वस्तुओं को अपने षड्यंत्र में शामिल करके उनकी भावनाओं को आहत करने का दुस्साहस न कर सके।

## बलबला कुंड में बम-बम का जयकारा



### नर्मदा परिक्रमा से लौट कर नरेंद्र जायसवाल -चार

बलबला कुंड जो गुजरात की सीमा से लगा हुआ है, यहां पर ऋषि महाराज ने तपस्या से नर्मदा जी को प्रसन्न किया था और माई नर्मदा ने वरदान प्राप्त किया था कि नर्मदा जी बलबला कुंड में स्वयं आएंगी। उसके बाद से अब तक बलबला कुंड में नर्मदा का पानी है। जब भी कोई भी भक्त बम-बम के जयकारा लगाता है, यहां पर कुंड से बुलबुले उठते हैं। यहां का दर्शन-पूजन का महत्व है। नर्मदा परिक्रमा वासी यहां पर आकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं।

धर्म शास्त्रों के अनुसार ऋषि मुनि नर्मदा के दर्शन और स्नान के लिये कई किलोमीटर जंगल का रास्ता तय कर जाते थे। कई बार मौसम खराब होने से बाधाएं भी आती थीं। इससे कई तरह की व्यवहारिक कठिनाइयों का सामना भक्तों को करना पड़ता था। इसी को देखते कठोर तप से प्रसन्न होकर नर्मदा जी ने आशीर्वाद दिया और कुंड के रूप में विराजमान होने का वरदान दिया था।

कुंड का पानी प्रसाद के रूप में ग्रहण करने से भक्तों के पाप कट जाते हैं और नर्मदा की कृपा प्राप्त होती है। यहां पर नर्मदा परिक्रमावासियों के लिये इंतजाम हैं। ऋषियों का आगमन होता रहता है। यहां पर खास अवसरों पर मेला भी भरता है। इस स्थान का अपना धार्मिक महत्व है।

ऐसा बताया जाता है कि बलबला कुंड स्थान पर है, वहां चारों तरफ जंगल और पहाड़ियों वाला क्षेत्र है। दूर-दूर तक रिहायशील देखने को नहीं मिलते हैं। इसके बाद भी साल के आठ माह यहां पर भक्तों को आना जाना लगा रहता है। इनके लिये पूजन अर्चन से लेकर खाने पीने की वस्तुओं का इंतजाम देखने को मिलता है। किसी भी तरह की असुविधा श्रद्धालुओं को नहीं होती है। यहां पर मध्यप्रदेश के विंध्य क्षेत्र से आने वाले आचार्य आते रहते हैं, उनका ज्यादातर समय यही पर व्यतीत होता है। जंगल का क्षेत्र होने के बाद भी कई छोटे बड़े मंदिर देवी देवताओं के देखने को मिलते हैं। जहां



पर पैदल परिक्रमा करने वाले नर्मदा भक्तों द्वारा रात्रि विश्राम किया जाता है। इस क्षेत्र की अपनी महिमा है। जो भी यहां पर निवास करते हैं, उन्हें साक्षात् नर्मदा मैया के रहने का एहसास होता रहता है। इससे जुड़ी कई बाते यहां आने वालों को सुनने मिलती हैं। शाम के समय अक्सर यहां भजन कीर्तन होते रहते हैं।

## विभिन्न विषयों को रेखांकित करता काव्य संग्रह

■ गंगा पाण्डेय

नृपेन्द्र अभिषेक नृप का काव्य-संग्रह 'एहसास कभी मिटा नहीं करते' समकालीन हिंदी कविता के परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण योगदान है। इस संग्रह में 75 कविताएँ संकलित हैं, जो विविध विषयों और भावनाओं को स्पर्श करती हैं। कविताएं व्यक्तिगत अनुभूतियों, सामाजिक यथार्थ और दार्शनिक चिंतन का अनूठा सम्मिश्रण प्रस्तुत करती हैं। नृप की कविताओं में प्रेम, प्रकृति, समाज, राजनीति और अस्तित्व के सवालों का गहन विमर्श देखने को मिलता है।

इस संग्रह की पहली कविता 'शहर की सहर' पाठक को शहरीकरण की जटिलताओं और ग्रामीण जीवन के ह्रास की पीड़ा से अवगत कराती है। यह कविता बताती है कि कैसे आधुनिकता की दौड़ में गाँव का अपनापन, उसकी संवेदनाएँ और उसके सहज संबंध कहीं पीछे छूटते जा रहे हैं। नृप ने इस कविता में बड़े ही सजीव और हृदयस्पर्शी चित्रण के माध्यम से सामाजिक असंतुलन की स्थिति को उजागर किया है।

प्रेम को लेकर लिखी गई कविता 'शाश्वत प्रेम' प्रेम के विविध रूपों को दर्शाती है। यह कविता प्रेम की पीड़ा और समर्पण की भावनाओं को समान रूप से चित्रित करती है। नृप का प्रेम-दर्शन एकांगी नहीं है, बल्कि उसमें यथार्थ और स्वप्न दोनों का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है।

प्राकृतिक आपदाओं को केंद्र में रखकर लिखी गई कविता 'सपनों की बस्ती बह गई बाढ़ में' मानव जीवन की असहायता और प्रकृति के प्रकोप के सामने उसकी बेबसी को दर्शाती है। यह कविता न केवल आपदाओं के विनाशकारी प्रभाव को रेखांकित करती है, बल्कि यह भी बताती है कि किस तरह आपदा केवल भौतिक क्षति ही नहीं पहुंचाती, बल्कि वह मानवीय संवेदनाओं, सपनों और आशाओं को भी अपने साथ बहा ले जाती है।

कृषि प्रधान भारत में किसानों की स्थिति को उजागर करती हुई कविता 'मैं किसान हूँ' किसानों की पीड़ा, उनके संघर्ष और उनके अदम्य साहस की कथा को अभिव्यक्त करती है। यह कविता किसानों के शोषण, उनकी बदहाली और उनके जीवन की कठिनाइयों को बड़े ही प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करती है।

**पुस्तक :** एहसास कभी मिटा नहीं करते
**कवि :** नृपेंद्र अभिषेक नृप
**प्रकाशन :** लायंस पब्लिकेशन, ग्वालियर
**मूल्य :** 180 रुपये

आशा और निराशा के द्वंद्व को दर्शाती हुई कविता 'जरूरी है उम्मीदों का मर जाना' पाठक को गहरे आत्मविश्लेषण की ओर प्रेरित करती है। इसमें कवि मौन को एक विशेष अभिव्यक्ति का माध्यम बनाते हैं और बताते हैं कि कभी-कभी मौन भी शब्दों से अधिक मुखर होता है। यह कविता जीवन के उन क्षणों को दर्शाती है जब व्यक्ति स्वयं से संवाद करता है और अपने अस्तित्व को समझने की कोशिश करता है।

इसी तरह 'तुम मेरी अधूरी किताब' कविता एक अलग ही संवेदनाओं का संसार रचती है। यह कविता अधूरेपन की भावना को प्रकट करती है और पाठक को गहरे भावनात्मक अनुभव से जोड़ती है।

राजनीतिक व्यंग्य और समसामयिकता को दर्शाने वाली कविताएँ 'भारत का धृतराष्ट्र' और 'लोकतंत्र की नाक' समाज में व्याप्त राजनीतिक विसंगतियों और सत्ता के अंधत्व को प्रभावी रूप से उजागर करती हैं। इन कविताओं में नृप की पैनी दृष्टि और उनके विद्रोही तेवर स्पष्ट रूप से झलकते हैं।

नृपेन्द्र अभिषेक नृप की काव्य भाषा अत्यंत सहज, प्रवाहमयी और भावपूर्ण है। उनकी कविताओं में भाषा की सरलता के साथ-साथ गहराई का भी समावेश मिलता है। वे कठिन शब्दावली या अनावश्यक अलंकरणों से बचते हुए सीधे हृदय तक पहुँचने वाली भाषा का प्रयोग करते हैं। उनकी कविताएँ बिंबात्मकता से भरपूर हैं और उनमें चित्रात्मकता का अनूठा सौंदर्य देखने को मिलता है।

नृप की कविताओं में बिंब और प्रतीक अत्यंत सशक्त हैं। वे कभी प्रकृति के माध्यम से, तो कभी ऐतिहासिक और पौराणिक संदर्भों के माध्यम से अपने भावों को अभिव्यक्त करते हैं। उदाहरण के लिए, 'भारत का धृतराष्ट्र' में राजनीति की अंधी दौड़ और सत्ता के लालच को महाभारत के पात्र धृतराष्ट्र के प्रतीक के रूप में दर्शाया गया है। इसी तरह, 'सपनों की बस्ती बह गई बाढ़ में' में प्रकृति और मानव के संबंधों को संवेदनशीलता से उकेरा गया है।

यह काव्य-संग्रह पाठकों की संवेदनाओं को झकझोरने की क्षमता रखता है। इसमें समकालीन सामाजिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत अनुभवों का गहन चित्रण किया गया है। नृप की कविताएँ केवल भावनाओं को व्यक्त करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे पाठकों को आत्ममंथन और समाजमंथन के लिए भी प्रेरित करती हैं। उनकी कविताएँ समाज के विभिन्न पहलुओं को उजागर करने के साथ-साथ परिवर्तन की आवश्यकता का भी संकेत देती हैं।

इस संग्रह की एक विशेषता यह भी है कि इसमें पाठकों के अनुभवों को प्रतिबिंबित करने की अद्भुत क्षमता है। कविताएँ पढ़ते समय पाठक को ऐसा प्रतीत होता है मानो ये उसकी अपनी अनुभूतियाँ हों, उसके अपने संघर्षों और भावनाओं का हिस्सा हों।

नृपेन्द्र अभिषेक नृप का काव्य-संग्रह 'एहसास कभी मिटा नहीं करते' न केवल भावनाओं का दस्तावेज है, बल्कि यह समकालीन समाज और व्यक्ति की चिंताओं का भी आईना है। इसमें प्रेम, वेदना, संघर्ष, आशा, राजनीति और प्रकृति के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। नृप की कविताएँ हृदय को छूने वाली और मस्तिष्क को झकझोरने वाली हैं। यह संग्रह हिंदी काव्य-प्रेमियों के लिए निश्चित रूप से पठनीय और संग्रहणीय है।


UDYOG EVAM ROJGAR VARSH 2025
INVEST MADHYA PRADESH
INFINITE POSSIBILITIES
MPS@DC
INFOTECH ENGINE OF M.P.
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
देश का टेक्नोलॉजी हब
बनने की ओर अग्रसर मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश
टेक ग्रोथ
कॉन्क्लेव 2025
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के संकल्पों को
साकार करता मध्यप्रदेश
शुभारंभ
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश द्वारा
27 अप्रैल 2025 । सायं 5:00 बजे
ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर
अवसरों का प्रदेश
मध्यप्रदेश...
इन्वेस्टर फ्रेंडली नीतियां
• ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स पॉलिसी 2025
• ड्रोन प्रमोशन एवं यूसेज पॉलिसी 2025
• आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2023
• एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी 2025
• सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2025
टेक ईकोसिस्टम
15+ आईटी पार्क
5 आईटी सेज़
2000+ आईटी, आईटीईएस यूनिट
50+ बड़ी आईटी कंपनियां
1200+ टेक स्टार्ट-अप्स
200K+ रोज़गार के अवसर
2 टेक यूनिकॉर्न
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
फोकस क्षेत्र
आईटी-आईटीईएस
एवीजीसी-एक्सआर
ड्रोन प्रौद्योगिकी
ईएसडीएम और सेमीकंडक्टर
डाटा सेंटर
ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स
ipcell-mp@mpsedc.com । Website : mpsedc.mp.gov.in । #MPTechGrowthConclave2025 । #TechDestinationMP
सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
D-11017/25

# आतंकवाद का कोई धर्म नहीं जगतगुरू सदानंद सरस्वती



**जबलपुर, देशबन्धु।** द्वारका शारदापीठ (गुजरात) के जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी ध्यानंद सरस्वती ने जारी बयान में कहा है कि - कश्मीर में भारत सरकार ने लाखों करोड़ का निवेश किया है यह पैसा पूरे हिन्दुस्तान का है सिर्फ मुसलमानों का नहीं। सभी प्रदेश सभी के लिए हैं यही लोकतन्त्र है। कश्मीर सिर्फ मुसलमानों के लिए है इस मानसिकता को दृढ़तापूर्वक कुचलना अब सुरक्षित भारत के लिए आवश्यक है। सभी क्षेत्रवादी शक्तियों को एक अखंड भारत का संदेश देना आवश्यक है। अखंड भारत का मतलब वर्तमान में जितने राज्य भारत में हैं उनकी एकजुटता से है। कश्मीर में न केवल हिन्दू अपितु ईसाइयों और सिखों को भी समान अनुपात में आगे लाना चाहिए। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि जो लोग यह कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता वे उक्त घटना से यह जान लें कि आतंकवाद का धर्म होता है? वैश्विक रूप से अब यह प्रमाणित है कि आतंकवाद में किस मजहब की लोग लगे हुए हैं। जिहाद के नाम पर एक धर्मविशेष के लोग अब दहशतगर्दी में पूरे विश्व में बदनाम हो गए हैं। भारत में दलगत राजनीति से जुड़े लोगों के साथ साथ जो धार्मिक, सामाजिक संगठन हैं, भारतीयता से ओतप्रोत जो मुस्लिम संगठन हैं उनको भी इस अवसर पर आगे आकर राष्ट्रीय एकता सुनिश्चित करनी चाहिए। एक सौ पचास करोड़ लोगों की एकता के बल से हमारी तीनों सेनाओं का इतना मनोबल इतना बढेगा कि विश्व में कोई भी हमारा सामना नहीं कर सकेगा। जगतगुरू ने पहलगामा आतंकवादी घटना की आलोचना की है।

## बॉलीवुड थीम पर सेलिब्रेशन, पारो-चंद्रमुखी की रैम्प वॉक

**जबलपुर, देशबन्धु।** बॉलीवुड थीम पर सेलिब्रेशन में क्लब मेंबर्स ने फिल्म एक्ट्रेस का लुक कैरी किया। रैम्प वॉक राउंड में किसी ने पारो का लुक अपनाया, तो किसी ने चंद्रमुखी के गेटअप में कैटवॉक की। शनिवार को दिलशान सिंधी लेडीज क्लब के तत्वावधान में बॉलीवुड थीम पार्टी का आयोजन हुआ। थीम डेकोरेशन बॉलीवुड पर आधारित रहा। कार्यक्रम में डीजे ईव, बॉलीवुड तम्बोला, फूड कोर्ट स्पेशल रहे।

## शिविर में लोकनृत्य का प्रशिक्षण



**जबलपुर, देशबन्धु।** इंद्रलोक परफॉर्मिंग आर्ट संस्था के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन शिविर लगाया जा रहा है। श्रीजानकीरमण में संचालित शिविर में विभिन्न प्रांतों के लोकनृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थापक एवं लोकनृत्य निर्देशक इंद्र पांडे, सहायक निर्देशक दीपाली ठाकुर, आर्या पांडे द्वारा प्रतिभागियों को लोकनृत्य में पारंगत किया जा रहा है। शिविर में बुंदेली, आदिवासी, मालवा, बघेली क्षेत्र से जुड़ी लोककलाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# डिसप्ले में लगाए बांधनी-चुनरी प्रिंट के प्रोजेक्ट



**जबलपुर, देशबन्धु।** ड्रेस डिजाइनिंग में छात्राओं का हुनर देखते ही बना। किसी ने डाई आर्ट का उपयोग कर दुपट्टे को नया रूप दिया, तो किसी ने साड़ी में कलाकारी दिखाई। शनिवार को गवर्नमेंट होमसाइंस एवं महिला विज्ञान कॉलेज में वस्त्र एवं तंतु विज्ञान विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय 'वस्त्र' थीम पर प्रदर्शनी आयोजित हुई। कार्यक्रम में यूजी और पीजी की छात्राओं ने वर्ष भर में बनाए गए टेक्सटाइल और परिधानों पर की कई कारीगरी के नमूने प्रदर्शित किए।

**बांधनी और चुनरी प्रिंट साड़ीज**

कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने प्रोजेक्ट में बांधनी और चुनरी प्रिंट की साड़ी तैयार की। इसके साथ ही स्टेन्सिल प्रिंटिंग की कुर्तीज भी अट्रैक्टिव रहीं। स्क्रीन प्रिंटिंग की बेड शीट्स ने सभी का ध्यान खींचा। वहीं डिजाइनर ब्लाउज के कलेक्शन में छात्राओं की क्रिएटिविटी नजर आई।

प्रदर्शनी में छात्राओं ने डाई आर्ट के जुड़े कई नमूने बनाए। इसमें साड़ी, कुर्ती और दुपट्टों का काम बेमिसाल रहा। सजावटी तकनीक का प्रयोग कर छात्राओं ने फैशन की मांग के अनुसार डिजाइनर ड्रेसेज रेडी किए। स्टूडेंट्स ने कहा कि इससे उन्हें स्वरोजगार से जुड़ने का माध्यम मिला है। मुख्य अतिथि रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. किरण शुक्ला रहीं। आयोजन में प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल, संयोजक विभागाध्यक्ष डॉ. भावना शर्मा, मंजु बरखाने, डॉ. रचना अग्रवाल, इंदु सोनी, छाया कोरी का सहयोग रहा।

# पहलगाम हमले में दिवंगत पर्यटकों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि




**जबलपुर, देशबन्धु।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन,इंदौर के आव्हान पर पूरे देश में एक साथ,एक समय,एक दिन पर केंडल मार्च में महाकौशल विंध्य रीजन,जीतो जबलपुर चेप्टर,मातृशक्ति,महिला परिषद एवं समस्त दिगंबर जैन सोशल ग्रुपों की सहभागिता से 26 अप्रैल,शनिवार,समय रात्रि 8 बजे से लॉर्डगंज थाना से केंडल मार्च प्रारम्भ किया गया प्रथम केंडिल लार्डगंज थाना प्रभारी नवल आर्या द्वारा प्रज्ज्वलित की गई,भाग लेने वाले सभी सदस्य पंक्ति बद्ध दो- दो की कतार में समरूप ड्रेस कोड में पुरुष वर्ग सफेद पैजामा, कुर्ता या सफेद पेंट शर्ट एवम् महिलाएं क्रीम साड़ी पहन कर इस मार्च में शामिल हुई सभी सदस्य केंडल (मोमबत्ती) लेकर मौन चल रहे थे यह रैली अनुशासनबध्य रूप से साथ मालवीय चौक पहुंच कर श्रद्धांजलि सभा में परिवर्तित हो गई। मालवीय चौक में एकत्रित समस्त सदस्यों एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने जन समुदाय की उपस्थिति में पहलगाम हमले में 26 पर्यटकों की दिवंगत आत्मा को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। इस भाव भीनी श्रद्धांजलि सभा में महाकौशल विंध्य के अध्यक्ष सी.ए. मनोज साधना जैन,प्रदीप ममता जैन, जीतो अध्यक्ष राहुल बड़कुल, चौधरी सुबोध जैन, यूथ अध्यक्ष मयंक सिंघाई, हर्ष सिंघई, संजीव चौधरी,पंचायत सभा के कैलाशचंद एवं महाकौशल विंध्य रीजन अंतर्गत समस्त ग्रुप्स के दंपति सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# रेलवे का जन आहार केन्द्र बंद

## गंदगी देकर भड़के वाणिज्य के मुखिया

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह ने अचानक अवकाश होने के बाद भी अचानक मुख्य स्टेशन के प्लेटफाम्र नम्बर 1 से 6 तक निरीक्षण किया । इस निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शंशाक गुप्ता स्टेशन प्रबंधक संजय शर्मा व उप स्टेशन प्रबंधक भी शामिल रहे।

मुख्य स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 6 में साफ सफाई की व्यवस्था को देखा स्टेशन के प्लेटफॉर्म में भी कई स्थानों में गंदगी पायी गयी। इसके अलावा श्री सिंह की नजर प्लेटफार्म नम्बर 6के जनआहार केन्द्र पर पड़ी वहां की गंदगी देखकर इनका पारा चढ़ गया। जन आहार केन्द्र में काकरोच व अन्य कई प्रकार की गल्ती देखी गई। इसको देखकर कोई भी सहजता का परिचय नहीं हो सकता है। इस केन्द्र से यात्रियों के लिए खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी जाती है। इस आहार केन्द्र में काकरोच और अन्य प्रकार की गंदगी देखते ही वाणिज्य विभाग शीर्ष प्रबंधन ने त्वरित ही आहार केन्द्र को बंद करने का निर्णय लिया और केन्द्र को बंद करवा दिया।

उल्लेखनीय है कि विगत दिवस वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ.मधुर वर्मा एवं शशांक गुप्ता, नीतेश सोने गुन्नार सिंह ने भी अनियमितताऐं पाए जाने पर स्टाल संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की थी। और जुर्माना राशि भ वसूल करके रेलवे राजस्व में जमा की थी। इस बात का असर कुछ दिनों तक ही रहा फिर बाद में वहीं पुराना ढर्रा चलने लगा।

स्टेशन परिसर में यात्री तीरथ प्रसाद गौतम श्रवण पांडे, मानसी सोनी, राखी बाजपेई एस ताम्रकार ने प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह और मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा की प्रशंसा की है। पमरे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह के इस कार्य की प्रशंसा की है। श्री सिंह का कहना है कि यह औचक निरीक्षण लगातार किया जाएगा।

## डा. सेठ निर्विरोध प्रबंधक चुने गये



**जबलपुर, देशबन्धु।** कन्या उ.मा. शाला सदर में सत्र 2025 से 2028 के चुनाव हुए जिसे एडवोकेट अजीत शर्मा ने चुनाव अधिकारी के रूप में विधिवत रूप से सम्पन्न कराये। भू-वैज्ञानिक एवं भूतपूर्व प्रो. जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर डॉ. के.के. सेठ को निर्विरोध शाला प्रबंधक घोषित किया गया शाला समिति के सदस्यों ने तालियों से पुरजोर स्वागत किया। डॉ. एन.के.बंसल अध्यक्ष, डॉ दीपक अग्रवाल उपाध्यक्ष, डी.ओ. पी.के. राव सचिव, शरद गोलछा कोषाध्यक्ष, डॉ. शंकर पांडे को संरक्षक एवं चमन अग्रवाल को आंतरिक लेखा परीक्षक के पदों पर चुना गया गौरतलब है कि कन्या उ.मा. शाला की स्थापना 1930 में हुई थी जो सदर क्षेत्र में कन्याओं की एकमात्र शाला थी।

# मंच पर सजीव हुई देवी अहिल्या की कहानी

**रानी दुर्गावती कलावीथिका में परिषद का कार्यक्रम**



**जबलपुर, देशबन्धु।** त्रिवेणी परिषद् के तत्वावधान में रानी दुर्गावती कलावीथिका में वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती वर्ष को समर्पित रहा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में संस्था की वरिष्ठ सदस्य प्रार्थना अर्गल मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने संस्था के उद्देश्यों प्रकाश दिया। समारोह के अगली कड़ी में एकल अभिनय प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने देवी अहिल्या के चरित्र, व्यक्तित्व और सामाजिक योगदान को मंचित किया। अतिथि भूमिका राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक, ललित कला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी ने निभाई।




**जबलपुर, देशबन्धु।** डा. हरिशंकर चंदेल को सियोल, दक्षिण कोरिया में आयोजित टीसीटीएपी 2025 (इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में से एक) में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतकर्ता का पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 27 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख कृष्ण पक्ष की अमावस्या, नक्षत्र-अश्विनी।**

**मेष** - आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे।

**वृषभ** - आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन** - दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे।

**कर्क** `क-

आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी।

**सिंह** - आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या** - शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा।

**तुला** - गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक** - आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**धनु** - आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग-उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे।

**मकर** - आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा।

**कुंभ** - प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे।

**मीन** - दैनिक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। घर में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव में उग्रता रहेगी। वाणी और व्यवहार में संभलकर काम करें।

म.

# धूमधाम से मनाई संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वीं जयंती



**जबलपुर, देशबन्धु।** युवा सेन समाज एसोसियेशन जबलपुर द्वारा 25 अप्रैल को सायं 6 बजे वृन्दावन गार्ड, शास्त्री नगर, लम्हेटाघाट मोड़ जबलपुर में एड. आदेश श्रीवास के संयोजन में धूमधाम से मनाया गया, जिसमें संत शिरोमणि सेन जी महाराज के 725वीं जयंती के अवसर पर उनके तेलचित्र पर माल्यार्पण कर उनकी महाआरती कर मिष्ठान्न फल आदि वितरित किया गए। इस अवसर समाज के वरिष्ठजनों का श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया व अत: में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही युवा सेन समाज मेडिकल द्वारा सेन जयंती का आयोजन हुआ, जिसमें एडवोकेट आदेश श्रीवास द्वारा सर्वप्रथम पहलगाम में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई।

# 28 अप्रैल को निधि आपके निकट शिविर का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय तथा कर्मचारी राज्य बीमा के सदस्यों की समस्याओं के निराकरण हेतु एक छत के नीचे कार्यक्रम के तहत संयुक्त रूप से निधि आपके निकट 2.0 एवं सुविधा समागम शिविर का आयोजन 28 अप्रैल को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, जबलपुर के साथ-साथ कार्यालय के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार में आने वाले अन्य 15 जिलों मे भी आयोजित किया जायेगा। राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने यह भी बताया कि 28 अप्रैल को आयोजित किये जाने वाले कैम्प के दौरान पेंशनरों के सहायतार्थ पेंशन हैल्प डैस्क स्थापित रहेंगे और साथ ही प्रयास एवं सामान्य पेंशन भुगतान आदेशों का वितरण भी किया जायेगा। निधि आपके निकट 2.0 एवं सुविधा समागम शिविर सतना, शहडोल, कटनी, सिंगरोली, छिंदवाड़ा, रीवा, उमरिया, मण्डला, डिंडोरी, नरसिंहपुर, अनूपपुर, बालाघाट, सिवनी, सीधी, पन्ना में जिला प्रशासन के सहयोग से कलेक्ट्रेट परिसर या संस्थान विशेष में उपयुक्त स्थान पर आयोजित किया जायेगा, जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के प्रवर्तन अधिकारी / लेखा अधिकारी / अनुभाग पर्यवेक्षक एवं सा.सु. सहायक की टीम द्वारा भविष्य निधि सदस्यों की शिकायतों को पंजीकृत कर शिकायतों का निराकरण करेंगे।

# गेहूं उपार्जन का काम 30 अप्रेल तक

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रशासन ने जिले के किसानों के लिये अब गेहूं उपार्जन की तारीख को 26 अप्रेल से 30 अप्रेल कर दी है, इससे गेहूं की फसल लेने वाले कृषकों को राहत मिली है। गौरतलब है कि पहले प्रशासन ने गेहूं उपार्जन की अंतिम तिथि 26 की थी। अब कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर जिले के किसानों को गेहूं उपार्जन के लिये और समय दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों सभी खरीदी केन्द्रों में उपज लाई जा रही है।




**जबलपुर, देशबन्धु।** 28 अप्रेल को संविधान बचाओं का रैली की शुरूआत ग्वालियर से होगी, इसमें जबलपुर से भी पार्टी जन शामिल होंगे। पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया, अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, पूर्व विधायक संजय यादव, आलोक मिश्रा, दिनेश यादव, अभिषेक चौकसे चिंटू, अयोध्या तिवारी ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि ईडी का गलत उपयोग किया जा रहा है, वहीं देश में महंगाई, बेरोजगारी जैसी मुद्दों को हल करने केंद्र सरकार कुछ नहीं कर रही है, संविधान संस्थाओं का बेजा इस्तेमाल हो रहा है। 3 से 10 मई तक जिले में भी इन्हीं विषयों को लेकर विधानसभा स्तर पर रैली होंगी। घर-घर संपर्क करने पार्टी जन जाएंगे और जनता को हकीकत बताएंगे।

# जीवन की श्रेष्ठ मित्र होती हैं किताबें

**जबलपुर, देशबन्धु।** बच्चों में कहानियां, उपान्यास और आत्मकथा के प्रति लगाव बढ़ाने के उद्देश्य से केन्द्रीय विद्यालय नम्बर वन जीसीएफ में विश्व पुस्तक दिवस के उपलक्ष्य में पुस्तकालय विभाग के तत्वावधान में पुस्तक मेला लगाया गया।

कार्यक्रम में विविध विषयों की पुस्तकें स्टूडेंट्स के लिए शामिल की गई। आयोजन में प्राचार्य रजनीश सिंघई ने कहा कि किताबे सबसे अच्छी मित्र होती हैं। किताबों की दुनिया में जो जीना शुरू कर देता है, वहीं शब्दों के ज्ञान से भर जाता है।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री गोल्डी खन्ना-** एपीआर कॉलोनी कटंगा निवासी श्री वीरेंद्र सिंह खन्ना के पुत्र श्री गोल्डी खन्ना (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**सुश्री प्रेमकुमारी चौधरी-** गोकुलधाम कॉलोनी न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री दुलीचंद चौधरी की पुत्री सुश्री प्रेमकुमारी चौधरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक कुमार साहू-** माढ़ोताल चुंगी नाका निवासी श्री राजकुमार साहू के पुत्र श्री दीपक कुमार साहू (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दीनदयाल पाराशर-** कालीमठ सुदामानगर मदनमहल निवासी श्री दीनदयाल पाराशर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**नीरज नेचलानी-** द्वारका नगर नारायण चौक के पास निवासी श्री धीरज नेचलानी के पुत्र नीरज नेचलानी (14) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जसवीर सिंह मैनी-** रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री जसवीर सिंह मैनी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुभाष चंद्र सोनकर-** भरतीपुर छोटी खेरमाई निवासी श्री सुभाष चंद्र सोनकर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश कोरी-** आजाद चौक गोरखपुर कोरी मोहल्ला निवासी श्री रमेश कोरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय सेन-** फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री संजय सेन (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस व अधिवक्ता भिड़े

## माढ़ोताल की घटना, दोनों पक्षों पर प्रकरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** वाहन चैकिंग के दौरान एक अधिवक्ता की गाडी को डंडा दिखाकर रोकने तथा चाबी निकालने की बात ने विवाद का रूप धारण कर दिया। विवाद के दौरान स्थित मारपीट तक पहुँच गयी थी। घटना की जानकारी मिलने पर बडी संख्या में अधिवक्ता वर्ग भी पहुंच गया था। विवाद के बाद दोनों पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

सीएसपी बी एस गौठरिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार माढोताल थानान्तर्गत वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट पहले एक युवक को रोका था। जिसकी गाडी में अधिवक्ता का मोनो लगा हुआ था। इस दौरान युवक व वाहन चेकिंग कर रहे पुलिसकर्मियों के बीच विवाद हो गया था। विवाद की सूचना मिलने पर अन्य अधिवक्ता भी पहुँच गये थे।

अधिवक्ता विवेक पटेरिया ने शिकायत दर्ज करवाई है कि वाहन चेकिंग के दौरान एस आई वीरेन्द्र तिवारी पुलिस कर्मियों ने उसने वाहन की जबरदस्ती चाबी निकालते हुए उसके साथ मारपीट की। जिसके कारण उसे हाथ में चोट आई है। इसके अलावा वाहन चेकिंग में लगे पुलिस कर्मियों का रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि अधिवक्ताओं ने पहुंचकर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों के कार्य में बाधा उत्पन्न की थी। पुलिस ने पुलिस कर्मियों के खिलाफ मारपीट तथा अधिवक्ता के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने का प्रकरण दर्ज कर लिया है।



### अधिवक्ता वर्ग पर की थी अशोभनीय टिप्पणी

जिला अधिवक्ता संघ के सचिव ज्ञान प्रकाष त्रिपाठी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर जब अन्य अधिवक्ता के साथ माढ़ोताल थाने पहुंचे तो एस आई विजेन्द्र तिवारी ने अधिवक्ता वर्ग पर अशोभनीय टिप्पणी की। इस संबंध में उन्होंने फोन पर थाना प्रभारी नीलेश दोहरे को सूचना दी। इसी दौरान उपस्थित पुलिस कर्मी बल पूर्वक सभी अधिवक्ताओं को थाने के अंदर ने जाने लगे।

## मस्जिद की तरफ फेंके पत्थर, प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थाना क्षेत्र मडई में अज्ञात तत्वों ने एक धार्मिक स्थल की तरफ पत्थर फेंके। पुलिस अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

सैय्यद दिलशाद अली निवासी व्हीकल कालोनी मडई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह उच्च न्यायालय जबलपुर में वकालत करते है। बीती रात घर में पढाई कर रहा था तभी मस्जिद के बगल में रहने वाले समीर रजा ने फोन कर बताया कि अज्ञात 03 व्यक्ति रोड पर चलते हुए दिखाई दे रहे है जो रोड से मस्जिद की तरफ पत्थर फेंक रहे है तब में उठकर आया तो उपरोक्त अज्ञात लोग मौके से भाग गए। इसके बाद में अपने आसपास के लोगों को बुलाया और मोहल्ले के सैयद असलम कादरी, रहमत खान, शाहनवाज अंसारी, सलीम अली, रहीम खान के साथ थाना रिपोर्ट करने पहुंचा। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# अंग्रेजी-देशी व कच्ची अवैध शराब के कारोबार में जुड़े चार आरोपी पकड़ाए

### 153 बॉटल अंग्रेजी एवं 50 पाव देशी शराब एवं 2 मोबाईल तथा आई टेन कार जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोहलपुर पुलिस ने अवैध शराब लेकर आ रहीं आई टेन कार को जप्त किया है। उक्त अवैध शराब का कारोबार करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस ने कार के अंदर से 150 बॉटल अंग्रेजी शराब व 50 पाव देशी शराब बरामद की है। इसी प्रकार गोरा बाजार पुलिस ने कच्ची अवैध शराब का कारोबार करने वाले दो आरोपियों को दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने 60 लीटर कच्ची शराब व स्कूटी जप्त की है, उक्त आरोप में एक विधि विवादित बालक है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की।

गोहलपुर टीआई प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि खजरी खिरिया बाईपास से सफेद रंग की आई-टेन कार क्रमांक एमपी 20 सीएफ-7527 में अवैध शराब लायी जा रहीं है। उक्त सूचना पर पुलिस ने खजरी खिरिया अमन नगर के पास घेराबंदी की। पुलिस की घेराबंदी देख आरोपियों ने कार आनंद नगर के अंदर मोड़ दी। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर कार को आगे रोक लिया। पुलिस ने कार चालक दीपक रजक उम्र 27 वर्ष निवासी डुमना रोड सैनिक सोसायटी मारुति होटल के पास खमरिया तथा उसके बाजू वाली सीट पर बैठे युवक आदित्य साहू उम्र 21 वर्ष निवासी सिद्ध बाबा साहू मोहल्ला घमापुर को हिरासत में लिया। कार की तलाशी लेने पर वाहन के पीछे व डिक्की में थैले में 5 कार्टूनों के अंदर 36 बॉटल बैगपाइपर अंग्रेजी शराब, 47 बोतल बैगपाइपर व्हिस्की, 35 बोतल मैगडावल रम, 35 बॉटल 8 पीएम व्हिस्की, 50 पाव देशी शराब रखी मिली। आरोपियों के कब्जे से 153 बॉटल अंग्रेजी एवं 50 पाव देशी शराब एवं 2 मोबाईल तथा आई टेन कार जप्त करते हुये उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की।

**कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार-** गोरा बाजार पुलिस ने भीटा से गोरा बाजार आने वाले मार्ग पर स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसपी-9050 को रोका। जिसका चालक भूरी बाई का बगीचा निवासी 17 वर्षीय बालक था और जैरीकेन पकड़कर पीछे बैठा युवक 21 वर्षीय रोशन कोरी को हिरासत में लिया। जिनके पास से पुलिस ने 60 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने स्कूटी और कार जप्त करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की।

# कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

## एक की मौत, दूसरा गंभीर

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरगी से काम कर मोटर साइकिल पर लौट रहे दो युवकों को एक तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए तिलवारा के चूल्हा गोलाई क्षेत्र में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक लहूलुहान होकर गिर गये। जिन्हें एम्बूलेंस से उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने 26 वर्षीय नरेन्द्र बर्मन को मृत घोषित कर दिया, वहीं सुरेन्द्र बर्मन को गंभीर हालत में उपचार के लिये भर्ती कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि घाना निवासी विनोद बर्मन, संजय बर्मन व दूसरी मोटर साइकिल में सुरेन्द्र बर्मन और नरेंद्र बर्मन मजदूरी करने बरगी गये थे। मजदूरी कर चारों मोटर साइकिलों से लौट रहे थे। रात्रि करीब साढ़े नौ बजे जैसे ही वे तिलवारा के चूल्हा गोलाई क्षेत्र में पहुंचे, उसी समय पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीके 9193 के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए नरेन्द्र बर्मन की मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे नरेन्द्र व सुरेन्द्र बर्मन बाईक सहित गिर गये और उन्हें गंभीर चोट आ गई। जिन्हें तत्काल ही एम्बुलेंस से उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत घाना निवासी 26 वर्षीय नरेन्द्र बर्मन को मृत घोषित कर दिया, वहीं सुरेन्द्र को गंभीर हालत में उपचार के लिये भर्ती कर लिया गया है।

## धान परिवहन घोटाले का एक आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** करोड़ों के धान परिवहन घोटाले को अंजाम देकर फरार चल रहे एक आरोपी को क्राइम ब्रांच और पनागर पुलिस की टीम ने दबोचा गया है। पूछताछ कर फरार चल रही है। अन्य आरोपियों की भी पतासाजी की भी जा रही थी।

जानकारी के मुताबिक क्राइम ब्रांच की टीम ने परिवहन घोटाले में शामिल मनीष घनघोरिया नाम के आरोपी को पकड़ा है। इसी तरह कई अन्य टीमों ने भी आरोपियों को पकड़ने छापेमारी की हैहै। बता दें कि पूर्व में घोटाले में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित किया गया था।

# प्रतिबंधित व विदेशी सिगरेट बेचने वाले पान संचालकों पर कार्यवाही

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रतिबंधित वेप-ई सिगरेट और विदेशी सिगरेट का कारोबार करने वाले चार पान दुकान संचालकों के खिलाफ ओमती पुलिस ने कार्यवाही की है। पुलिस ने आरोपी दुकान संचालकों के पास से वेप-ई-सिगरेट 44 नग, विदेशी सिगरेट 421 पैकेट कीमती तीन लाख एक हजार रुपये की बरामद की है।

पुलिस ने बताया कि सिविक सेंटर स्थित प्रभु वंदना टाकीज के पास नेहा पान भंडार दुकान का संचालक अपनी पान सिगरेट की दुकान में प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक वेप (ई-सिगरेट) एवं अन्य विदेशी तम्बाकू सिगरेट अवैध रूप से बेचकर धन अर्जित कर रहा था।

जिससे शहर के युवा नशे के आदि हो रहे थे। पुलिस ने दुकान संचालक राकेश केसरवानी निवासी अमखेरा गोहलपुर की दुकान से प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक वेप एवं विदेशी सिगरेट प्लेटिनम सेवन, डेवीडॉफ क्लासिक, एस्से डनहिल कम्पनी की तम्बाकू सिगरेट के पैकेट जिनमें विनिर्दिष्ट चेतावनी सहज दृश्य नही है बरामद की। दुकान संचालक से इलेक्ट्रॉनिक वेप (ई-सिगरेट) एवं अन्य विदेशी तम्बाकू सिगरेट बेचने हेतु अनुमति मांगने पर नही होना बताया। दुकान संचालक के कब्जे से 4 नग जो कंपनी के डिस्पोसेबल वेप डिवाईस (ई-सिगरेट) रखी मिली। आरोपी के कब्जे से प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक वेप 6 नग ई सिगरेट एवं विदेशी सिगरेट 34 पैकेट कीमती कीमती लगभग 35 हजार रुपये के जप्त करते हुये आरोपी राकेश केसरवानी के विरुद्ध इलेक्ट्रानिक सिगरेट निषेध अधिनियम तथा धारा 7, 8, 20 सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। इसके अलावा पुलिस ने इनकम टैक्स चौक मुन्ना पान दुकान के संचालक शिव नारायण गुप्ता की दुकान पर दबिश दी। जहां से प्रतिबंधित इलेक्ट्रोनिक वेप 38 नग ई-सिगरेट तथा विभिन्न कम्पनी की 258 पैकेट विदेशी सिगरेट कीमती 2 लाख 40 हजार रुपये की रखी मिली।




### तीन लाख की सिगरेट जप्त, चार संचालकों पर कार्यवाही

जिसके पास भी उक्त सिगरेट बेचने की अनुमति न होना पाया गया। पुलिस ने दुकान संचालक के कब्जे से 258 पैकेट विदेशी सिगरेट कीमत 2 लाख 40 हजार रुपये की जप्त करते हुये आरोपी शिव नारायण गुप्ता के विरूद्ध कार्यवाही की। तीसरी कार्यवाही मुन्ना भंडार के संचालक नया मोहल्ला निवासी शमशेर हुसैन की दुकान पर की गई। जिसके पास भी कोई वैध दस्तावेज नहीं पाये गये। मौके से पुलिस ने 85 पैकेट सिगरेट कीमती 18320 रुपये के जप्त किये। चौथी कार्यवाही नौदरा ब्रिज स्थित मुन्ना पान भंडार की दुकान में की गई। जिसके संचालक ने अपना नाम नया मोहल्ला बंगाली मस्जिद के समीप निवास सैफ अली बमाया। मौके से 44 पैकेट सिगरेट कीमती 7820 रूपये की जप्त की गई।

# भ्रष्टाचार के अपराध में सब पोस्ट मास्टर को पांच साल का कारावास

## पिता के साथ संयुक्त खाता खोलकर रकम हड़प कर पारिवारिक विश्वास तोडा

**जबलपुर,देशबन्धु।** टर्म डिपॉजिट खातों से रकम हडपने वाले सब पोस्ट मास्टर को सीबीआई न्यायालय ने विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार दिया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रूपेष कुमार गुप्ता ने आरोपी को विभिन्न धाराओं के तहत अधिकतम पांच साल की सजा तथा 36 हजार रुपये के जुर्माने की सजा से दंडित किया है। आरोपी ने अपने पिता के साथ संयुक्त खाता खोलकर उससे भी पांच लाख रुपये की राशि हड़प कर पारिवारिक विश्वास को तोड़ा है।

अभियोजन के अनुसार विषाल कुमार अहिरवार उम्र 39 साल सागर के बीना बजरिया स्थित पोस्ट ऑफिस में पोस्ट मास्टर के पद पर पदस्थ था। इस दौरान उसने 6 टर्म डिपॉजिट अकाउंट में जमा 32 लाख 77 हजार रुपये की राशि का व्यक्तिगत रूप से उपयोग किया। खातेदारों को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। आरोपी ने सिस्टम के पासवर्ड का उपयोग करने हुए उक्त राशि का स्थानांतरण अपने निजी खाते में किया था। आरोपी ने अपने पिता भागीरथ अहिरवार के साथ भी संयुक्त रूप से खाता खोलते हुए पांच लाख रुपये जमा किये थे। राषि जमा करने के बाद उक्त रकम भी आरोपी ने निकाल ली थी। जिसके संबंध में उसके पिता को कोई जानकारी नहीं थी। इस प्रकार आरोपी ने पारिवारिक विश्वास भी तोड़ा था। सीबीआई ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी,फर्जीवाड़ा सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। सीबीआई ने आरोपी के पिता तथा भाई को भी अभियोजन साक्षी बनाया गया था। न्यायालय ने प्रकरण के दौरान पेष किये गये साक्ष्य व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए उक्त सजा से दंडित किया। सीबीआई के तरफ से लोक अभियोजन संजय कुमार उपाध्याय ने पैरवी की।

## बताओ आदेश के बाद क्यों नहीं दी गई सुरक्षा डीजीपी सहित अन्य से जवाब तलब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर के पुलिस अधिकारियों से पूछा है कि पूर्व आदेश के पालन में याचिकाकर्ता को सुरक्षा क्यों प्रदान नहीं की गई। एक अवमानना मामले में जस्टिस एके सिंह की एकलपीठ ने डीजीपी कैलाश मकवाना, आईजी जबलपुर अनिल सिंह कुशवाहा, एसपी संपत उपाध्याय और एसएचओ ओमती राजपाल सिंह बघेल को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जबलपुर निवासी जितेन्द्र माखीजा ने पूर्व में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता पर जानलेवा हमले हुए थे। हाईकोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिए थे कि याचिकाकर्ता को सुरक्षा प्रदान की जाए। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट के आदेश की कॉपी के साथ पुलिस को आवेदन दिया। कार्रवाई नहीं होने पर अवमानना याचिका दायर की गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये है।




## .तो फिर दूसरी जमीन करे आवंटित

### जबलपुर कलेक्टर को निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने जबलपुर कलेक्टर को कहा कि यदि ग्राम पंचायत जनहित में तालाब बनवा रही है तो उसे जमीन बदल कर दूसरी आवंटित करें।

दरअसल सीहोर निवासी राजमल विश्वकर्मा की ओर से अधिवक्ता केके पांडे, कोशलेश पांडे व सिद्धार्थ पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत बिल्किस गंज की ओर से कलेक्टर को आवेदन पेश कर कहा गया कि उन्हें तालाब बनवाने के लिए उनकी जमीन के बदले कोई अन्य सरकारी जमीन दी जाये। कलेक्टर ने यह कहते हुए आवेदन निरस्त कर दिया कि भूमि निवर्तन निर्देश 2018 के तहत जमीन के बदले दूसरी जमीन केवल सरकारी निर्माण या सरकारी प्रोजेक्ट के लिए ही दी जा सकती है। दलील दी गई कि पंचायत भी सरकार का ही विभाग है। सुनवाई के बाद न्यायालय ने कहा कि भूमि निवर्तन निर्देश 2018 पंचायत पर भी लागू होता है।

## दस्तावेजों का परीक्षण कर नियुक्ति पर विचार करें : हाईकोर्ट

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ पटाक्षेप कर दिया कि याचिकाकर्ताओं के दस्तावेजों का परीक्षण कर नियुक्ति पर विचार करें। याचिकाकर्ता तहसील जवा जिला रीवा निवासी नंद कुमार द्विवेदी, सच्चिदानंद मिश्र, प्रभाकर सिंह व कल्पना द्विवेदी की ओर से पक्ष रखा गया। आवेदकों की ओर से दलील दी गई कि जनपद पंचायत जवा ने 1998 में शिक्षा कर्मी की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था। याचिकाकर्ताओं ने आवेदन किया था। पात्र होने के बावजूद जनपद पंचायत, सीइओ ने रिश्वत की मांग की। रिश्वत न देने पर अपेक्षाकृत कम अंक पाने वालों को नियुक्ति दे दी गई। जबकि याचिकाकर्ताओं का हक मार लिया गया। बाद में शिकायत होने पर रिश्वत कांड व गड़बड़ी के आरोपियों को सजा सुना दी गई। इसके बावजूद याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। इसीलिए हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## नई राइफल दो या फिर पचास हजार का हर्जाना

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दिये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** स्थानीय चुनाव के समय थाने में जमा कराई गई राइफल गायब होने के मामले को हाईकोर्ट ने सख्ती से लिया। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ को बताया गया कि उक्त मामले में दोषी पुलिस कर्मियों को विभागीय सजा तो दी गई, लेकिन आवेदन की राइफल अब तक वापस नहीं की गई है। जिसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने सरकार को निर्देशित किया है वह आवेदक को नई राइफल दे या फिर बतौर मुआवजा पचास हजार रुपये की राशि का भुगतान करे।

यह मामला छतरपुर जिले के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी रहे सैयद मजहर अली की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा व कौशलेन्द्र सिंह ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि आवेदक के पास लाइसेंसी राइफल थी, जिसे स्थानीय चुनाव के समय नियमानुसार छतरपुर के ओरछा पुलिस थाने में जमा कराई गई थी। चुनाव समाप्ति के बाद थाने से राइफल गायब हो गई। उक्त मामले की शिकायत पर विभागीय जांच हुई और दोषियों को सजा भी दी गई, लेकिन आवेदक की राइफल अब तक उसे वापस नहीं की गई। जिसको लेकर आवेदक ने आवेदक पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिये, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## हिरण नदी में अवैध रेत खनन पर जवाब-तलब

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने हिरण नदी के तट पर अवैध रेत खनन के मामले में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। इस संबंध में राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी किये गये हैं।

जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी मनोहर सिंह ठाकुर की ओर से अधिवक्ता साहिल बिल्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि न केवल हिरण नदी के तट पर अवैध रेत खान जारी है बल्कि सुरैया से सिमरिया सुरैया से धमनी मार्ग कुंवरपुर और बसंत पौड़ी मार्ग और पौड़ी इटवा मार्ग और कटरा ग्राम से बेल खेड़ा मार्ग पर अवैध रेत भंडारण भी हो रहा है। इस कार्य में महेंद्र सिंह लोधी, गुलाब सिंह, कैलाश गोपाल, ओंकार सिंह, रामेश्वर सिंह व उदयभान सिंह शामिल हैं। इसीलिए जनहित याचिका में इन्हें पक्षकार बनाया गया है। जनहित याचिका दायर करने से पूर्व पाटन पुलिस थाने के अलावा जिम्मेदार अमलों को शिकायत भेजी गई थी। जिसके बाद एक जांच दल का गठन किया गया। अंततरू अवैध खनन न होने की रिपोर्ट देकर लीपापोती की कोशिश की गई है। इसीलिए व्यापक जनहित में हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## शिक्षिका की बर्खास्तगी आदेश पर लगाई रोक

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने सुनवाई का अवसर दिए बिना माध्यमिक शिक्षक को सेवा से बर्खास्त करने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। इसके साथ ही याचिकाकर्ता शिक्षिका को सेवा में बने रहने और कार्य करने के निर्देश दिये है। साथ ही आयुक्त लोक शिक्षण, डीईओ छतरपुर और शासकीय स्कूल धमोरा के संकुल प्राचार्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।

याचिकाकर्ता छतरपुर निवासी रंजीता साहू की ओर से दलील दी गई कि विभाग ने 21 मार्चए 2025 को याचिकाकर्ता के दो से अधिक बच्चे होने के आरोप को सही पाते हुए उसकी सेवा समाप्त कर दी। नियम के नियम के अनुसार वर्ष 2006 या उससे पहले जिन अभ्यर्थियों की दो से अधिक संतान हैं, उन्हें नियुक्ति नहीं दी जाएगी। याचिकाकर्ता कर्मचारी है, वह उम्मीदवार नहीं है। उक्त नियम उम्मीदवार और अभ्यर्थियों के लिए बने हैं। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

# विशेष न्यायाधीश छह माह में शिकायत पर निर्णय लें

### सात वर्ष से लंबित होने का मामले में हाईकोर्ट के निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने विशेष न्यायाधीश सागर को निर्देशित किया है कि याचिकाकर्ताओं की शिकायत पर छह माह के भीतर निर्णय लिया जाए। इसी के साथ याचिका का निराकरण कर दिया गया।


याचिकाकर्ता सागर निवासी हरिराम उर्फ रोहित व गोवर्धन की ओर से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी व अमित चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर शिकायत वर्ष-2017 से विशेष न्यायालय के समक्ष लंबित है। सात वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उनके मामले पर अंतिम रूप से निर्णय नहीं हो सका है। उनकी निजी भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद अदालत में परिवाद दायर किया गया। जिस पर सात साल बाद भी निर्णय प्रतीक्षित है। याचिकाकर्ताओं को भारत के संविधान के अनुच्छेद-21 के अंतर्गत शीघ्र सुनवाई का मौलिक अधिकार प्राप्त है। हाई कोर्ट से पर्यवेक्षी क्षेत्राधिकार की शक्ति का प्रयोग करते हुए ट्रायल कोर्ट को निर्देश जारी करने का अनुरोध है। न्यायालय ने तर्कों से सहमत होकर विशेष न्यायाधीश सागर को निर्देशित किया है हाईकोर्ट के आदेश की प्रमाणित प्रति मिलने की तिथि से छह माह के भीतर याचिकाकर्ताओं की शिकायत पर निर्णय लिया जाए।

# सड़कों की रैलिंग पर लगे गमले, नालों में गंदगी का अंबार

**पाटन देशबन्धु।** जिले की पाटन निकाय के द्वारा गढ़ाकोटा की तर्ज पर चाहे जब खूबसूरत बनाने का प्रयास ज़िम्मेदार समय समय पर करते रहे है। वर्तमान स्थिति में आर्थिक तंगी से जूझ रही पाटन निकाय जनता के हितों को देखते हुए विकास की गाथा लिखने का एक भी मौका गंवाने तैयार नहीं है। बताया जाता है कि पाटन नगर बाहर से सुंदर दिखे और इस सुंदरता को कोई चोर चोरी न कर सके इसके लिए निकाय के जिम्मेदारों ने पाटन दमोह मुख्य मार्ग की रैलिंग पर गमला रखने के लिए एक लोहे का फ्रेम लगा दिया और उस पर गमला रखकर उसे रैलिंग के साथ वेल्डिंग करा दिया जिससे कोई चोर गमला न चुरा सके। वही इन गमलों में मोर पंख का पेड़ लगा दिया और इन गमलों को पानी मिले इसके लिए रात के वक्त फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी डाला जाता है। बताया जाता है जब भी फायर ब्रिगेड का वाहन निकाय से निकलता है तब तब 100 लीटर की डीजल पर्ची जिम्मेदारों के द्वारा बना दी जाती है। मुख्य सड़क की रैलिंग पर लगाए गए अलाउद्दीन के चराग से नगर की जनता बहुत प्रसन्न है। वही अलाउद्दीन के चराग को बार बार रगड़ने से फायर ब्रिगेड वाहन के लिए 100 लीटर डीजल की पर्ची जरूर निकल जाती है। अब तो लोग कहने भी लगे कि इस चराग से भले ही नगर में उजाला न हो लेकिन निकाय के भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारियों के घरों का अंधियारा जरूर दूर हो रहा है।

बताया जाता है कि वार्ड क्रमांक 11 में स्थित मस्जिद के बाजू से निकले नाले में इन दिनों गंदगी का ढेर लगा है जिससे नाला पूरी तरह चोख हो गया है। स्थानीय लोग बताते है कि इस नाले की साफ सफाई दरोगा नहीं करवाता है। इस नाले की साफ़ सफाई सिर्फ कागजों पर हो रही है। इसलिए इस नाले में आज भी कचरे और गंदगी का अंबार देखने को मिल रहा है। नाले में जमा प्लास्टिक,कचरा और गंदा पानी भरा पड़ा है। बारिश के मौसम में यह नाला चोक होकर जलभराव का कारण बन सकता है,लेकिन निकाय प्रशासन को इस बात की कोई चिंता नहीं है।

जब इस संबंध में निकाय सीएमओ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारा 100 गमलों का लक्ष्य है, अभी 25 से 30 गमले लगे है जिसकी लागत 35 हजार रुपए है इन गमलों में फायर ब्रिगेड या टैंकर जो भी वाहन उस समय उपलब्ध रहता है उससे पानी डाला जाता है। वही वार्ड नंबर 11 के नाले में गंदगी के सवाल पर सीएमओ मेम ने बताया कि उस नाले का निर्माण कार्य सोमवार से लगना है।





बारिश में खड़ी हो सकती है चोक नालों से परेशानी, सफाई पर नहीं ध्यान

# पाटन थाने में अंगद की भांति सालों से जमे आरक्षक

## चैकिंग के नाम पर ट्रकों से अवैध वसूली जारी, जिम्मेदार मौन

**पाटन देशबन्धु।** नगर में बिना नम्बर वाले वाहनों की धमाचौकड़ी एवं रेत गिट्टी, मुरम, मिट्टी सहित अन्य खनिज मटेरियल का परिवहन करने वाले ऐसे वाहनों में जानबूझ कर वाहन स्वामी नम्बर नहीं डलवाते है जिससे दस्तावेज ऑनलाइन कोई चैक न कर सके। इस प्रकार की समस्याओं को देखते हुए पुलिस कप्तान ने चैकिंग अभियान के तहत कार्यवाही के निर्देश जिम्मेदारों को दिए थे। लेकिन देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पाटन थाना क्षेत्र में चैकिंग प्वाइंट नहीं लगाये गए है। वही लापरवाह वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कोई भी कार्यवाही नहीं हो रही है। इसकी प्रमुख वजह वर्षों से पाटन थाने में जमे आरक्षक है। इन आरक्षकों के द्वारा गाड़ाघाट टोल प्लाजा और थाने के सामने, सिविल कोर्ट चौराहे के आसपास ऐसे वाहनों को रोककर चैकिंग के नाम पर रोजाना अवैध उगाही की जाती है।

सूत्र: बताते हैं कि चाहे वह भूसे वाली गाड़ी हो या फिर लेबर ढोने वाले कमर्शियल वाहन हो या महुआ का परिवहन करने वाले वाहन के साथ ही अवैध खनिज का परिवहन करने वाले वाहनों से थाने की चीता पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के नाम पर 1500 रुपए से लेकर 2000 रुपए तक की अवैध वसूली रोजाना की जाती है।




**महुआ परिवहन करने वाले ट्रकों से अवैध वसूली-** प्राप्त जानकारी के मुताबिक अवैध वसूली करने वाली चीता टीम के मुखिया प्रदीप शर्मा एवं इसके साथियों ने दिनांक 19 अप्रैल को रात लगभग 11 बजे महुआ लोड करके दमोह से जबलपुर जा रहे वाहन एमपी 20 जेडएस 8689 को थाने के सामने रोका और गाड़ी के पेपर चैक करने के बाद ड्राइवर से 2 दो हजार रुपए की मांग करने लगे जब ड्राइवर ने पैसा देने से इनकार किया तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और वाहन को कृषि उपज मंडी के सुपुर्द कर दिया। मंडी की कार्यवाही में उक्त वाहन पर लगभग 10 हजार के ऊपर का जुर्माना बना तो ड्राइवर पुलिस वालों को दो हजार रुपए देने तैयार हो गया, तब पुलिस वाले मंडी के कर्मचारियों पर दबाव बनाने लगे की वाहन को छोड़ो, लेकिन कृषि उपज मंडी के अधिकारियों वाहन पर नियमानुसार कार्यवाही कर जुर्माना ठोक दिया।

### इनका कहना

जब इस मामले में पुलिस एसडीओपी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पुलिस को अधिकार है वाहन चैक करना का और लीगल कार्यवाही करने का। आगे उन्होंने बताया कि यदि चीता टीम के द्वारा महुआ वाली गाड़ियों को टारगेट करके उनसे अवैध वसूली की जा रही है तो मैं इस मामले की जांच करवाता हूं।

**लोकेश डाबर,** पुलिस एसडीओपी, पाटन

## सार-समाचार

### मनमर्जी से खुल रहे हैं आयुर्वेदिक औषधालय

**बरेला, देशबन्धु।** शासन द्वारा आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए गांव-गांव में जहां आयुर्वेदिक औषधालय खोले गए हैं, ताकि लोगों को आयुर्वेद का लाभ मिल सके तथा और इन आयुर्वेदिक औषालय में डॉक्टर तथा अन्य स्टाफ भी नियुक्त किया गया है, ताकि आम जनता को इसका समुचित लाभ मिल सके। किंतु यह देखने पर आ रहा है की आयुर्वेदिक औषधालय मनमर्जी से खुल रहे हैं तथा यहां पर नियुक्त डॉक्टर और अन्य स्टाफ भी मनमर्जी से आ रहे हैं। इसके कारण जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र बम्हनी, कुढ़ारी उमरिया, पड़वार, बिलहरी स्थित आयुर्वेदिक औषधालय समय पर नहीं खुल पा रहे हैं। यहां पर नियुक्त स्टाफ ग्रामीण क्षेत्र में नहीं रहता है। अपितु जबलपुर से अप डाउन कर रहा है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र की जनता को इन आयुर्वेदिक अस्पतालों का संपूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा क्षेत्रीय ग्रामीण जनता को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला चिकित्सालय की ओर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इन आयुर्वेदिक अस्पतालों के औचक निरीक्षण की मांग जिला आयुर्वेदिक अधिकारी से की है।

### लिपिक अनुकम्पा नियुक्ति से हटाई जाए सीपीसीटी की शर्त : जितेंद्र सिंह

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने लिपिक-सहायक ग्रेड- 3 के पदों पर अनुकंपा नियुक्ति की तारीख से तीन वर्ष के अंदर सीपीसीटी कोर्स करने की शर्त को गलत बताया है। शासन की कर्मचारी हित की इस योजना का पूरा लाभ तभी अनाथ ओर विधवा महिलाओं को प्राप्त हो सकेगा। म.प्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रवक्ता अनिल भार्गव (बाबु) ने बताया है कि अनुकम्पा नियुक्ति से लिपिक के पद पर भर्ती अनेक कर्मचारियों को सीपीसीटी परीक्षा तीन वर्ष में उत्तीर्ण न करने के कारण वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दिया जा रहा है, इस अवधि में सीपीसीटी की परीक्षा उत्तीर्ण ना करने वालों की सेवाएं समाप्त होने की शर्त भी रखी जाती हैं। अनुकंपा नियुक्ति पर रखे गए मृत कर्मी के अनाथ बच्चों और उनकी विधवा पत्नि की उम्र भी अधिक होती है। कंप्यूटर का ज्ञान भी न होने के कारण यह कोर्स नहीं कर पा रहे हैं। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक अटल उपाध्याय, सह संयोजक देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, नरेश शुक्ला, नरेंद्र सेन, एसपी बाथरे, योगेंद्र मिश्रा, सतीश उपाध्याय, विनय नामदेव, अजय दुबे, अर्जुन सोमवंसी, रवि बांगड़ ने मध्य प्रदेश शासन के मुख्य मंत्री मोहन यादव से अनुकंपा नियुक्ति में लागू सीपीसीटी परीक्षा की शर्त को समाप्त कर सभी नियुक्त कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ देने की मांग की है।



### पनागर में भगवान परशुराम की प्रतिमा होगी स्थापित, चल रही तैयारियां

**पनागर, देशबन्धु।** ब्राह्मण एकता संगठन पनागर के मीडिया प्रभारी नितिन गौतम ने बताया कि पनागर में भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण बम्हनौदा रोड में विराजमान होंगे जिनकी तैयारियां भव्यता के साथ प्रारंभ हो चुकी है। नगर के प्रत्येक वार्डों में आमंत्रण के साथ विप्रजन घर घर जा रहे है। आज सुबह 9 बजे से सर्वेश मिश्रा के कार्यालय में एकत्रित होने की अपील ब्राह्मण एकता संगठन के सदस्यों ने की है।

### बंदियों के अधिकार तथा प्लीबार्गेनिंग विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**पाटन देशबन्धु।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार श्री ओमप्रकाश रजक जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पाटन के द्वारा उपजेल पाटन का निरीक्षण किया गया एवं बंदियों के अधिकार एवं प्लीबार्गेनिंग विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के द्वारा उपजेल पाटन में बंदियो से मुलाकात करते हुये उनकी समस्यायें सुनी एवं उन्हे विधिक सहायता हेतु जागरूक किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई संबंधी व्यवस्था को देखते हुये आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये एवं नवनिर्मित बैरकों का भी निरीक्षण किया गया। उप जेल के निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर के आयोजन के दौरान सहायक जेल अधीक्षक हेमेन्द्र बागरी सहित जेल कर्मचारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




### सूरज प्रसाद सोनी का निधन

**पनागर, देशबन्धु।** जयप्रकाश वार्ड निवासी श्री सूरज प्रसाद सोनी का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया है आप सुनील सोनी (भूरे), बल्लू सोनी के पिताजी थे एवं रामकुमार सोनी गोपाल दास सोनी के भाई मगन सराफ के चाचा जी थे अंतिम संस्कार जगमोहन वार्ड स्थित शमशान घाट में किया गया।



# नुनसर पुलिस चौकी क्षेत्र में अवैध परिवहन करते पकड़ी गई 70 बोरी डीएपी खाद

**पाटन, देशबन्धु।** जिले की देहात नुनसर चौकी के समीप निर्माणाधीन रिंगरोड पर पुलिस के द्वारा बुलेरो पिकअप में अवैध परिवहन करते पकड़े गई सतर बोरी डीएपी के प्रथम दृष्टया नकली पाये जाने पर कृषि अधिकारियों द्वारा परीक्षण हेतु नमूने लिये गये हैं।

डीएपी के अवैध परिवहन की सूचना मिलने पर उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश देकर उर्वरक निरीक्षक को तत्काल मौके पर भेजा था। बाद में उप संचालक कृषि डॉ निगम भी अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी एवं इफ्को कंपनी के उप महाप्रबंधक राजेश मिश्र के साथ पुलिस चौकी पहुंचे थे। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम के अनुसार डीएपी का अवैध परिवहन करते बुलेरो पिकअप को नुनसर चौकी के पुलिस स्टाफ द्वारा आज गुरुवार की सुबह पकड़ा गया मौके पर पहुंचे उर्वरक निरीक्षक ने पाया कि बुलेरो पिकअप वाहन एमपी 38 जेड डी 8508 में इफ्को की 31 एवं आईपीएल कंपनी की 39 बोरी डीएपी रितु ग्राम बायो फर्टिलाइजर सागर से कन्तोरा (नुनसर) लाई जा रही थी। जाँच में इस डीएपी को नकली होना पाया गया।

उन्होंने बताया कि इफ्को कंपनी की डीएपी की बोरियों की सिलाई हरे धागे से और फाइन होती है,जबकि जो बोरियां पाई गई उसमें सफेद धागे से सिलाई की गई थी। ओरिजनल डीएपी के बैग के रंग और अवैध परिवहन करते पकड़ी गई डीएपी के बोरियों के रंग में भी अंतर पाया गया। इसी प्रकार जिस फर्म ने डीएपी की सिलाई की है वह कंपनी की अधिकृत डीलर भी नहीं है इसकी पुष्टि इफ्को के उप महाप्रबन्धक ने की है।

उप संचालक कृषि के अनुसार अवैध परिवहन करते पकड़ी गई डीएपी का प्रारंभिक परीक्षण चूने के साथ रगड़कर किया गया जिसमें अमोनिया गैस की कोई गंध नहीं आई। इससे भी इनके नकली होने के संदेह की पुष्टि हुई। अवैध परिवहन करते पकड़ी गई डीएपी को वाहन सहित जप्त करके नुनसर चौकी पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है।



वाहन सहित नकली डीएपी जब्त कर आरोपियों पर किया मामला दर्ज

# जिला सलाहकार समिति, स्कूलों का निरीक्षण करें : कलेक्टर

**पाटन, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक स?सेना की अ?यक्षता में स?कूलों के सामने यातायात प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संपत उपा?याय,अपर कलेक?टर सुश्री मिशा सिंह,एडीशनल एसपी ट्राफिक श्रीमती सोनाली दुबे सहित सभी संबंधित अधि?कारी इस बैठक में मौजूद रहे। बैठक में कहा गया कि अधिकांश स?कूलों में स?कूल लगने व छूटने के समय सड़कों पर जाम की स्थिति से यातायात बाधित होता है। अत?सभी स?कूल प्रबंधक स?कूल वाहनों की पार्किंग अपने कैंपस में ही करायें,जहां से विद्यार्थियों को वाहन में बैठायें व नियत जगह पर ही विद्यार्थियों को उतारें। सड़क पर इस तरह की गतिविधियां न करें। स?कूल प्रबंधक यातायात नियमों का पालन करें। अधिकांश निजी वाहन विद्यार्थियों को संबंधित स?कूलों में लाते हैं और सड़क पर ही उ?हें उतारने व बैठाने का कार्य करते हैं,यह बिल?कुल न करें। कलेक?टर श्री स?सेना ने कहा कि इसके लिए जिला सलाहकार समिति का गठन करें और स?कूलों का निरीक्षण करें। स?कूल प्रबंधक को इस विषय पर समझायें यदि वे हठधर्मिता करते हैं,तो उन पर आवश?यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके साथ ही यातायात प्रबंधन को लेकर अ?य विषयों पर भी चर्चा की गई। जिसमें कहा गया कि सड़कों के किनारे लगे अस?थाई अतिक्रमण को हटाया जाये। गश्?त दल सक्रियता से भ्रमण करें और कार्यवाही करें। भारी वाहनों के प्रवेश के संबंध में भी आवश?यक निर्देश दिये गए ताकि सुगम यातायात में किसी प्रकार का कोई ?यवधान उत्पन्न न हो।

# गर्मी में उबल रहे शिक्षक, हीट स्ट्रोक का खतरा

**बरेला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी ने उच्च अधिकारियों से भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशिक्षण का समय बदलने की मांग की है। संघ के तहसील अध्यक्ष रजनीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा भीषण गर्मी में शाला प्रबंधन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण मॉड्यूल का प्रभारी शिक्षकों प्रधान अध्यापकों को सुबह 10 बजे से लेकर 5 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भीषण गर्मी का पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। 50 की उम्र पार कर चुके अधिकांश शिक्षक को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं है, जिससे कोई अनहोनी होने का खतरा शिक्षकों को के मन में समा रहा है। शिक्षकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को देखते हुए प्रशिक्षण सुबह की पाली पर करने की मांग संघ के शहजाद द्विवेदी, दालचन्द पासी, रजनीश कुमार पाण्डेय, अजय दुबे, सतीश उपाध्याय, मुकेश मेहरा, ब्रजेश दीक्षित, निर्मल लोधी, रामदास बरकडे, मनोज सिंह, शुभ संदेश सिंगौर,अंशुल साहु, सतीश बरकड़े, शेर सिंह, अर्पित दुबे, अनिकेत नामदेव, विवेक रैकवार, अभय पटेल, बबलू सिंह ठाकुर, राजेश हरदा, विजय लोधी, झनक लाल झारिया, कृष्ण कुमार मरावी, प्रदीप मिश्रा, प्रफुल्ल बनाफर, मोहित नाथ, राजेश रजक, गणेश सिंगरौल, गेंद लाल रजक, नितिन पाण्डेय, शुभम दुबे, प्रमोद विश्वकर्मा सुरेंद्र चौबे, आरके लखेरा, आरपी मरावी, प्रतीक पाठक, दिनेश पासी, डीके विश्वकर्मा,सुनील कटारे,राममिलन वरकडे,आदि कर्मचारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आतंकवाद का पुतला किया दहन



**बरेला।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में धीरे-धीरे आक्रोश निरंतर बढ़ता जा रहा है। नगर में आज व्यापारी संघ द्वारा शाम को जुलूस निकालकर थाने के सामने आतंकवाद के पुतले का दहन किया गया। यह जुलूस नगर के भैरव मंदिर से प्रारंभ होकर संपूर्ण नगर में भ्रमण किया गया। इसकी पश्चात आतंकवाद रूपी पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर सभी लोगों ने पहलगाम में मृत लोगों को शोक श्रद्धांजलि देने के पश्चात आतंकवाद के और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारे लगाए।

# पीएमश्री सालीवाड़ा विद्यालय की पत्रिका 'पहल' का विमोचन

**बरेला, देशबन्धु।** पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाड़ा गौर में पनागर विधायक सुशील तिवारी के द्वारा शाला की पत्रिका के 'पहल' के प्रथम अंक का विमोचन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि संयुक्त संचालक प्राचीश जैन एवं जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी सहित जनपद सदस्य मंजू गर्ग, मनोज यादव, मंडल अध्यक्ष राहुल बारी, सालीवाड़ा सरपंच सौरभ राय उपस्थित रहे। समस्त अतिथियों का स्वागत प्राचार्य द्वारा तुलसी का पौधा देकर किया गया पुस्तिका विमोचन के इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

विधायक सुशील तिवारी ने बाल गणेशा एवं तेलंगाना लोक नृत्य के विद्यार्थियों को दो हजार रुपए प्रति विद्यार्थी राशि से सम्मानित किया। विधायक ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षण के साथ पाठ्य सहगामी गतिविधियों को कराना आवश्यक बताया। संयुक्त संचालक ने जिले में पी एम श्री विद्यालय के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शाला परिवार को बधाई दी।1958 में सालीवाड़ा में शाला स्थापित होने को क्षेत्रवासियों की शिक्षा के प्रति आसक्ति की सराहना की। जिला शिक्षा अधिकारी घन श्याम सोनी ने शैक्षणिक स्तर में उत्तरोत्तर प्रगति के लिए प्रयास करते रहने के लिए शाला परिवार को शुभकामना दी।

उक्त आयोजन शाला की प्राचार्य श्रीमती आभा वानखेड़े के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पत्रिका के संपादक ध्रुव कुमार गुल्हानी उच्च माध्यमिक शिक्षक, एवं संपादक मण्डल के शुभम दियावार, दीपांशु पाठक के प्रयास से पत्रिका का स्वरुप निखर कर आया इसके लिए प्राचार्य ने इनकी प्रशंसा की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सरोज विनोदिया, संगीता तिवारी, क्षमा तिवारी,श्रद्धा राजपूत, दिनेश यादव की कड़ी मेहनत के लिए प्राचार्य ने बधाई दी। संकुल के विद्यालय माध्यमिक शाला तिलहरी तथा प्राथमिक शाला नीमखेड़ा की प्रस्तुति के लिए उनके शिक्षक एवं बच्चों की प्राचार्य ने प्रशंसा की।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी नृत्य, राम भरत मिलाप,घूमर नृत्य, राजस्थानीय लोक नृत्य, नन्हे बच्चों की रिमिक्स गानो की प्रस्तुति, लावणी, प्रेरक गीत, सत्यभामा रुक्मणि संवाद सभी प्रस्तुतियों ने अतिथियों,पालकों और बच्चों का मन मोह लिया।




# हमलावर बाघिन की निगरानी में जुटी वन विभाग की टीमें

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शनिवार को एक बाघिन की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। इस बाघिन ने 21 अप्रैल को कुसमहा में दो ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। बाघिन को गांव से दूर रखने के लिए टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। वन विभाग ने 20 कर्मचारियों की एक टीम गठित की है। टीम को तीन हाथियों और दो गाड़ियों का सहयोग दिया गया है। ये सभी जंगल में गश्त कर रहे हैं। टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने ग्रामीणों से जंगल में न जाने की अपील की है।प्रबंधन का अनुमान है कि बाघिन लगभग 12 वर्ष की है। संभवत: वह शिकार करने में असमर्थ है। हालांकि, अधिकारी इस बारे में कोई पुष्टि नहीं कर रहे हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक बी एस उप्पल के अनुसार, बाघिन का मूवमेंट अब जंगल की तरफ है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने बाघिन के रेस्क्यू की भी तैयारी कर ली है। अधिकारियों की अनुमति मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया जाएगा।



# शहपुरा की घटना से मची अफरा-तफरी, घरों से भागे लोग

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** भिटोनी रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार देर शाम एक बड़ा हादसा टल गया, जब पेट्रोलियम उत्पाद लेकर जा रही एक मालगाड़ी की बोगी में भीषण आग लग गई। बीपीसीएल डिपो से डीजल-पेट्रोल भरकर निकली इस ट्रेन के बोगी नंबर-2468 में आग बोगी के नीचे स्थित मेन कप्लर में लीक के कारण लगी। घटना रात करीब 8.45 बजे की है, जब शहपुरा के दो स्थानीय लड़कों ने बोगी से उठती लपटें देखीं और तत्काल इसकी सूचना स्टेशन मास्टर और पुलिस को दी।

पेट्रोल से भरी लगभग 50 बोगियों वाली इस ट्रेन की 4-5 बोगियों से लगातार भीषण लपटें उठने लगीं, जिससे अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बन गया। लोग घरों से बाहर निकल आए, कई परिवार अपने घर खाली कर 20 किलोमीटर दूर सुरक्षित स्थानों की ओर निकल गए, पुलिस, आरपीएफ और फायर ब्रिगेड की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और इलाके को घेर लिया। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के इलाकों को खाली कराया गया और लोगों को स्टेशन से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की हिदायत दी गई। शहपुरा और आसपास के फायर ब्रिगेड कर्मियों के साथ भारत पेट्रोलियम और आयुष कंपनी के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। 10 दमकलों और फोम के उपयोग से करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। यदि आग समय पर नहीं बुझाई जाती तो यह एक भयावह हादसा बन सकता था, जिससे 20 किलोमीटर तक के क्षेत्र प्रभावित हो सकता था।प्रत्यक्षदर्शी वीरू रजक ने बताया कि वह स्टेशन पर चाय पीने आया था, तभी उसने बोगी से उठती लपटें देखीं। वीरू ने तत्काल स्टेशन मास्टर को सूचना दी, जिससे स्टेशन को खाली करवा लिया गया। वीरू ने यह भी बताया कि यहां वैगनों से पेट्रोल-डीजल की चोरी आम बात है, जिससे इस तरह की घटनाएं बार-बार घटित हो रही हैं।



**हादसे की जांच में जुटी जबलपुर पुलिस**

उन्होंने बताया कि आग की सूचना मिलते ही दमकल टीमों को रवाना कर दिया गया था। रेलवे, स्थानीय प्रशासन और पेट्रोलियम कंपनी के संयुक्त प्रयास से बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और दोषियों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। वर्तमान में नरसिंहपुर और कटनी की ओर जाने वाली ट्रेनों को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। रेलवे ट्रैक की जांच जारी है और स्थिति सामान्य करने की प्रक्रिया तेजी से की जा रही है। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

**घर छोड़कर भाग गए लोग-** 50 बैगन थे, जिसमें 70 हजार लीटर तेल था। स्थानीय निवासी मोनू जायसवाल ने बताया कि करीब 14 हजार लोगों की यहां आबादी है। लोग अपने परिवार को लेकर यहां से दूर भाग गए। घटना को देखते हुए पूरा इलाका खाली हो गया। बताया जाता है कि डीजल-पेट्रोल चोरी होने की घटना आए दिन होती रहती है, जिस कारण इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं।

## पाक सेना प्रमुख की भड़काऊ बयानबाजी, फिर अलापा टू नेशन थ्योरी का राग

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल सैयद असीम मुनीर ने शनिवार को एक बार फिर द्वि-राष्ट्र सिद्धांत का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इसके पीछे मूल विचार यह है कि मुस्लिम और हिंदू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुनीर ने ऐबटाबाद के काकुल में पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी (पीएमए) में पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए कहा, द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस मौलिक विश्वास पर आधारित है कि मुसलमान और हिंदू एक नहीं, बल्कि दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं - धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा, सोच और आकांक्षाओं - में हिंदुओं से अलग हैं।अ पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान का अस्तित्व अद्वितीय संघर्ष और कुर्बानी का नतीजा है। उन्होंने कहा कि इसकी सुरक्षा करना देश के सशस्त्र बलों का कर्तव्य है। मुनीर ने पहलगाम हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव का जिक्र करते हुए कहा, हमारे पूर्वजों ने पाकिस्तान के निर्माण के लिए बलिदान दिया। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है।

# सिंधु का पानी बहेगा या फिर उनका खून..

## जल संधि पर बिलावल भुट्टो की गीदड़ भभकी

**जम्मू-कश्मीर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच में संबंध लगातार तनाव में बने हुए हैं। इसी बीच दोनों तरफ से बयानबाजी शुरू हो गई है। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पीपीपी के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंधु जल संधि को लेकर भारत को गीदड़ भभकी दी है। भुट्टो का कहना है कि सिंधु नदी पाकिस्तान की है और अगर भारत ने उसका पानी रोकने की कोशिश की तो भारत को इसका अंजाम भुगतना होगा।



एक रैली में पाकिस्तान के लोगों को संबोधित करते हुए पीपीपी प्रमुख ने कहा, मैं सिंधु दरिया के पास खड़े होकर यह साफ कर देना चाहता हूं कि सिंधु नदी हमारी थी, हमारी है और हमारी ही रहेगी.. या तो इस नदी का पानी बहेगा या फिर उनका खून, जो हमारी नदी को हमसे छीनना चाहते हैं। बिलावल भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच में समझौता हुआ था। इस समझौते में भारत कह चुका है कि सिंधु नदी पाकिस्तान की है। आज मोदी कहते हैं कि हम इस समझौते को नहीं मानते हैं। ऐसा नहीं हो सकता। यह बात कोई नहीं मानेगा। पाकिस्तान की जनता नहीं मानेगी और न ही भारत की जनता हमारे ऊपर होता यह अत्याचार नहीं बर्दाश्त करेगी।

### अपनी कमी हम पर थोप रहा भारत- भुट्टो

पाक नेता ने भारत के ऊपर आतंकी हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान पर थोपने का आरोप लगाया। भुट्टो ने कहा कि कश्मीर में आतंकी हमला हुआ है। हम सभी ने उसकी निंदा की है। हमने कहा भी कि पाकिस्तान को खुद आतंकवाद से पीड़ित है लेकिन भारत ने हमारे ऊपर ही इसका आरोप लगा दिया। मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि अगर आपकी जनसंख्या ज्यादा है आप बड़े देश हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप कोई भी फैसला मन मुताबिक ले लेंगे। पाकिस्तान की जनता गैरतमंद है.. बहादुर है वह अपने हकों की रक्षा करना जानती है।

### सिंधु घाटी सभ्यता के असली वारिस हम- भुट्टो

बिलावल भुट्टो ने कहा कि पीएम मोदी जहां भी जाते हैं अपने आप को हजारों साल पुरानी सभ्यता का बताते हैं। मैं आपको बता देना चाहता हूं कि आज जहां हम खड़े हैं वही पर सिंधु घाटी सभ्यता का जन्म हुआ था। हम इस सभ्यता के असली वारिस हैं। हम इस दरिया के असली वारिस हैं। पाकिस्तानी पंजाब में शहबाज शरीफ सरकार के साथ मिलकर सरकार चला रहे भुट्टो ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री शरीफ को यह बता देना चाहता हूं कि राज्य के मसलों में शायद हमारी सोच एक जैसी न हो लेकिन पाकिस्तान के हक के लिए हम उनके फैसले के साथ हैं।

## 'गंदा काम' करने वाले पाकिस्तान ने की अंतर्राष्ट्रीय जांच की मांग, कहा- युद्ध से आएगी आपदा

**जम्मू-कश्मीर।** पाहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले में 26 लोगों की हत्या के बाद भारत द्वारा उठाए गए कड़े कदमों के बीच पाकिस्तान ने एक बार फिर अपने हाथ होने से इनकार कर दिया है। वहीं, भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए कई रणनीतिक और कूटनीतिक फैसले लिए हैं।

भारत सरकार ने सख्ती दिखाते हुए पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों को निष्कासित कर दिया है। सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया गया है। अटारी भूमि-सीमा पोस्ट को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। अटारी सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश करने वाले सभी पाकिस्तानियों को 1 मई तक देश छोड़ने का आदेश दिया गया है।

**पाकिस्तान का बयान और दावा**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने न्यू यॉर्क टाइम्स को दिए साक्षात्कार में इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पाकिस्तान किसी भी अंतरराष्ट्रीय जांच में सहयोग को तैयार है। उन्होंने भारत पर बिना सबूत कार्रवाई करने का आरोप लगाया और कहा कि यह कदम घरेलू राजनीतिक फायदे के लिए उठाए गए हैं। आसिफ ने कहा, हम इस युद्ध को नहीं भड़काना चाहते क्योंकि इससे पूरे क्षेत्र के लिए आपदा खड़ी हो सकती है।

## आज का इतिहास

1526 – मुगल शासक बाबर दिल्ली के सुल्तान को पराजित कर नया बादशाह बना।

1662 – नीदरलैंड और फ्रांस ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किए।

1748 – मुगल शासक मुहम्मद शाह का दिल्ली में निधन हुआ।

1878 – कलकत्ता विश्वविद्यालय ने महिलाओं को विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में पात्रता के लिए पहली मंजूरी दी।

1908 – लंदन में चौथे ओलंपिक खेल शुरू हुए।

1941 – जर्मनी की सेना ने एथेंस (यूनान) पर कब्जा किया।

1942 – अमेरिका के ओकलाहोमा प्रांत में तूफान के कारण 100 लोग मारे गए।

1960 – नेशनल डिफेंस कॉलेज की नई दिल्ली में स्थापना।

## सुडोकू 6895

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | | | | 1 |
| | 2 | | 5 | | 4 | 3 | | 9 |
| | | | | 6 | | | | 2 |
| | 5 | | | 8 | | 9 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 4 | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | | | 3 | | | | |
| 3 | | 2 | 9 | | 1 | | 7 | |
| 5 | | | | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने झाड़ा पल्ला, दोस्त डेविड हेडली पर फोड़ा ठीकरा

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड के रूप में जाना जाने वाले तहव्वुर हुसैन राणा ने मुंबई क्राइम ब्रांच की पूछताछ में चौंकाने वाला दावा किया। राणा ने 26/11 आतंकी हमले से अपना पल्ला पूरी तरह से झाड़ लिया है। अधिकारियों ने बताया कि खुद को इस हमले से पूरी तरह बेगुनाह बताते हुए राणा ने कहा कि उसे 26/11 हमले से कोई लेना-देना नहीं है। इस हमले के लिए उसने अपने बचपन के दोस्त डेविड कोलमैन हेडली को जिम्मेदार ठहराया है। राणा ने पूछताछ के दौरान यह भी कहा कि मुंबई हमले की साजिश में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। इसमें डेविड हेडली का हाथ था। पूछताछ में राणा ने यह भी बताया कि वह दिल्ली और मुंबई के अलावा केरल भी गया था। जब अधिकारियों ने उससे केरल जाने की वजह पूछी, तो उसने बताया कि वह वहां अपने जानने वालों से मिलने गया था। राणा ने केरल में अपने परिचित व्यक्ति का नाम और पता भी एजेंसी को सौंपा है। इस जानकारी के बाद क्राइम ब्रांच अब राणा के दावों की पुष्टि करने की तैयारी में जुट गई है। संभावना जताई जा रही है कि जांच एजेंसी की एक टीम जल्द ही केरल रवाना हो सकती है, ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके। 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। राणा को लॉस एंजेल्स से एनआईए और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की टीमों के साथ एक विशेष विमान से भारत लाया गया। अमेरिका में राणा ने अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए कई कानूनी कोशिश की, जिसमें अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में आपातकालीन याचिका भी शामिल थी। सभी याचिकाएं खारिज होने के बाद प्रत्यर्पण संभव हो सका। भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ मिलकर इस प्रक्रिया को पूरा किया। एनआईए ने राणा के प्रत्यर्पण के लिए वर्षों तक प्रयास किए। एजेंसी ने अमेरिका की एफबीआई, न्याय विभाग (यूएसडीओजे) और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया।

## बीएलए का दावा : क्वेटा में आईईडी ब्लास्ट में पाकिस्तानी सेना के 10 जवान मारे गए

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा के मर्गाट इलाके में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तानी सेना के 10 जवानों को मार गिराने का दावा किया है। यह हमला एक रिमोट-कंट्रोल आईईडी के जरिए किया गया, जिससे सेना का एक वाहन पूरी तरह नष्ट हो गया। बीएलए ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए बयान जारी किया है। संगठन के प्रवक्ता जीयंद बलोच ने कहा, यह हमला पाकिस्तान की काबिज सेना के खिलाफ हमारे जारी संघर्ष का हिस्सा है। हमले में मारे गए सैनिकों में सूबेदार शहजाद अमीन, नायब सूबेदार अब्बास, सिपाही खलील, सिपाही जाहिद, सिपाही खुर्रम सलीम सहित अन्य जवान शामिल हैं। बीएलए ने अपने बयान में कहा, हमारे ऑपरेशन तब तक जारी रहेंगे जब तक बलूच भूमि पर कब्जा करने वाली सेना का पूरी तरह खात्मा नहीं हो जाता। इससे पहले बीएलए ने 16 मार्च को बलूचिस्तान प्रांत में सेना के काफिले पर हमला किया था, जिसमें पांच सैनिकों को मार गिराया था और 12 अन्य घायल हुए थे। यह हमला पाकिस्तानी सेना के फ्रंटियर कोर (एफसी) के काफिले पर नोशाकी में राष्ट्रीय राजमार्ग पर किया गया था।

## लंदन में पाकिस्तानी डिप्लोमैट की शर्मनाक हरकत, प्रदर्शनकारियों की तरफ किया गला रेतने का इशारा




**जम्मू-कश्मीर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर लंदन में पाकिस्तानी दूतावास के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगों की तरफ पाकिस्तानी राजनयिक ने गला रेतने का धमकी भरा इशारा किया है।

इसके बाद वहां मौजूद लोगों में और सोशल मीडिया पर आक्रोश पैदा हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक लंदन स्थित पाकिस्तानी दूतावास में रक्षा अताशे के रूप में काम करने वाले तैमूर राहत धमकी भरा इशारा करते हुए कैमरे में कैद हो गए। पाकिस्तानी राजनयिक का यह व्यवहार तब सामने आया जब पाकिस्तानी दूतावास के बाहर भारतीय मूल के लोगों ने पहलगाम हिंसा को लेकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया और पाकिस्तान से आतंकवाद फैलाने से बाज आने को कहा। कई प्रदर्शनकारी इस दौरान वहां मौजूद थे। इसी बीच पाकिस्तानी डिप्लोमैट्स भी वहां छत पर आ गए और उन्होंने प्रदर्शनकारियों को उकसाना शुरू कर दिया।

### विंग कमांडर अभिनंदन का पोस्टर लहराया

भारतीय प्रदर्शनकारियों को उकसाने के लिए पाकिस्तानी राजनयिकों ने भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्थमान का एक पोस्टर लहराया, अभिनंदन 2019 में पाकिस्तानी विमान एफ 16 को गिराने के बाद पाकिस्तान में क्रैश कर गए थे। अभिनंदन का पोस्टर लहराने के साथ ही पाकिस्तानी डिप्लोमैट ने भारतीय प्रदर्शनकारियों की तरफ उंगली दिखाते हुए गला रेतने का इशारा किया। डिप्लोमैट के इस इशारे के बाद उसके आसपास मौजूद लोग हंसते हुए नजर आते हैं। पाक राजनयिक की इस हरकत के बाद लोगों का गुस्सा लगातार भड़क रहा है। कई लोगों ने इस हरकत को लेकर कहा कि पाक राजनयिक को वापस पाकिस्तान भेज देना चाहिए।


## संधि रद्द करने से खौफ में पाकिस्तान

**जम्मू-कश्मीर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से सिंधु जल संधि को निरस्त करने का फैसला लिया गया है। इसको देखते हुए पाकिस्तान ने भी अपने चोलिस्तान नहर परियोजना को रद्द करने का फैसला लिया है। भारत के जल संधि रद्द करने से खौफ में पाकिस्तान, सिंधु नदी पर नहर परियोजना कर दी रद्द

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों के बीच में तनाव बढ़ा हुआ है। भारत की तरफ से सिंधु जल संधि रद्द करने के बाद पाकिस्तान की सरकार ने इस नदी पर नहर बनाने की परियोजना को रोकने का निर्णय लिया है। इस महत्वाकांक्षी चोलिस्तान परियोजना का उद्घाटन सेना प्रमुख जनरल आसीम मुनीर और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने पंजाब के रेगिस्तानी क्षेत्र की सिंचाई करने के लिए किया था। स्थानीय राज्य सरकार और पाक केंद्र सरकार के सहयोग से शुरू की जाने वाली इस परियोजना स्थानीय पार्टियों ने विरोध शुरू कर दिया था। मरियम सरकार का हिस्सा पीपीपी ने भी इस परियोजना का विरोध किया था, जिस पर राज्य के माहौल में तनाव की स्थिति बन गई थी। हालांकि अब भारत और पाकिस्तान के तनाव के बीच में पाक सरकार को परियोजना रोकने का मौका मिल गया, जिसके बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी के साथ मुलाकात करके नहर परियोजना को रोकने पर सहमति जताई थी। दोनों पक्षों ने इस इस बात पर भी सहमति जताई थी कि विवादास्पद नहर परियोजना तब तक निलंबित रहेगी जब तक कि प्रांतों के बीच विवादों से निपटने के लिए उच्चस्तरीय अंतर-प्रांतीय निकाय 'काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट्स' (सीसीआई) में इस मुद्दे पर आम सहमति नहीं बन जाती। पाकिस्तानी अखबार डॉन की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बिलावल के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों पक्षों ने देश की स्थिति और नदियों के संबंधित भारत की घोषणाओं पर विस्तार से विचार किया है।

उन्होंने कहा, आज (शुक्रवार को) पीपीपी और पीएमएल-एन के बीच बैठक में हमने आपसी सहमति से फैसला किया है कि जब तक सीसीआई में आपसी सहमति से कोई फैसला नहीं हो जाता, तब तक कोई और नहर नहीं बनाई जाएगी और संघीय सरकार ने फैसला किया है कि प्रांतों के बीच आम सहमति के बिना नहरों पर आगे कोई प्रगति नहीं होगी। सीसीआई की बैठक दो मई को होगी, जिसमें पीपीपी और पीएमएल-एन के निर्णयों के समर्थन को लेकर विचार किया जाएगा।

## वर्ग पहेली 6895



**बायें से दायें:-**

१. अपमानित, बेइज्जत (उर्दू)
३. मर्दुम, शुमारी, किसी क्षेत्र की गणना
५. स्थिर
६. उर्दू के एक प्रसिद्ध शायर
७. पासपोर्ट
८. एक ही समय में रहने या होने वाला
१३. सितम, जुल्म
१५. व्याकुल, बेचैन
१६. अत्यधिक, श्रम के कारण उत्पन्न शारीरिक शिथिलता
१७. किसी व्यापारिक संस्था के लेन-देन का हिसाब रखने वाला
१८. विपणन, तिजारत
२०. निरंतर
२२. पाठशाला (उर्दू)
२३. तूणिर

**ऊपर से नीचे:-**

१. अनियंत्रित निरंकुशहीन
२. हठात्
३. कलेवा नाश्ता
४. किसी संस्था आदि की स्थापना करने वाला
५. रात्रि, रजनी
९. इच्छा, कामना
१०. दुर्गा
११ आलीशान
१२. विश्वास, भरोसा :उर्दू)
१४. विनोबा भावे से संबंधित एक स्थान
१७. अभियान:उर्दू)
१९. अग्नि
२०. इस समय
२१. व्यसन, बुरी आदत

### वर्ग पहेली-6894



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**तैयारी** — *पहलगाम नरसंहार का बदला लेने की तैयारी में जुटी भारतीय सेना*

## आतंकी प्रशिक्षण शिविरों को तबाह करने के सुझाए जा रहे विकल्प

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, (देशबन्धु)। पहलगांव नरसंहार का बदला लेने की खातिर भारत, पाकिस्तान पर हमला बोलेगा परंतु सिर्फ आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों पर। हालांकि वह इस हमले के परिणामों से भली-भांति अवगत है जिस कारण वह सीमाओं पर सुरक्षा प्रबंध मजबूत करने के लिए सेना को तैनात करने लगा है।**

वैसे पाकिस्तान द्वारा सीमाओं पर सेना का जमावड़ा करने की पहल की गई है क्योंकि वह जानता है कि भारत पहलगांव में हुए हमले का बदला अवश्य लेगा। उच्च पदस्थ रक्षा सूत्रों के मुताबिक, सीमाओं पर फौजों तथा सैनिक साजों सामान की तैयारी हालांकि किसी जंग की खातिर नहीं है बल्कि हमले का बदला लेने के लिए की जाने वाली जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान की ओर से जिस युद्ध को छेड़े जाने की संभावना है, उसका मुकाबला करने के लिए है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, पाक कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवाद के ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला करने की खातिर भारतीय सेना ने पूरी तैयारी कर ली है। हालांकि एक सूत्र के अनुसार, ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला करने तथा उसके परिणामों से देश को बचाने की खातिर की जाने वाली तैयारियों के लिए भारतीय सेना ने 20 से 30 दिनों का समय मांगा है और यह संभावना बढ़ती जा रही है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के बाद हमले का आगाज हो सकता है। रक्षाधिकारियों के अनुसार, पाक कब्जे वाले कश्मीर में स्थित ट्रेनिंग कैम्पों पर प्रहार करने की खातिर जो तैयारियां आरंभ की गई हैं उनमें पृथ्वी जैसी मिसाइलों की तैनाती से लेकर बोफोर्स तोपों की तैनाती भी होगी ही सेना की कई कमांडों यूनिटों को भी इसके लिए तैयार रहने को कहा गया है जिन्हें उनके टास्क के बारे में पूरी जानकारी दे दी गई है।



■ **पाक की जवाबी कार्रवाई को रोकने के लिए होगी सेना की तैनाती**

फिलहाल यह सुनिश्चित नहीं है कि आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों पर हमले के लिए सभी विकल्पों का एकसाथ इस्तेमाल होगा या फिर बारी-बारी से उनका प्रयोग किया जाएगा।

इन ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला कर उन्हें तबाह करने के लिए जो विकल्प सुझाए जा रहे हैं उनमें सबसे प्रमुख जमीन से जमीन पर मार करने वाले मिसाइलों का इस्तेमाल तो है ही कमांडो रेड भी शामिल हैं। हालांकि सेनाधिकारियों का विचार है कि सबसे पहले भारत को बिना एलओसी को लांघे ट्रेनिंग कैम्पों को तबाह करने की कोशिश करनी होगी जिसके लिए मिसाइलों तथा बोफोर्स तोपों का इस्तेमाल ही सबसे बेहतर माना जा रहा है।

यही नहीं, मिसाइलों तथा बोफोर्स तोपों के बाद कमांडो रेड तथा हवाई हमलों के विकल्प को भी खुला रखा गया है। इन दोनों विकल्पों का इस्तेमाल उसी स्थिति में किया जाएगा जब पहले वाले दो विकल्पों से जो ट्रेनिंग शिविर बच जाएंगें उन्हें नष्ट करने की खातिर।

# खेल जगत

**आईपीएल उस मुकाम पर पहुंच गया है जहां 300 रन बनना भी संभव है : रिंकू सिंह**

**नई दिल्ली।** भारत और कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने माना है कि आईपीएल इतना परिपक्व हो गया है कि मौजूदा टूर्नामेंट में 300 रन बनना भी संभव है। आईपीएल दुनिया में फ्रेंचाइजी टी20 लीग का शिखर रहा है और 2008 में अपनी शुरुआत के बाद से इसने उस मानक को बनाए रखा है। दुनिया के शीर्ष प्रतिभाशाली खिलाड़ी इस लीग में खेलते हैं और यह सबसे छोटे प्रारूप में सबसे प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंटों में से एक है। रिंकू ने टीम के 300 रन के आंकड़े को पार करने की संभावना का समर्थन किया और पिछले सफल चेज को इस बात का सबूत बताया कि खेल कैसे विकसित हुआ है। रिंकू ने जियो हॉटस्टार के 'जेन बोल्ड' पर कहा कि हां, हम ऐसा कर सकते हैं। आईपीएल उस मुकाम पर पहुंच गया है जहां 300 रन भी संभव है; पिछले साल, पंजाब ने कुल 262 रन का पीछा किया था। इस सीजन में सभी टीमें मजबूत हैं।



## डीसी और आरसीबी एक उच्च-दांव वाले मुकाबले में आमने-सामने होंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली के नौ मैचों में लगातार दूसरे और पांचवें अर्द्धशतक की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

■ **सभी निगाहें आरसीबी के विराट व दिल्ली के केएल राहुल पर**

(आरसीबी) के हौसले आईपीएल 2025 में लगातार दूसरी और कुल छठी जीत से बुलंद हैं। आरसीबी को दिल्ली कैपिटल्स से अपने घर में मिली छह विकेट की हार का हिसाब चुकता करना है तो विराट कोहली को अपने दिल्ली के घरेलू मैदान पर वैसी ही बड़ी पारी खेलनी जैसी कि केएल राहुल ने बेंगलुरु के अपने घरेलू मैदान पर 93* रन की खेली थी। आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स के समान रूप से 12-12 अंक है लेकिन एक मैच कम खेलने अपनी बेहतर नेट रन नेट के कारण दिल्ली कैपिटल्स दूसरे स्थान पर है। आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए पिछले पांच में तीन मैच जीते है और अपने घर बेंगलुरू सहित दो मैच हारे हैं। मैच के नतीजे में आरसीबी के विराट कोहली और दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल का बल्ले प्रदर्शन खासा अहम रहने वाला है। विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बना ऑरेंज कैप की दौड़ में तीसरे स्थान पर हैं। कोहली ने इसी फिरोजशाह कोटला मैदान पर क्रिकेट खेल बड़े हुए हैं और इस पर दस पारियों में483 रन बनाए हैं। विराइ फिरोजशाह कोटला मैदान एक और बड़ी पारी खेल कर अपनी टीम को जिताने को बेताब होंगे। दिल्ली के एक अच्छी बात यह है कि आरसीबी के सबसे कामयाब तेज गेदबाज हेजलवुड के खिलाफ पर पांच पारियों में मात्र एक बार आउट हुए है। वही आरसीबी के धुरंधर बल्लेबाज विराट काहली ने इस सीजन में जिन मैचों में अर्द्धशतक जड़े हैं उनमें टीम जीती है। दिल्ली कैपिटल्स के फिरोजशाह कोटला पर इस सीजन में खेले दोनों मैच बड़े स्कोर वाले रहे है।



### अपनी फील्डिंग और चुस्त करने की जरूरत : अक्षर



हम पॉवरप्ले में विकेट नहीं ले पाए लेकिन हमने मैच पर काबू बनाए रखा। मैच को अपने हाथ से निकलने नहीं दिया। हमने कुछ विकेट चटका वापसी की और कुछ विकेट चटका लखनउ का 160 पर रोक दिया।पहले चोट के चलते मेरी गेंदबाज प्रभावित हुई। अब में बेहतर महसस कर रहा हू। मैंने इसमें पॉवरप्ले में गेंदबाजी की और लय में महसूस किया,हमारा ध्यान पिच और मैच अप पर था। हम अपनी फील्डिंग बेहतर कर सकते हैं। हमें अपनी फील्डिंग और चुस्त करने कीजरूरत है।

### कोहली की विराट फार्म से भी जूझेगी दिल्ली

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूद सत्र में अब तक 392 रन ठोक चुके विराट कोहली की शानदार फॉर्म रविवार को यहां मेजबान दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अभियान का अहम हिस्सा होगी।



अरुण जेटली स्टेडियम में कल शाम आईपीएल की दो शीर्ष टीमें आमने सामने होंगी। कोहली की शीर्ष पर निरंतरता आरसीबी के हालिया प्रदर्शन का आधार रही है, जिससे टीम को अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत मिली है। कोहली ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 70 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। कप्तान रजत पाटीदार इस लय का फायदा उठाने और दिल्ली के खिलाफ टीम के मजबूत रिकॉर्ड को जारी रखने की कोशिश करेंगे, जिसने दोनों टीमों के बीच पिछले सात मुकाबलों में से पांच में जीत दर्ज की है। दिल्ली को अपने खुद के प्रदर्शन से प्रेरणा लेनी होगी, जिसने लखनऊ सुपर जायंट्स पर 8 विकेट से जोरदार जीत दर्ज की है। कप्तान अक्षर पटेल फॉर्म में चल रहे केएल राहुल और अभिषेक पोरेल पर भरोसा करेंगे।

## वानखेड़े में एलएसजी के खिलाफ नए आत्मविश्वास से उतरेगी मुंबई

■ **मुंबई अब तक नौ मैचों में 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं**

■ **रोहित ने हाल के मैचों में लगातार दो अर्द्धशतक जड़कर अपनी लय फिर से हासिल कर ली है**



**मुंबई,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में चार मैचों में शानदार जीत से उत्साहित मुंबई इंडियंस (एमआई) रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ नये आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।

यह मैच मुंबई के लिए प्लेऑफ में जगह बनाने के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। मुंबई अब तक नौ मैचों में 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं वहीं एलएसजी ने इस सीजन में असंगत प्रदर्शन किया है और वह पांच जीत और चार हार के साथ छठे स्थान पर है। मुंबई की वापसी काफी हद तक उनके प्रमुख खिलाड़ियों के फॉर्म की वजह से है। सीजन की धीमी शुरुआत के बावजूद, एमआई ने हाल के मैचों में अपनी किस्मत बदल दी है। उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाइयों ने सही समय पर काम करना शुरू कर दिया है। रोहित शर्मा ने हाल के मैचों में लगातार दो अर्द्धशतक जड़कर अपनी लय फिर से हासिल कर ली है। उनके हालिया प्रदर्शनों में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 46 गेंदों पर 70 रन की पारी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है। रोहित से मुंबई की निरंतर सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। इस बीच, सूर्यकुमार यादव धमाकेदार फॉर्म में हैं। नौ मैचों में 62.16 की औसत और 166.51 की स्ट्राइक रेट से 373 रन बनाने के साथ, सूर्यकुमार मुंबई के मध्य क्रम में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन गए हैं। उनका योगदान अमूल्य रहा है, खासकर पिछले मैच में 19 गेंदों पर उनकी तेज तर्रार 40 रन की नाबाद पारी निर्णायक साबित हुयी थी। पलक झपकते ही खेल को पलटने की उनकी क्षमता उन्हें इस आईपीएल के सबसे खतरनाक खिलाड़ियों में से एक बनाती है।

ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने भी बल्ले और गेंद से अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। टूर्नामेंट में 12 विकेट लेने के साथ, पांड्या डेथ ओवरों में एक विश्वसनीय विकल्प रहे हैं, जिससे बहुत जरूरी सफलताएं मिली हैं। ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह की अगुआई में एमआई का गेंदबाजी आक्रमण लीग में सबसे मजबूत में से एक है। बॉल को दोनों तरफ स्विंग करने की अपनी क्षमता के साथ, बोल्ट ने हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में 4-26 के आंकड़े के साथ शानदार प्रदर्शन किया था। अपनी सटीकता और दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता के लिए जाने जाने वाले बुमराह ने मुंबई के आक्रमण में नियंत्रण की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी है। इसके विपरीत, लखनऊ सुपर जायंट्स को स्थिरता पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है, खासकर उनके गेंदबाजी आक्रमण में। हालांकि उनके शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी कई बार ठोस रही है, लेकिन उनका समग्र प्रदर्शन आश्वस्त करने वाला नहीं रहा है। मिचेल मार्श बल्ले से अहम खिलाड़ी रहे हैं, उन्होंने आठ मैचों में 160.74 की स्ट्राइक रेट से 344 रन बनाए हैं। इस सीजन में उनके चार अर्द्धशतक लखनऊ के लिए अहम रहे हैं, लेकिन उन्हें बाकी बल्लेबाजी लाइनअप से समर्थन की जरूरत होगी, खासकर निकोलस पूरन, जो कई बार विस्फोटक रहे हैं, उन्होंने 204.89 की आश्चर्यजनक स्ट्राइक रेट से 377 रन बनाए हैं।

## धोनी ने माना कि सीएसके का कम रन बनाना सबसे बड़ी कमजोरी

**चेन्नई,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट से हार के बाद, कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने दावा किया कि चेन्नई सुपर किंग्स ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में टीम ने कई समस्याओं का सामना किया है, लेकिन शायद उनमें से सबसे बड़ी समस्या उनका लगातार कम स्कोर है। पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाए जाने के बाद, युवा खिलाड़ी आयुष म्हात्रे, मिड-सीजन में शामिल डेवाल्ड ब्रेविस और दीपक हुड्डा द्वारा देर से किए गए धमाकेदार प्रदर्शन के अलावा, चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज फिर से लड़खड़ा गए और केवल 154 रन ही बना पाए। दूसरे हाफ में कुछ पल के लिए खेल को अपने पक्ष में करने के बावजूद, यह स्कोर बहुत कम साबित हुआ और उन्हें



लगातार चौथी बार घरेलू हार का सामना करना पड़ा। एमएस धोनी ने मैच के बाद कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट में, अगर आपके पास एक या दो क्षेत्र हैं जहां आप कमियों को दूर कर सकते हैं तो यह अच्छा है, लेकिन अगर आपके अधिकांश खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो यह बहुत मुश्किल हो जाता है, क्योंकि आपको कुछ बदलाव करने पड़ते हैं, लेकिन अगर अधिकांश अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### सीएसके अपने खेल का स्तर ऊपर उठाने के लिए अब बहुत सतर्क होगी : रायडू

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की आईपीएल 2025 में हार का सिलसिला जारी है। हाल ही में उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट से हार झेलनी पड़ी। इस पर पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू ने कहा कि अब सीएसके टी-20 क्रिकेट की बदलती शैली के अनुसार खुद को ढालने में ज़्यादा सतर्क रहेगी। एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम में सीएसके ने अपनी टीम में कुछ बदलाव किए, लेकिन फिर भी जीत नहीं मिली और टीम अंक तालिका में सबसे नीचे दसवें स्थान पर ही बनी रही।

## युवा खिलाड़ियों की निडरता से रवि शास्त्री प्रभावित

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि आयुष म्हात्रे, वैभव सूर्यवंशी, प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह का भविष्य में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना तय है। महज 17 वर्षीय म्हात्रे को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने चोटिल कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की जगह टीम में शामिल किया था और उन्होंने मुंबई इंडियंस (एमआई) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ 30 और 32 रन बनाते हुए अपने बोल्ड स्ट्रोकप्ले से प्रशंसकों और विशेषज्ञों को प्रभावित किया। मुंबई में दूसरी रात मुंबई इंडियंस के



खिलाफ आयुष म्हात्रे ने जो शॉट खेले, वे तीन शॉट जिस तरह से उन्होंने शानदार शुरुआत की, एक 17 वर्षीय के लिए अविश्वसनीय शॉट, एक स्टार-स्टडेड मुंबई इंडियंस लाइन-अप के खिलाफ और उस अंदाज में खुद को अभिव्यक्त करने के लिए, उसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू शो के नवीनतम एपिसोड में कहा कि मुझे लगता है कि आयुष म्हात्रे का भविष्य है। जब मैं उसे देखता हूं, तो उसके द्वारा खेले गए कुछ शॉट्स, मुझे लगता है कि अगर उसे सही तरीके से संभाला जाए और सही तरह के लोगों के साथ हो, तो वह ऐसा खिलाड़ी है जो बहुत आगे तक जा सकता है। दूसरी ओर, 14 वर्षीय सूर्यवंशी, जो आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं, ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के लिए 34 और 16 के स्कोर से प्रभावित किया, जिसमें आईपीएल में अपनी पहली ही गेंद पर शार्दुल ठाकुर को क्का लगाना भी शामिल है।

**सार संक्षेप**

### ओलंपिक चैम्पियन झेंग किनवेन मैड्रिड ओपन से बाहर

**मैड्रिड।** चीनी टेनिस स्टार झेंग किनवेन शुक्रवार को मैड्रिड ओपन से बाहर हो गईं, उन्हें एक घंटे 40 मिनट तक चले मैच में रूस की अनस्तासिया पोटापोवा से 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। राउंड ऑफ 64 में झेंग के बाहर होने से मैड्रिड में पुरुष या महिला एकल टूर्नामेंट में कोई भी चीनी खिलाड़ी नहीं बचा है। पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता को आठवीं वरीयता दी गई थी, लेकिन गर्म और धूप वाली दोपहर में दुनिया की 87वीं रैंकिंग वाली पोटापोवा के खिलाफ उन्हें अपनी लय हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, झेंग की मुख्य समस्या उनकी सर्विस को लेकर थी, क्योंकि वह पहले सेट में केवल 40 प्रतिशत अंक ही जीत पाईं, जबकि पोटापोवा ने बहुत अधिक निरंतरता दिखाई, उन्होंने पहले सर्विस पर 64 प्रतिशत अंक जीतकर झेंग को दबाव में रखा। झेंग ने तब निर्णायक मोड़ पाया जब उसने पहले सेट में 5-3 से पिछड़ने के दौरान पोटापोवा की सर्विस तोड़ी।

### यूपी की सब जूनियर बालिका हैंडबॉल टीम कर्नाटक रवाना

**लखनऊ।** वाराणसी की काजल पटेल के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सब जूनियर बालिका हैंडबॉल टीम आगामी 39वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए शनिवार को कर्नाटक के लिये रवाना हो गई। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित प्रशिक्षण शिविर की समाप्ति के बाद चयनित खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की।उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को किट वितरित करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश की टीम ने पिछली चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था और इस बार उम्मीद है कि टीम अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए प्रदेश का परचम लहराएगी। 39वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप कर्नाटक के मंड्या जिले में 30 अप्रैल से 4 मई 2025 तक आयोजित होगी। उत्तर प्रदेश की टीम शनिवार को कर्नाटक के लिए रवाना हो चुकी है।

## केकेआर और पंजाब के समर्थन में आए प्रशंसक

**कोलकाता,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बीच मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा जिसके लिए केकेआर के प्रशंसक बड़ी संख्या में पहुंच चुके हैं, हालांकि पंजाब के प्रशंसकों ने भी उम्मीद जताई है। केकेआर के समर्थक रोहित कुमार ने कहा कि मैं केकेआर का समर्थन कर रहा हूं। केकेआर ने श्रेयश अय्यर को बाहर करके गलत काम किया है। मैं कोलकाता के इस बेहतरीन खिलाड़ी को अच्छी तरह से जानता हूं। उसे खेलना आता है। लेकिन मैं चाहता हूं कि आज केकेआर जीते, टीम के जीतने में वेंकटेश अय्यर और सुनील नारायण की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी क्योंकि दोनों बढ़िया खेल रहे हैं। एक अन्य प्रशंसक ओवैस ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि आज केकेआर जीतेगी और मैं यह देखने आया हूं। पंजाब टीम के प्रशंसक भी अपनी टीम के प्रति गहरा समर्थन व्यक्त कर रहे हैं। एक प्रशंसक अमरदीप कुमार केसरी ने कहा कि यह मैच ज्यादा जोशपूर्ण और आनंददायक होगा। श्रेयश अय्यर अच्छा खेलेंगे। केकेआर ने श्रेयश अय्यर को बाहर करके गलत काम किया है। एक समर्थक सुशील कुमार चौहान ने कहा कि मैं आज पंजाब का समर्थन कर रहा हूं।



## वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला में चरनी के प्रदर्शन पर रहेगी नजर : हरमनप्रीत कौर

**कोलंबो,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि युवा बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरनी आगामी वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला में कैसा प्रदर्शन करती हैं, जहां टीम रविवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में मेजबान श्रीलंका से भिड़ेगी।

आंध्र प्रदेश के वाईएसआर कडप्पा जिले से आने वाली चरनी ने डब्ल्यूपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए दो मैचों में चार विकेट लेकर ध्यान आकर्षित किया, जहां रन फ्लो को नियंत्रित करने और बीच के ओवरों में बल्लेबाजों को चकमा देने की उनकी क्षमता सबसे अलग थी। बाद में उन्होंने देहरादून में सीनियर महिला मल्टी-डे चैलेंजर ट्रॉफी के तीन मैचों में नौ विकेट चटकाए, जिसके बाद उन्हें पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया।

हरमनप्रीत ने शनिवार को प्री-सीरीज प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चरनी ने डब्ल्यूपीएल में वाकई प्रभावित किया है और हम किसी ऐसे बाएं हाथ के स्पिनर की तलाश कर रहे हैं जो टीम के लिए वाकई अच्छा प्रदर्शन कर सके। मैं व्यक्तिगत रूप से यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि वह इस खास टूर्नामेंट में कैसा प्रदर्शन करने जा रही है। त्रिकोणीय सीरीज, जिसमें तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका है, भारत के लिए इस साल के अंत में होने वाले घरेलू वनडे विश्व कप के लिए अपनी अंतिम टीम तय करने के लिए एक महत्वपूर्ण चरण की शुरुआत है।



**चरनी ने डब्ल्यूपीएल में वाकई प्रभावित किया है और हम किसी ऐसे बाएं हाथ के स्पिनर की तलाश कर रहे हैं जो टीम के लिए वाकई अच्छा प्रदर्शन कर सके : हरमनप्रीत**

## ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय महिला हॉकी टीम पहले मैच में 3-5 से हारी

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन शनिवार को पर्थ के पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ 3-5 से हार गई। भारत ने महिमा टेटे (27%), नवनीत कौर (45%) और लालरेम्सियामी (50%) के माध्यम से गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया 'ए' के लिए नेसा फ्लिन (3%), ओलिविया डाउन्स (9%), रूबी हैरिस (11%), टैटम स्टीवर्ट (21%) और केंड्रा फिट्जपैट्रिक (44%) ने गोल किए। मैच की शुरुआत बहुत ही शानदार रही, जिसमें ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया और नेसा फ्लिन (3%) द्वारा बनाए गए बेहतरीन फील्ड गोल के माध्यम से गतिरोध को तोड़ दिया। घरेलू टीम ने लगातार दबाव बनाना जारी रखा और ओलिविया डाउन्स (9') और रूबी हैरिस (11') ने डिफेंसिव खामियों का फायदा उठाते हुए दो और फील्ड गोल किए, जिससे पहले क्वार्टर में 3-0 की बढ़त हासिल हुई। ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय बनाए रखी और भारतीय डिफेंस पर लगातार दबाव बनाए रखा।

## योगासन में उत्कृष्टता का जश्न : दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिप शुरू

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिप का उद्घाटन कल के. डी. जाधव इंडोर रेसलिंग हॉल, इंदिरा गांधी स्टेडियम, नई दिल्ली में बड़े उत्साह और उमंग के बीच हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन योगासन भारत ने युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहयोग से किया है। इस चैम्पियनशिप में 20 से अधिक एशियाई देशों के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मनाने का यह अद्वितीय अवसर है। इस उद्घाटन समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री, रेखा गुप्ता, मुख्य अतिथि के रूप में और भारत सरकार के संस्कृति और पर्यटन मंत्री, गजेंद्र सिंह शेखावत, सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा गुप्ता ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिप की ऊर्जा को देखना मुझे खुशी से भर देता है। मैं योगासन भारत को इस ऐतिहासिक चैम्पियनशिप के लिए बधाई देती हूं और इंद्रप्रस्थ योगासन के प्रयासों को सराहती हूं। मैं 20 देशों के सभी खिलाड़ियों, यहां मौजूद 200 से अधिक एथलीटों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। यह चैम्पियनशिप केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह भारत, एशिया और दुनिया के लिए योगासन को एक वैश्विक खेल के रूप में मनाने की नई शुरुआत है। गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने सम्बोधन में कहा कि जब भारत की प्रतिष्ठा वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ रही है, ऐसे समय में इस जैसे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनना एक प्रेरणादायक अनुभव है। भारत का ज्ञान, विज्ञान और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर एक बार फिर हमारी वैश्विक पहचान को नया रूप दे रही है।




■ **इस चैम्पियनशिप में 20 से अधिक एशियाई देशों के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं**

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.104 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.657 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 | +0.482 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 9 | 5 | 4 | 10 | +0. 673 |
| 5- | पंजाब किंग्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.054 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 8 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 | -1.361 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.103 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -1.392 |

| SENSEX | BSE | 79801.53 ▼ 588.90 | NSE | 24039.35 ▼ 207.35 | MCX | Gold 94700 ▼ 1212 | silver 96196 ▼ 1315 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|



# अर्थ जगत



## नोकिया ने वोडाफोन आइडिया में एक प्रतिशत हिस्सेदारी 786 करोड़ रुपए में बेची

**नई दिल्ली।** नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) में करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी शुक्रवार को खुले बाजार में 786 करोड़ रुपए में बेच दी। एनएसई पर सौदों के बारे में उपलब्ध आंकड़े के अनुसार, नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने 102.70 करोड़ शेयर बेचे, जो वोडाफोन आइडिया में 0.95 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। शेयर औसतन 7.65 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर बेचे गए, जिससे कुल सौदे की कीमत 785.67 करोड़ रुपए हो गई।

# सोना पिछली अक्षय तृतीया से 30 प्रतिशत उछला



### बिक्री हो सकती है कम

इस बार सोने की कीमतें ज्यादा होने की वजह से इस अक्षय तृतीया पर बिक्री कम हो सकती है। लेकिन, कुल मिलाकर कमाई पिछले साल के बराबर ही रहने की उम्मीद है। सोने की बढ़ती कीमतों का असर लोगों पर पड़ रहा है। अक्षय तृतीया और मई-जून में होने वाली शादियों के लिए लोग थोड़ा सोच-समझकर खरीदारी कर रहे हैं। वे सोने की कीमतों में होने वाले बदलावों को लेकर सतर्क हैं। वहीं जूलर्स ग्राहकों को लुभाने के लिए कई तरह के ऑफर दे रहे हैं। सोने की कीमतें बहुत ज्यादा होने की वजह से लोग शादियों में सोने के बजाय नकद पैसे देना पसंद कर रहे हैं। कई ग्राहक जूलर्स की मासिक किश्त योजनाओं का इस्तेमाल करके सोना खरीद रहे हैं। साथ ही एक्सचेंज ऑफर से ग्राहक अपने पुराने गहनों को नए डिजाइन से बदल सकते हैं। ग्राहक 14 कैरेट और 18 कैरेट सोने के गहने भी खरीद रहे हैं। ये गहने मजबूत भी होते हैं और सस्ते भी। इसलिए, लोग हल्के गहनों की तरफ ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। इसके अलावा जड़े हुए गहनों, असली हीरे और रत्न जड़ित गहनों में भी लोगों की दिलचस्पी बढ़ रही है।

***नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को है। इस दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है। पिछले साल अक्षय तृतीया 10 मई को थी। तब से सोने ने 30 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न दिया है। पिछली अक्षय तृतीया पर 24 कैरेट सोने का भाव 73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम था। अब यह 94,000 से 95,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच है। साल 2019 की अक्षय तृतीया पर सोने का भाव 31,729 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इस हिसाब से सोने ने पिछले छह साल में 200 प्रतिशत का मुनाफा दिया है।*

हाल में सोने की कीमत में काफी तेजी देखने को मिली है। ग्लोबल इकॉनमी में अनिश्चितता और केंद्रीय बैंकों के बड़ी मात्रा में सोना खरीदने से सोने की कीमत में उछाल आई है। अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि अक्षय तृतीया समृद्धि और सौभाग्य लाती है। यह नए काम शुरू करने, वित्तीय फैसले लेने और नए व्यवसाय शुरू करने के लिए इसे शुभ माना जाता है। इस बार अक्षय तृतीया की तिथि 29 अप्रैल 2025 को शाम 5.31 बजे शुरू होगी और 30 अप्रैल 2025 को दोपहर 2.12 बजे समाप्त होगी। पूजा का शुभ मुहूर्त 30 अप्रैल 2025 को सुबह 5.40 बजे से दोपहर 12.18 बजे तक है। भारत में अक्षय तृतीया पर सोने की मांग ज्यादातर दक्षिण भारत में होती है। वहां 40 प्रतिशत मांग होती है। इसके बाद पश्चिम भारत में 25 प्रतिशत, पूर्वी भारत में 20 और उत्तरी भारत में 10 प्रतिशत मांग होती है। उत्तरी भारत में लोग धनतेरस पर सोना ज्यादा खरीदते हैं।

**कहां तक जाएगी कीमत-** एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस साल सोने की बिक्री 10-20 प्रतिशत तक कम हो सकती है। लेकिन कीमतें ज्यादा होने की वजह से कमाई पिछले साल के बराबर ही रहेगी या थोड़ी बढ़ भी सकती है। अक्षय तृतीया के दो दिनों में आमतौर पर 20 से 27 टन सोना खरीदा जाता है।

# डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन वित्त वर्ष 2025 के लिए लक्ष्य के करीब पहुंचा, रिकॉर्ड रिफंड जारी





***नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनंतिम नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन ने अपने टारगेट को पूरा कर लिया है। यह डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 13. 57 प्रतिशत बढ़कर 22. 26 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। इस कलेक्शन में आयकर विभाग ने अब तक की सबसे अधिक राशि का रिफंड जारी किया है। आधिकारिक आंकड़ों से शुक्रवार को इस बात का पता चला।*

**22,07,000 करोड़ रुपए का लक्ष्य-** जुलाई 2024 की बजट प्राप्ति के मुताबिक, सरकार ने प्रत्यक्ष कर प्रशासन के लिए 22,07,000 करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया था और इस फरवरी में पेश बजट के दौरान इसे संशोधित कर 22,37,000 करोड़ रुपए कर दिया। डायरेक्ट टैक्स में केंद्र सरकार द्वारा कॉर्पोरेट टैक्स, प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और नॉन-कॉर्पोरेट टैक्स कैटेगरी (पहले व्यक्तिगत आयकर) के तहत जमा राजस्व शामिल है।

**वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आंकड़ा-** नॉन-कॉर्पोरेट टैक्स कैटेगरी में व्यक्तियों, फर्मों, हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ), स्थानीय प्राधिकरणों, कृत्रिम न्यायिक व्यक्तियों आदि द्वारा भुगतान किए गए टैक्स शामिल हैं। ऑफिशियल आंकड़ों के मुताबिक, 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनंतिम सकल (रिफंड के लिए समायोजन से पहले) प्रत्यक्ष कर संग्रह 27.02 लाख करोड़ रुपए रहा, जो 2023-24 वित्त वर्ष के दौरान 23.37 लाख करोड़ रुपए के सकल संग्रह की तुलना में 15.59 प्रतिशत की वृद्धि है।

**शुद्ध कॉर्पोरेट कर संग्रह-** आंकड़ों के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान शुद्ध कॉर्पोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9,86,719 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8. 30 प्रतिशत की वृद्धि है। इसी मद (कॉर्पोरेट कर) के लिए सकल कर संग्रह के आंकड़े 12,72,516 करोड़ रुपए (2024-25) रहे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12. 41 प्रतिशत की वृद्धि है। गैर-कॉर्पोरेट कर की बात करें तो 2024-25 के दौरान शुद्ध अनंतिम संग्रह 11,82,875 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि है। कर उछाल कारक, जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के लिए प्रत्यक्ष कर की दर है, 2024-25 वित्त वर्ष के दौरान 1. 57 दर्ज किया गया।

# आरबीआई का डंडा चला! महिंद्रा फाइनेंस पर भारी जुर्माना




***नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए एक बार फिर बैंकों और वित्तीय संस्थाओं पर कड़ा एक्शन लिया है। रेगुलेटरी अनुपालन में कमियों के चलते महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज पर जुर्माना लगाया गया है, जबकि इंपीरियल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है।*

**71.30 लाख रुपए का जुर्माना-** आरबीआई ने महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज पर कुछ विनियामकीय प्रावधानों का अनुपालन न करने के लिए 71.30 लाख रुपए का दंड लगाया है। यह कदम संस्थाओं की संचालन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है।

**इंपीरियल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द-** आरबीआई ने जालंधर स्थित इंपीरियल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है। केंद्रीय बैंक का कहना है कि इस बैंक के पास न तो पर्याप्त पूंजी थी और न ही कमाई की संभावनाएं, जिससे जमाकर्ताओं का पैसा खतरे में था। इसके बाद आरबीआई ने पंजाब सरकार के को-ऑपरेटिव समितियों के रजिस्ट्रार से बैंक को बंद करने और एक लिक्विडेटर नियुक्त करने का अनुरोध किया है। बैंक के लिक्विडेशन की स्थिति में, जमाकर्ताओं को डीआईसीजीसी के तहत 5 लाख रुपए तक की जमा राशि का भुगतान किया जाएगा।

# अनंत अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज में कार्यकारी निदेशक नियुक्त



**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत को एक मई से पांच साल के कार्यकाल के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। रिलायंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, "कंपनी के निदेशक मंडल ने 25 अप्रैल को अपनी बैठक में मानव संसाधन, नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश पर विचार किया और गैर-कार्यकारी निदेशक अनंत एम. अंबानी को पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया। उन्हें कंपनी का कार्यकारी निदेशक नामित किया गया है। उनकी नियुक्ति एक मई, 2025 से पांच साल की अवधि के लिए होगी। यह कंपनी के सदस्यों की मंजूरी के अधीन है। ब्राउन यूनिवर्सिटी से स्नातक अनंत अंबानी भाई-बहनों में रिलायंस के कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त होने वाले पहले व्यक्ति हैं।

# भारत में एंट्री से पहले टेस्ला ने शुरू किया मॉडल 3 बुकिंग अमाउंट का रिफंड



***नई दिल्ली।** टेस्ला ने भारत में अपनी उपस्थिति को लेकर बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने अपने भारतीय कार्यालय के जरिए 2016 में मॉडल 3 बुक कराने वाले ग्राहकों को बुकिंग राशि वापस करनी शुरू कर दी है। टेस्ला ने ग्राहकों को सूचित किया है कि फिलहाल बुकिंग अमाउंट रिफंड किया जा रहा है और जब भारत में कंपनी के ऑफर्स अंतिम रूप ले लेंगे, तो उन्हें दोबारा संपर्क किया जाएगा।*

एलन मस्क के नेतृत्व वाली टेस्ला ने मॉडल 3 के पुराने वर्जन के बंद हो जाने के चलते यह रिफंड प्रक्रिया शुरू की है। यह कदम ऐसे समय आया है जब कंपनी भारत में प्रवेश की रणनीति पर तेजी से काम कर रही है। लंबे समय से उच्च इम्पोर्ट ड्यूटी के चलते भारत में टेस्ला के लॉन्च में देरी हो रही थी लेकिन अब हालात बदलते नजर आ रहे हैं। हाल ही में मस्क ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा था कि वह इस साल के अंत तक भारत का दौरा करेंगे। यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत हो रही है, जिसमें ऑटो सेक्टर के टैरिफ घटाने पर भी चर्चा शामिल है। अगर टैरिफ स्ट्रक्चर में बदलाव होता है, तो यह टेस्ला की दीर्घकालिक भारतीय योजनाओं के लिए बड़ा गेमचेंजर साबित हो सकता है। गौरतलब है कि बीते साल टेस्ला को वैश्विक वाहन डिलीवरी में गिरावट का सामना करना पड़ा, जबकि चीन की बीवायडी कंपनी उसके लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। भारत जैसे तेजी से बढ़ते बाजार में कदम रखकर टेस्ला अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 45 |
| एक यूरो | 97. 10 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 113. 93 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 68 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 118 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 132 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-140 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97450 चांदी -100300

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97450 चांदी -100300

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338
**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एक्स्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# एलआईसी ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के लिए रियायतों की घोषणा की

***मुम्बई।** एलआईसी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। एलआईसी ने प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है और वित्तीय राहत प्रदान करने के लिए दावों के निपटान में तेजी लाएगी।*

एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने एलआईसी पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की। मृत्यु प्रमाण पत्र के बदले, आतंकवादी हमले के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु के सरकारी रिकॉर्ड में कोई भी सबूत या केंद्र/राज्य सरकार द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे कि दावेदारों तक पहुँचा जाए और प्रभावित परिवारों के दावों का शीघ्र निपटान किया जाए। अधिक सहायता के लिए, दावेदार निकटतम एलआईसी शाखा/मंडल/ग्राहक क्षेत्रों से संपर्क कर सकते हैं। दावेदार हमारे कॉल सेंटर पर भी कॉल कर सकते हैं - 022 68276827। **अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें-** कार्यकारी निदेशक (सीसी) एलआईसी ऑफ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई। ईमेल आईडी- ed cc@licindia.com www.licindia.in पर।

# हवाई यात्रा में जबरदस्त उछाल

**नई दिल्ली।** देश में घरेलू एयरलाइन कंपनियों से मार्च में 1.45 करोड़ लोगों ने यात्रा की। यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 8.79 प्रतिशत अधिक है। शनिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। भारतीय एयरलाइन कंपनियों के जरिये पिछले साल मार्च में कुल 1.33 करोड़ लोगों ने यात्रा की थी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अपनी मासिक घरेलू यात्री परिवहन रिपोर्ट में कहा, मार्च, 2025 के दौरान घरेलू एयरलाइन से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या 145.42 लाख थी, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान यह संख्या 133.68 लाख थी।

# अप्लास्टिक एनीमिया अत्यंत गंभीर बीमारी समय पर इलाज नहीं तो जान का खतरा


### डॉ. एके द्विवेदी की होम्योपैथी चिकित्सा से अनेक मरीजों को जीवनदान मिला

***जबलपुर।** जब लोग एनीमिया सुनते हैं, तो अक्सर यही मान लेते हैं कि यह सिर्फ आयरन अथवा विटामिन की कमी से जुड़ी समस्या है। लेकिन अप्लास्टिक एनीमिया बिलकुल अलग और अत्यधिक ज्यादा गंभीर बीमारी है, जिसमें शरीर के बोन मैरो खून बनाना बंद कर देते हैं साथ ही उनका बोन मैरो रक्त कणिकाओं को मार भी डालता है। जिसके कारण यह स्थिति इतनी गंभीर होती है कि समय पर इलाज न हो तो मरीज़ की जान तक जा सकती है। यह कहना है केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य एवं मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विवि में होम्योपैथी संकाय के अंतर्गत बोर्ड ऑफ स्टडी के सदस्य डॉ. एके द्विवेदी का।*

डॉ. द्विवेदी कहते हैं कि इसकी दवाएँ महंगी होती हैं, इलाज लंबा चलता है और कई बार तो बोनमैरो ट्रांसप्लांट की ज़रूरत पड़ती है। होम्योपैथी दवा, अप्लास्टिक एनीमिया के इलाज में काफी कारगर साबित हो रही है। डॉ. एके द्विवेदी द्वारा की जा रही होम्योपैथी चिकित्सा से असाध्य मानी जाने वाली बीमारी अप्लास्टिक एनीमिया के अनेक मरीजों को जीवनदान मिला है।

मरीजों को एटीजी एवं बोनमैरो ट्रांसप्लांट के लिए लगने वाले भारी खर्च की यह पीड़ा सुनने के बाद मैंने मुख्यमंत्री, राज्यपाल और प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखे, ताकि सरकार इस बीमारी को गंभीरता से ले और मरीज़ों की मदद के लिए आगे आए। मैंने हाल ही में एक पत्र पढ़ा जो प्रधानमंत्री ने एक अप्लास्टिक एनीमिया के मरीज़ को भेजा है और उन्हें प्रधानमंत्री राहत कोष योजना के तहत 3 लाख रूपयों की सहायता राशि प्राप्त हुई है। यह जानकर हैरानी होती है कि ज्यादातर अप्लास्टिक एनीमिया के मामलों में यह पता ही नहीं चलता कि उन्हें यह बीमारी क्यों हुई।

**देशबन्धु**
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार 704.8 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के करीब



***नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार सातवें बार बढ़ते हुए 686.14 बिलियन डॉलर हो गया है, जो पिछले साल नवंबर के बाद से उच्चतम स्तर है। यह वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एक मजबूत अर्थव्यवस्था को दर्शाता है।*

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, 18 अप्रैल को समाप्त अवधि के लिए, देश के विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह की तुलना में 8.31 बिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे पहले 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 1.57 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई थी। सितंबर के अंत में 700 बिलियन डॉलर के अपने शिखर से भारी गिरावट के बाद विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार सुधार हुआ है। सितंबर 2024 में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के लिए, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां, जो कि भंडार का एक प्रमुख घटक है, बढ़कर 578.49 बिलियन डॉलर हो गई। आरबीआई ने बताया कि इस अवधि के दौरान स्वर्ण भंडार में 4.575 बिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई, जो 84.572 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई। बैंक के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 212 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.568 बिलियन डॉलर हो गए। आंकड़ों से पता चला कि आईएमएफ के साथ भारत की रिजर्व पोजिशन में 7 मिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई, जो रिपोर्टिंग सप्ताह में 4.51 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा के अनुसार, भारत के विदेशी बाजार, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक गतिशील और मजबूत ताकत के रूप में विकसित हुए हैं। विदेशी मुद्रा बाजार 2020 में 32 बिलियन डॉलर से लगभग दोगुना होकर 2024 में 60 बिलियन डॉलर हो गया है और ओवरनाइट मनी मार्केट में औसत दैनिक वॉल्यूम इस चार साल की अवधि में लगभग 3 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 5.4 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

इसी अवधि में सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) बाजारों में औसत दैनिक वॉल्यूम में भी 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 66,000 करोड़ रुपए हो गया है। मल्होत्रा ने कहा कि विदेशी मुद्रा, जी-सेक और मनी मार्केट सहित देश के सभी फाइनेंशियल मार्केट सेगमेंट काफी हद तक स्थिर रहे हैं। हालांकि, कुछ महीने पहले रुपया थोड़ा दबाव में आया था, लेकिन उसके बाद घरेलू करेंसी ने बेहतर प्रदर्शन किया।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# रीवा से पुणे एवं बैंगलुरु नई ट्रेन चलाने की तैयारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के उच्च अधिकारियों द्वारा यत्रियों को अच्छी से अच्छी सुविधाऐं उपलब्ध कराने विभाग की आय बढ़ाए जाने के लिए अधिकारियों ने कमर कस ली है,और बाहर को महानगरों से जोड़ने के लिए एक काग्र योजना बनाई है। इसी के चलते रीवा से पुणे और बैंगलुरु ट्रेनों को संचालित किये जाने के तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं।

पमरे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने विगत दिवस प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक गुरिंदर मोहन सिंह प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह सीसीएम अजय प्रकाश रश्मि बघेल मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ.मधुर वर्मा शशांक गुप्ता आदि की बैठक बुलायी थी। इसमें जीएम ने सभी अधिकारियों को निदेर्शित किया था कि यात्रियों को अच्छी से अच्छी सुविधाऐं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किये जाएं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर मंडल द्वारा मुख्य स्टेशन से साप्ताहिक ट्रेन पुणे के लिए लगभग 17 वर्षों से संचालित की जा रही है। इस ट्रेन में यात्रियों को अन्य ट्रेनों की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक किराए का भुगतान किया जा रहा है। इसी प्रकार जबलपुर से यशवंतपुर ट्रेन भी मुख्य स्टेशन से प्रति सप्ताह संचालित की जा रही है। शहर व आसपास के मंडला सिवनी कटनी, मैहर सतना रीवा आदि के हजारों छात्र-छात्राऐं उच्च शिक्षा प्राप्त करने और नौकरी करन के लिए इन महानगरों में हमेशा यात्रा करते हैं। जो ट्रेनें संचालित की जा रही हैं, उनमें अधिकांश लोगों को आरक्षण टिकट ही उपलब्ध नहीं हो पाती है,इन ट्रेनों में यातायात का दवाब होने के कारण ही आज की आवश्यकताओं को देखते हुए उल्लेखित शहरों के लिए रीवा से ट्रेनों को संचालित करने प्रस्ताव बनाकर रेलवे बोर्ड मुख्यालय भेजा जा रहा है।



## उप मुख्यमंत्री शुक्ल की पहल



उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भी इन शहरों के लिए ट्रेनों का संचालित किये जाने के लिए केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय से चर्चा की है। जानकारी के अनुसार इस मार्ग पर यातायात का अधिकतम दवाब रहता है इसी के चलते इन महानगरों में ट्रेन को संचालित किये जाने की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## बेमौसम बारिश से फसल को नुकसान

**मझौली, देशबन्धु।** ग्रामीण अंचल में शनिवार को उस दौरान किसानों की परेशानी बढ़ गई, जब अचानक मौसम बिगड़ गया। तेज हवाओं के साथ बूंदा-बांदी शुरू हो गई। इससे गेंहू और चने की फसल को नुकसान पहुंचा है। दोनो फसल कटने को तैयार थी। मौसम विभाग ने पहले ही बारिश की संभावना जताई थी।

## बुढ़ार में दो घरों मे चोरी

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल के पपौंध और बुढार थाना क्षेत्र में चोरों ने दो अलग-अलग घरों को निशाना बनाया। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।


FOR PRIVATE SCREENING CALL +91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888
CALL BOOKING 0761-4069888 4069889
समदड़िया सिनेमा

| KESARI CHAPTER-2 | GROUND ZERO | JAAT | UNTIL DAWN |
|---|---|---|---|
| 10:30AM | 10:00AM | 10:15AM | 10:15AM |
| 12:30PM | 01:00PM | 03:30PM | 08:00PM |
| 03:00PM | 03:00PM | 06:30PM | |
| 05:45PM | 05:30PM | NE ZHA-2 3D(HINDI) 12:15PM | ANDAZ APNA APNA Re-release 02:00PM |
| 08:15PM | 07:30PM | PHULE 05:00PM 10:00PM | |
| 09:30PM | 10:45PM | | |
| 10:45PM | | | |

देशबन्धु 68 वर्ष हर सुबह आपका दोस्त अखबार
देशबंधु अखबार जो निर्भीक निष्पक्ष और खोजी पत्रकारिता के सफलतम 68 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण देशबंधु टीम को हार्दिक-हार्दिक बधाइयां, उत्तरोत्तर प्रगति की कामना

राघवेंद्र वसूले
अध्यक्ष
एवं जिले के समस्त साथी सदस्य
उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ जिला छिंदवाड़ा

देशबन्धु 68 वर्ष
देशबंधु अखबार जो निर्भीक निष्पक्ष और खोजी पत्रकारिता के सफलतम 68 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण देशबंधु टीम को
हार्दिक-हार्दिक बधाइयां, उत्तरोत्तर प्रगति की कामना

विनोद डेहरिया
जिला अध्यक्ष
एन.एम.ओ.पी.एस.
पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन, जिला छिंदवाड़ा
एवं जिला अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ
मेहरा डेहरिया समाज
जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.)

म.प्र. शासन की महत्वाकांक्षी योजना
मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत
दिनांक 27.04.2025 दिन रविवार को कन्हान व्हेली स्कूल ग्राउण्ड, ग्राम पंचायत खापास्वामी, जनपद पंचायत जुन्नारदेव, जिला छिन्दवाड़ा में आयोजित सामूहिक विवाह में पधार रहें अतिथिगण/जनप्रतिनिधगण/नगरीय, ग्रामीण जनों का
हार्दिक वंदन..अभिनंदन... स्वागत है
श्रीमती सबिता बोसम अध्यक्ष- जनपद पंचायत जुन्नारदेव
रमेश सालोड़े अध्यक्ष- नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव
श्रीमती किरण खातरकर अध्यक्ष- नगर पालिका परिषद दमुआ
गोवर्धन यदुवंशी उपाध्यक्ष- जनपद पंचायत जुन्नारदेव
श्रीमती सोनिया कुम्हरे उपाध्यक्ष- नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव
बबुआ कश्यप उपाध्यक्ष- नगर पालिका परिषद दमुआ

NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 116 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 130 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 136 |


मो.- 9039925999

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 140 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 134 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 120 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 120 |

मो.-9039925000, 9425800409

देशबन्धु 68 वर्ष हर सुबह आपका दोस्त अखबार
देशबन्धु संस्करण को 68 वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं
The café Hot spot
All Party Spot Shop Food More

Zohaan Khan

We Organize:
Birthday Party,
Kitty Party,
DJ Night,
Candle Light Dinner,
Special Decoration,
Mocktail Party,
Surprise Party,
All Office Party
Hall Available
Party Get Together
Anand Nagar Bus Stop In Front of Qureshi Marble, Dhani Kutiya Ke Pahle, Adhartal, Jabalpur
Mob.: 8839418106, 7024003330, 7024297979

देशबन्धु पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के 68 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक शुभकामनाएं
SHRI RAM GROUP JABALPUR
ESTD 2001
24 years of excellence
ENGINEERING | PHARMACY | MANAGEMENT | COMPUTER APPLICATION | LAW | COMMERCE | ARTS | SCIENCE
www.sritgroup.net
NBA
Our Placements Speak Our Glory
91 SELECTIONS
IN CORE COMPANY
MEGHA ENGINEERING & INFRASTRUCTURE PVT.LTD.
meil
FROM ELECTRICAL, MECHANICAL & CIVIL BRANCHES
350+ Companies Visited
2500+ Certified Internship
1500+ Campus Selections
NO. 1 IN MAHAKAUSHAL
Ranked By
2024 2024 2024 2024 2024
ADMISSIONS OPEN
For All Courses

Near ITI, Madhotal, Jabalpur (M.P.)
Helpline : +91-9755042292, +91-9755042293
Web : www.sritgroup.net | Email : info@sritgroup.net
Follow us on :